खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 38°C
न्यूनतम : 23°C

देहरादून, बुधवार 20 मई 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 282 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 2 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी से आम जनजीवन प्रभावित पेज 2




बुमराह को आराम, राहुल बने उपकप्तान व प्रिंस यादव वनडे टीम में शामिल खेल टाइम्स



भुवन चंद्र खंडूड़ी का निधन: उत्तराखंड की सियासत के एक युग का अंत सम्पादकीय



अमेरिकी साजिश थी इमरान खान का तख्तापलट पेज 12

# अमेरिका ने अपाचे हेलीकॉप्टर व M777 तोपों की डील को दी मंजूरी

वाशिंगटन, वार्ता

**भारत और अमेरिका** के बीच रक्षा सहयोग लगातार मजबूत होता जा रहा है। इसी कड़ी में अमेरिका ने भारत को अपाचे हेलीकॉप्टर और एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर तोपों के लिए सपोर्ट सर्विस और संबंधित उपकरणों की संभावित बिक्री को मंजूरी दे दी है।



**भारतीय सैन्य ताकत होगी और मजबूत**

अमेरिकी विदेश विभाग ने इस फैसले की आधिकारिक जानकारी दी। अमेरिका के अनुसार, अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए सपोर्ट सर्विस डील की अनुमानित कीमत करीब 198.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। वहीं एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर के लिए लॉन्ग-टर्म सपोर्ट डील लगभग 230 मिलियन अमेरिकी डॉलर की हो सकती है। अपाचे हेलीकॉप्टर सपोर्ट डील के लिए प्रमुख कंपनियां बोइंग कंपनी और लॉकहीड मार्टिन होंगी। वहीं एम777 हॉवित्जर सपोर्ट प्रोग्राम के लिए ब्रिटेन की रक्षा कंपनी बीएई सिस्टम्स को मुख्य ठेकेदार बनाया गया है। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक भारत ने एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए इंजीनियरिंग, टेक्निकल और लॉजिस्टिक सपोर्ट सेवाओं की मांग की थी। इसके अलावा तकनीकी डेटा, पब्लिकेशन, सैनिकों की ट्रेनिंग और अन्य प्रोग्राम सपोर्ट भी इस डील का हिस्सा होंगे। वहीं एम777ए2 हॉवित्जर के लिए स्पेयर पार्ट्स, रिपेयर, ट्रेनिंग, टेक्निकल सहायता, फील्ड सर्विस प्रतिनिधि और लॉजिस्टिक सपोर्ट जैसी सुविधाएं शामिल रहेंगी। यह संभावित रक्षा सौदा अमेरिका के फारेन मिलिट्री सेल (एफएमएस) चैनल के तहत किया जाएगा। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि यह समझौता भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा। अमेरिका का मानना है कि इस डील से भारत की वर्तमान और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने की क्षमता बढ़ेगी।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन सितम्बर में आएंगे भारत

**ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे, 10 महीने में दूसरा दौरा, मोदी भी इस साल रूस जाएंगे**

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इसी साल सितम्बर में भारत आएंगे। रूसी सरकार ने मंगलवार को कहा कि पुतिन 12 और 13 सितम्बर को नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी ने पुतिन को दिसम्बर 2025 में उनके भारत दौरे के दौरान आधिकारिक तौर पर समिट में शामिल होने का न्योता दिया था।

एक साल के भीतर पुतिन का यह दूसरा भारत दौरा होगा। पीएम मोदी भी इसी साल रूस दौरे पर जाएंगे। इससे पहले पुतिन दिसम्बर 2025 में भारत आए थे। उस दौरान उन्होंने पीएम मोदी के साथ 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया था।

# रेबीज और बीमार कुत्तों को मारने की सुप्रीम अनुमति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के पुनर्वास और नसबंदी से जुड़े 7 नवम्बर 2025 के अपने आदेश में बदलाव और उसे वापस लेने की मांग वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (एडब्ल्यूबीआई) द्वारा आवारा जानवरों को लेकर जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाएं भी खारिज कर दीं।

जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई की। अदालत ने शैक्षणिक संस्थानों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों, खेल परिसरों, अस्पतालों आदि जगहों से आवारा कुत्तों को हटाने के अपने पूर्व के निर्देशों को बदलने से इन्कार कर दिया और कुत्तों को नसबंदी के बाद वापस पुरानी जगहों पर छोड़ने का निर्देश देने से इन्कार कर दिया। डॉग लवर्स ने अपनी याचिका में तर्क दिया था कि आवारा कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों से हटाने का आदेश बहुत कठोर है और इससे कुत्तों के अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इन दलीलों को खारिज करते हुए जनहित और सार्वजनिक सुरक्षा को प्राथमिकता दी। सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आवारा कुत्तों की बढ़ती आबादी से निपटने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की ओर से लंबे समय तक ठोस प्रयास नहीं किए गए।



**7 नवम्बर 2025 के अपने आदेश में बदलाव और उसे वापस लेने की मांग वाली सभी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज**


अदालत ने टिप्पणी की कि एनिमल बर्थ कंट्रोल व्यवस्था ठीक से लागू नहीं की गई है और इसके लिए फंडिंग भी अपर्याप्त और असमान है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गरिमा के साथ जीवन जीने के अधिकार में यह भी शामिल है कि लोग कुत्तों के हमलों और खतरे के डर के बिना स्वतंत्र रूप से जीवन जी सकें। सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम आदेश देते हुए रेबीज और गंभीर रूप से बीमार कुत्तों को, जो इंसानी जीवन के लिए खतरनाक हैं, उन्हें मारने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि वह जमीनी हकीकत से आंखें नहीं मूंद सकती, जहां बच्चे, यात्री और बुजुर्ग लगातार डॉग बाइट की घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए मिल-जुलकर प्रयास करते हुए जरूरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करें। अदालत ने कहा कि पशु जन्म नियंत्रण नियमों और अन्य लागू वैधानिक प्रोटोकॉल के अनुसार लाइलाज बीमारी से ग्रस्त, रेबीज से संक्रमित और किसी भी तरह से मानव जीवन के लिए खतरनाक कुत्तों को मारने के उपाय अधिकारी कर सकते हैं। पीठ ने ये भी कहा कि अब आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोगों यानी डॉग फीडर्स और डॉग लवर्स की जिम्मेदारी भी तय होगी। अगर कोई कुत्ता किसी व्यक्ति को काटता है, तो ऐसे मामलों में जिम्मेदारी सिर्फ प्रशासन की ही नहीं बल्कि उन लोगों की भी मानी जाएगी जो कुत्तों की देखभाल या फीडिंग में शामिल हैं।

# पांच दिन में दूसरी बार पेट्रोल-डीजल हुआ महंगा

## पेट्रोल 87 पैसे व डीजल के दामों में 91 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार से पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया। तेल विपणन कंपनियों ने पांच दिन में दूसरी बार दोनों ईंधनों के दाम बढ़ाए हैं।




इससे पहले, 15 मई को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में तीन-तीन रुपये की वृद्धि की गई थी। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली में मंगलवार से पेट्रोल की कीमत 87 पैसे बढ़कर 98.64 रुपये प्रति लीटर हो गई है। डीजल भी 91 पैसे महंगा हुआ। अब एक लीटर डीजल 91.58 रुपये का मिलेगा। देश की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल की कीमत 91 पैसे और डीजल की 94 पैसे बढ़ी है। वहां अब पेट्रोल 107.59 रुपये का और डीजल 94.08 रुपये का हो गया है। चेन्नई में पेट्रोल 82 पैसे और डीजल 96 पैसे महंगा हुआ है। मंगलवार से एक लीटर पेट्रोल 104.49 रुपये का और एक लीटर डीजल 96.11 रुपये का मिलेगा। कोलकाता में अब पेट्रोल की कीमत 109.70 रुपये और डीजल की 96.07 रुपये पर पहुंच गई है। इनके दाम क्रमश: 96 पैसे और 94 पैसे बढ़े हैं। इंडियन ऑयल ने अपने प्रीमियम पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी इतनी ही वृद्धि की है। दिल्ली में ब्रांडेड पेट्रोल एक्सपी-95 की कीमत 87 पैसे बढ़कर 105.76 रुपये और ब्रांडेड डीजल एक्सजी की कीमत 91 पैसे बढ़कर 96.90 रुपये प्रति लीटर हो गई है। दूसरे शहरों में भी कीमतों में लगभग इसी तरह की बढ़ोतरी की गई है, हालांकि वैट और लॉजिस्टिक्स लागत में अंतर के कारण कीमत वृद्धि में कुछ अंतर होता है। पेट्रोल-डीजल के दाम 30 अक्टूबर 2024 के बाद पहली बार पिछले सप्ताह बढ़ाए गए थे। पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल का उत्पादन और आपूर्ति प्रभावित होने से तेल विपणन कंपनियों पर दबाव है। हालांकि उन्होंने मार्च और अप्रैल में कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की थी। केंद्र सरकार ने मार्च में पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती करके तेल विपणन कंपनियों को राहत दी थी। भारतीय बास्केट में अप्रैल में कच्चे तेल की औसत कीमत 114.48 डॉलर प्रति बैरल रही थी जो मई में घटकर 18 मई तक औसतन 107.3 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई है।

**पेट्रोल 98.64 व डीजल 91.58 रुपये में एक लीटर मिलेगा**

# देश में बड़ा आर्थिक संकट आने वाला है: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देश की आर्थिक स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि देश एक बड़े आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है और इसका सबसे ज्यादा असर आम जनता पर पड़ेगा।

उत्तर प्रदेश दौरे के दौरान राहुल गांधी ने मंगलवार को केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश का आर्थिक ढांचा पूरी तरह बदल दिया गया है, जिसके कारण एक बड़ा आर्थिक तूफान आने वाला है। उन्होंने कहा कि मैं पिछले कुछ दिनों से लगातार कह रहा हूं कि मोदी जी ने देश का आर्थिक ढांचा बदल दिया है। एक बड़ा आर्थिक संकट आने वाला है। दुर्भाग्य से इसका खामियाजा आम आदमी को भुगतना पड़ेगा। इस आर्थिक झटके का असर सिर्फ अडानी, अंबानी और मोदी पर नहीं पड़ेगा, बल्कि देश के आम लोगों पर इसका गहरा प्रभाव पड़ेगा।

**कहा : आम आदमी पर पड़ेगा असर**

## मानसून अगले हफ्ते केरलम पहुंचेगा, रफ्तार कम रहेगी

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून ने भारत की ओर बढ़ना शुरू कर दिया है। फिलहाल यह अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के दक्षिणी सिरे से लेकर उत्तरी सिरे तक छा चुका है। मौसम विभाग ने तय तारीख एक जून से पहले 22 से 26 मई के बीच मानसून के केरलम पहुंचने की संभावना जताई है। इस बार मानसून की रफ्तार धीमी रहने की आशंका ज्यादा है। इसलिए लगातार बारिश के बजाय मानसून बार-बार अटकेगा। एक ही जगह ठहरा रहेगा। इसमें बिना बारिश के दिनों की संख्या (मानसून ब्रेक) ज्यादा रह सकती है।

# उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री खंडूड़ी का निधन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी का मंगलवार को निधन हो गया। वे काफी समय से अस्वस्थ होने के कारण देहरादून के मैक्स अस्पताल में भर्ती थे।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री ने निधन पर शोक व्यक्त किया है। देहरादून स्थित मैक्स सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में उनका पिछले तकरीबन एक माह से इलाज चल रहा था। बताया जा रहा है कि खंडूड़ी हृदय संबंधी दिक्कतों से जूझ रहे थे। 91 साल की उम्र में उनका निधन हुआ। वे भारतीय सेना से मेजर जनरल के पद से रिटायर्ड हुए थे और उत्तराखंड के चौथे मुख्यमंत्री के तौर पर राज्य की सेवा की। वे उत्तराखंड के दो बार मुख्यमंत्री बने। इससे -शेष पृष्ठ दो पर



**काफी समय से मैक्स अस्पताल में चल रहा था इलाज, सीएम धामी ने जताया दुख**

## राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति ने भी खंडूड़ी के निधन पर जताया शोक

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ राजनेता मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (से.नि.) के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि उनके निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय सेना में उत्कृष्ट सेवा देने के बाद उन्होंने जनसेवा के लिए ईमानदारी, सादगी, पारदर्शिता और विकास की राजनीति का उदाहरण पेश किया। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्ण ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री खंडूड़ी के निधन पर शोक व्यक्त किया। पीएम नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने उनके निधन पर शोक जताया है। इसके साथ ही उत्तराखंड कांग्रेस के दिग्गज नेता हरीश रावत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भी भुवन चंद्र खंडूड़ी के निधन को प्रदेश के लिए बड़ी क्षति बताया है।

# चंद्रयान-3 के हॉप प्रयोग ने चंद्रमा के छिपे रहस्यों को किया उजागर

**चेन्नई।** भारत के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर द्वारा किए गए 'हॉप' प्रयोग ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव से जुड़े कई छिपे रहस्यों का खुलासा किया है।

वैज्ञानिकों ने इस प्रयोग के जरिये चंद्र सतह की रेगोलिथ विषमता (रेगोलिथ हेटेरोजेनिटी) का पता लगाया है, जो भविष्य के चंद्र अभियानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इन निष्कर्षों से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में सतही अभियानों को लेकर नई जानकारी मिली है। वैज्ञानिकों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर सतह की विविधता को समझना भविष्य में चंद्रमा पर वैज्ञानिक आधार और आवास निर्माण की योजनाओं के लिए आवश्यक है। यह अध्ययन इस प्रकार का पहला अनूठा उदाहरण है। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतरा था। करीब 10 पृथ्वी दिवस तक चंद्र सतह, निकट-सतही प्लाज्मा और भू-कंपनों से जुड़े प्रयोग करने के बाद, दो सितम्बर 2023 को लैंडर ने बचा हुआ ईंधन इस्तेमाल कर 'हॉप' प्रयोग किया था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने मंगलवार को कहा कि यह 'हॉप' भविष्य में चंद्रमा से नमूने पृथ्वी पर लाने वाले अभियानों के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीकी क्षमता साबित हुआ है। इसरो ने कहा कि जिसे सामान्य तौर पर 'चंद्र मिट्टी' कहा जाता है, उसका सही वैज्ञानिक नाम 'लूनर रेगोलिथ' है। यह दरअसल चट्टानों के टूटे हुए अत्यंत महीन, नुकीले और कांच जैसे कणों से बना होता है, जो बेहद खुरदरे होते हैं और स्थैतिक विद्युत की तरह हर चीज से चिपक जाते हैं।



**वैज्ञानिकों ने प्रयोग के जरिये चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर रेगोलिथ हेटेरोजेनिटी का पता लगाया**

## TMC उम्मीदवार जहांगीर खान पुनर्मतदान से पहले दौड़ से हटे

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को फाल्टा विधानसभा पुनर्मतदान से ठीक दो दिन पहले बड़ा झटका लगा जब पार्टी उम्मीदवार जहांगीर खान ने मंगलवार को चुनाव मैदान से हटने की घोषणा कर दी। उन्होंने अपने फैसले के पीछे क्षेत्र में शांति और विकास को कारण बताते हुए पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा की। यह नाटकीय घोषणा पुनर्मतदान के लिए प्रचार समाप्त होने से कुछ घंटे पहले हुई, जिससे राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। फाल्टा विधानसभा क्षेत्र अभिषेक बनर्जी के लोकसभा क्षेत्र डायमंड हार्बर के अंतर्गत आता है।

## संक्षिप्त समाचार

### केजरीवाल समेत 'आप' नेताओं को अवमानना का नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने आपराधिक अवमानना (क्रिमिनल कान्टेम्प्ट) के एक स्वत: संज्ञान मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह सहित अन्य आप नेताओं को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा द्वारा शुरू किए गए इस मामले में आरोप है कि शराब नीति मामले में न्यायमूर्ति शर्मा की अदालत से रिक्यूजल याचिका खारिज होने के बाद 20 अप्रैल को आप नेताओं ने अदालत का बहिष्कार किया और सोशल मीडिया पोस्ट, वीडियो तथा पत्रों के माध्यम से उनके खिलाफ अपमानजनक और मानहानिकारक टिप्पणियां कीं। पीठ ने सभी आरोपियों का जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है।

### उमर खालिद की जमानत याचिका नामंजूर

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को जेएनयू के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद की अंतरिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। यह याचिका साल 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों की साजिश से जुड़े मामले में दायर की गई थी, जिसमें उन पर गैर-कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोप दर्ज हैं। उमर खालिद ने अपने दिवंगत चाचा की शोक सभा (चेहलुम) में शामिल होने और अपनी मां की देखभाल के लिए 15 दिनों के लिए जमानत मांगी थी, लेकिन कड़कड़डूमा अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर वाजपेयी ने उमर खालिद की 15 दिनों की अंतरिम जमानत की मांग को नामंजूर कर दिया।

### स्मार्ट पावर का दमदार सबूत था ऑपरेशन सिंदूर: उपेंद्र

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित सिक्योरिटी टू प्रास्पेरिटी: स्मार्ट पावर फॉर सस्टेन्ड नेशनल ग्रोथ विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार में भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भारत की सैन्य और रणनीतिक क्षमता को लेकर बड़ा बयान दिया। सेमिनार के दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए इसे भारत की स्मार्ट पावर का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। आर्मी चीफ ने कहा कि पिछले एक वर्ष में भारत ने स्मार्ट पावर के सवाल का आंशिक उत्तर प्रस्तुत किया था, लेकिन 6 और 7 मई 2025 की रात भारत ने इसे पूरी तरह परिभाषित कर दिया।

### मंदिरों के पास पड़े सोने के मौद्रीकरण की रिपोर्ट खारिज

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंदिरों के पास मौजूद सोने के भंडार के मौद्रीकरण की रिपोर्टों को खारिज करते हुए मंगलवार को स्पष्ट किया कि उसकी ऐसी कोई योजना नहीं है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक स्पष्टीकरण जारी किया, जिसमें कहा गया है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट और सोशल मीडिया पोस्ट में यह दावा किया जा रहा है कि सरकार मंदिरों के स्वर्ण भंडार के बदले में मंदिरों को गोल्ड बांड जारी करने की योजना बना रही है।

# 5815.80 लाख की जिला योजना को मंजूरी रुद्रप्रयाग के विकास को मिलेगी नई रफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जनपद रुद्रप्रयाग की जिला योजना को अंतिम रूप देते हुए ₹5815.80 लाख के बजट परिव्यय को स्वीकृति प्रदान की गई है। मंगलवार को प्रभारी मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में जिला योजना संरचना, परिव्यय निर्धारण एवं विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत ने विभिन्न विभागों की प्रस्तावित योजनाओं एवं बजट का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया। बताया गया कि जिला योजना का निर्माण जनप्रतिनिधियों, जनता दरबार, बहुउद्देशीय शिविरों तथा आमजन से प्राप्त सुझावों के आधार पर किया गया है। इस वर्ष की योजना में पारंपरिक निर्माण कार्यों के साथ-साथ आजीविका संवर्धन, स्वरोजगार और आमजन को त्वरित लाभ पहुंचाने वाली लघु एवं प्रभावी योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। कृषि, उद्यान, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन और सहकारिता क्षेत्रों में बजट बढ़ाकर स्थानीय रोजगार सृजन एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत ग्राम पंचायतों में फसलों की सुरक्षा के लिए कृषि घेरबाड़, महिला स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण, बकरी पालन, कुक्कुट पालन यूनिट सहायता तथा भेषज विकास योजनाओं को शामिल किया गया है। इसके अलावा नई पेयजल योजनाओं तथा पुरानी योजनाओं के रखरखाव एवं जीर्णोद्धार के लिए भी बजट प्रावधान किया गया है।

केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल के प्रस्तावों के अनुरूप देवरिया ताल, मदमहेश्वर, चोपता-तुंगनाथ और कार्तिक स्वामी जैसे धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के पैदल मार्गों के सुधारीकरण, पार्किंग निर्माण तथा सार्वजनिक शौचालय निर्माण की योजनाओं को भी जिला योजना में शामिल किया गया है। साथ ही गांवों को जोड़ने वाली संपर्क सड़कों के निर्माण पर भी जोर दिया गया है।



■ आजीविका, पर्यटन, सड़क, पेयजल और ग्रामीण विकास योजनाओं पर रहेगा विशेष फोकस

# राष्ट्र प्रथम के विचार को भी जन जन तक पहुंचाना ही भाजपा का विचार : चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**चकराता।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि मीडिया विचार अथवा जानकारी को जन-जन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है। सही समय पर सही सूचना को व्यवस्थित रूप से पहुँचाना मीडिया प्रबंधन है।

चकराता में देहरादून ग्रामीण जिले का प्रशिक्षण महाभियान में मीडिया प्रबंधन विषय पर संबोधन मे चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित एक विचार परिवार है, और मीडिया उस विचार को जन-जन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है। हम ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए हैं, जो वर्तमान समय में संगठन की शक्ति, जनसंपर्क और जनविश्वास का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि विचार जब शब्द बनते हैं, शब्द जब संवाद बनते हैं और संवाद जब जन-जन तक पहुँचता है, तभी संगठन जन आंदोलन बनता है।

उन्होंने कहा कि आज का युग तलवार का नहीं, विचार और सूचना की शक्ति का युग है। जो समाज तक सही बात समय पर पहुँचाता है, वही जनविश्वास अर्जित करता है। आज का समय सूचना क्रांति का समय है। पहले समाचार अगले दिन अखबारों में आते थे, आज कुछ सेकंड में पूरे देश और दुनिया तक पहुँच जाते हैं। मोबाइल फोन ने हर व्यक्ति को मीडिया का माध्यम बना दिया है। इसलिए आज प्रत्येक कार्यकर्ता केवल कार्यकर्ता नहीं, बल्कि संगठन का संवाद दूत भी है।



■ सही जानकारी सही समय पर व्यवस्थित रूप से आम जन तक पहुंचाना जरूरी ही मीडिया प्रबन्धन

उन्होंने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हम ऐसे संगठन से जुड़े हैं जिसकी विचारधारा राष्ट्रहित, सेवा और अंत्योदय पर आधारित है। प. दीनदयाल उपाध्याय जी ने "एकात्म मानववाद" और "अंत्योदय" का जो विचार दिया, उसका मूल उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और संवेदना पहुँचाना था। आज मीडिया प्रबंधन का उद्देश्य भी यही होना चाहिए कि सरकार और संगठन की जनकल्याणकारी योजनाएँ सही रूप में अंतिम व्यक्ति तक पहुँचें। मीडिया प्रबंधन का अर्थ केवल समाचार प्रकाशित करवाना नहीं है। मीडिया प्रबंधन का अर्थ सही समय पर सही सूचना देना, सकारात्मक संवाद स्थापित करना,संगठन की विचारधारा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना है।

# बसुकेदार तहसील दिवस में उठीं ग्रामीणों की समस्याएं

■ 25 शिकायतें दर्ज, 11 का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित तहसील दिवस कार्यक्रम ग्रामीणों के लिए प्रभावी मंच साबित हो रहे हैं। इसी क्रम में बसुकेदार में आयोजित तहसील दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित 25 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की गई। शेष मामलों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा गया।

अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न मूलभूत समस्याओं को प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से रखा। ग्राम नैणी पौंडार की प्रधान नीतू देवी ने गांव में खुली विद्युत लाइनों से बने खतरे की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। वहीं अरखुंड के ग्रामीणों ने वर्ष 2007-08 में निर्मित राजकीय प्राथमिक विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति की शिकायत दर्ज कराई।

डालसिंगी क्षेत्र के ग्रामीणों ने डालसिंगी-झिरोका-सेमचारी मोटर मार्ग निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की। कौशलपुर निवासी मुन्नी देवी ने बसुकेदार-डालसिंगी मोटर मार्ग निर्माण के चलते हो रहे भू-धंसाव से अपने आवासीय भवन को खतरा होने की समस्या उठाई।

इसके अलावा डुंगरा गांव के विक्रम लाल ने बस्ती मार्ग के क्षतिग्रस्त होने की शिकायत दर्ज कराई, जबकि डालसिंगी निवासी भगवती प्रसाद भट्ट ने बसुकेदार चिकित्सालय में लंबे समय से चिकित्साधिकारी की तैनाती न होने का मामला उठाया। अरखुंड के ग्रामीणों ने गांव में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण की मांग भी प्रशासन के समक्ष रखी।

दानकोट निवासी पुष्कर दत्त ने पशुपालन के लिए पशुबाड़ा स्वीकृत करने का अनुरोध किया, वहीं कौशलपुर गांव के जसपाल सिंह ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत लगभग 30 परिवारों को नियमित पेयजल आपूर्ति न होने की समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया। अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि ग्रामीणों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। तहसील दिवस में उप जिलाधिकारी भगत सिंह फोनिया, खंड विकास अधिकारी विजय सिंह नेगी, नायब तहसीलदार राजपाल रावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



## सभी भवनों की हो शत-प्रतिशत गणना

**नई टिहरी।** अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने जनपद में चल रहे जनगरणा कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की। उन्होंने बताया कि 24 मई तक पोर्टल पर जानकारी अपलोड की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जल्द फील्ड बैक पूरा कर लिया जाए जिसके बाद आपरेटर प्रत्येक डाटा की गहन जांच करें। साथ ही इन्यूतकरेटर को निर्देश दिए कि फील्ड वर्क के दौरान विशेष कर सभी होटल एवं रिजार्ट में भवन गणना करते समय छोटी वीडियो बनाई जाए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उत्तराखंड के...** पहले वे केंद्रीय मंत्री भी रह चुके थे। भारतीय सेना से रिटायरमेंट के बाद उनका 30 साल का राजनीतिक करियर रहा है। उनके निधन से प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई। उनके पुत्र भाजपा नेता मनीष खंडूड़ी ने पिता के निधन की जानकारी सोशल मीडिया के जरिये साझा की। वहीं, उनके निधन पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (सेवानिवृत्त) के निधन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। खंडूड़ी ने भारतीय सेना में रहते हुए राष्ट्र सेवा, अनुशासन और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सैन्य जीवन से लेकर सार्वजनिक जीवन तक उनका व्यक्तित्व राष्ट्रहित और जनसेवा के प्रति समर्पित रहा। राजनीतिक जीवन में उन्होंने उत्तराखंड के विकास, सुशासन, पारदर्शिता और ईमानदार कार्यशैली की मजबूत पहचान बनाई। एक जननेता के रूप में उन्होंने प्रदेश के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए और अपनी सादगी, स्पष्टवादिता एवं कार्यकुशलता से लोगों के हृदय में विशेष स्थान बनाया। उनका निधन उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। वहीं, उनके निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को देहरादून के बसंत विहार उनके निवास स्थान पर लाया गया।


## सूचना

मेरे द्वारा मौजा बिशनगढ़, परगना परवादून, तहसील ऋषिकेश व जिला-देहरादून के खाता खतौनी संख्या-00004 (फसली वर्ष 1429 से 1434) के खसरा नं0 68क मि0 में स्थित भूमि जिसका विक्रीत रकबा 139.86 वर्ग मीटर वानि 167.22 वर्ग गज भूमि विक्रय पत्र दिनांक 12-04-2021 के माध्यम से श्री अनुज कुमार शर्मा पुत्र स्व0 बाबूलाल निवासी बड़कोटमाफी, पो0ओ0 डाण्डी, तहसील-ऋषिकेश, जिला-देहरादून से क्रय की गयी थी, जो विक्रय पत्र सब रजिस्ट्रार कार्यालय ऋषिकेश में बही नं0 1, जिल्द नं0 6173, के पृष्ठ 207 से 232 पर क्रमांक नं0 3985 पर दिनांक 12-04-2021 को पंजीकृत है तथा मेरे द्वारा उक्त भूमि के साथ अन्य भूमि रकबा 33.96 वर्ग मीटर भूमि विक्रय पत्र दिनांक 03-11-2022 के माध्यम से श्री अनुज कुमार शर्मा पुत्र स्व0 बाबूलाल निवासी- बड़कोटमाफी, पो0ओ0 डाण्डी, तहसील-ऋषिकेश, जिला- देहरादून से क्रय की गयी थी, जो विक्रय पत्र सब रजिस्ट्रार कार्यालय ऋषिकेश में बही नं0 1, जिल्द नं0 7417, के पृष्ठ 27 से 52 पर क्रमांक नं0 12060 पर दिनांक 03-11-2022 को पंजीकृत है। श्री अनुज कुमार शर्मा पुत्र स्व0 बाबूलाल द्वारा उक्त भूमि विक्रय पत्र दिनांक 30-12-2020 के माध्यम से श्रीमती कुसुमलता पत्नी श्री दिनेश प्रसाद निवासी ग्राम रैनापुरग्रान्ट, परगना परवादून, तहसील ऋषिकेश व जिला- देहरादून से कय की गयी थी जो विक्रय पत्र सब रजिस्ट्रार कार्यालय ऋषिकेश में बही नं0 1, जिल्द नं0 5927, के पृष्ठ 111 से 136 पर क्रमांक नं0 8189 पर दिनांक 30-12-2020 को पंजीकृत है। श्रीमती कुसुमलता पत्नी श्री दिनेश प्रसाद द्वारा उक्त भूमि विक्रय पत्र दिनांक 25-02-2015 के माध्यम से श्रीमती वंशी देवी उर्फ बसन्ती देवी पत्नी श्री मुसद्दीलाल निवासी उदखण्डा, जिला-टिहरी गढ़वाल से क्रय की गयी थी, जो विक्रय पत्र सब रजिस्ट्रार कार्यालय ऋषिकेश में बही नं0 1, जिल्द नं0 3120, के पृष्ठ 271 से 290 पर क्रमांक नं0 1350 पर दिनांक 25-02-2015 को पंजीकृत है। श्रीमती वंशी देवी उर्फ बसन्ती देवी पत्नी श्री मुसद्दीलाल द्वारा उक्त भूमि विक्रय पत्र दिनांक 23-08-2013 के माध्यम से श्रीमती बीमा रावत पत्नी श्री युद्धवीर सिंह निवासी बढ़ोगल, ऋषिकेश, जिला- देहरादून से क्रय की गयी थी, जो विक्रय पत्र सब रजिस्ट्रार कार्यालय ऋषिकेश में बही नं0 1, जिल्द नं0 2416, के पृष्ठ 315 से 330 पर कमांक नं0 6838 पर दिनांक 23-08-2013 को पंजीकृत है। पूर्व विक्रय पत्र विलेख दिनांक 25-02-2015 जिसका दस्तावेज नं0 1350 व विक्रय पत्र विलेख दिनांक 23-08-2013 जिसका दस्तावेज नं0 6838 है शपथकर्तनी से रानीपोखरी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कहीं खो गये है जोकि बहुत खोजबीन के बाद भी नहीं मिल रहा है। उक्त पूर्व विक्रय पत्र विलेख का कोई दुरूपयोग नहीं किया है और न ही उक्त मूल विक्रय पत्र विलेख दिनांक 25-02-2015 जिसका दस्तावेज नं0 1350 व विक्रय पत्र विलेख दिनांक 23-08-2013 जिसका दस्तावेज नं0 6838 को कहीं गिरवी एंव बन्धक किया गया है।

**श्रीमती दीपिका पत्नी श्री सुमित बिष्ट पुत्री श्री रघुवीर सिंह**

निवासी: बसन्तपुर, गडूल, पो0ओ0 भोगपुर, तहसील ऋषिकेश, जिला-देहरादून।



## कार्यालय-नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती-ढालवाला

पत्रांक: 178 /भ0क0ना0/2026-27 दिनांक : 19/05/2026

**सार्वजनिक सूचना**

**म्युनिसिपलीटीज ऐक्ट 1916 की धारा 147(2) के अन्तर्गत भवनकर नामान्तरण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद,मुनिकीरेती-ढालवाला ,टिहरी गढवाल के अन्तर्गत निम्न व्यक्तियो द्वारा भवनकर अभिलेखो में नामान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्र0सं0 | आवेदन का दिनांक | संपत्ति सं0 | भवनकर अभिलेख में नाम व पता | भवनकर नामान्तरण होने वाले व्यक्ति का नाम व पता | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01/04/26 | 04/66/67 | श्रीमती सत्यवती देवी पत्नी स्व0 श्री सुरेन्द्र सिंह, निवासी- गली नं0 13, नजदीक नगीना फर्नीचर हाउस, शीशमझाडी, मुनिकीरेती, जिला टिहरी गढवाल, | श्री संजय सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह निवासी- शीशमझाडी, मुनिकीरेती, जिला टिहरी गढवाल | शपथ पत्र, आधार कार्ड, अनापत्ति प्रमाण पत्र, बिजली का बिल |
| 2 | 01/04/26 | 1/229 | श्री धर्मानन्द डिमरी पुत्र स्व0 कलीराम निवासी- भजनगढ रोड, कैलास गेट मुनिकीरेती, तहसील नरेन्द्रनगर जिला टिहरी गढवाल, | श्री ब्रिजेश डिमरी पुत्र स्व0 धर्मानन्द डिमरी निवासी- भजनगढ रोड, कैलास गेट मुनिकीरेती तहसील नरेन्द्रनगर, जिला टिहरी गढवाल | शपथ पत्र, आधार कार्ड, पंजीकृत वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, बिजली का बिल। |
| 3 | 01/04/26 | 1/227 | श्री धर्मानन्द डिमरी पुत्र स्व0 कलीराम निवासी- भजनगढ रोड, कैलास गेट मुनिकीरेती, तहसील नरेन्द्रनगर जिला टिहरी गढवाल, | श्री ब्रिजेश डिमरी पुत्र स्व0 धर्मानन्द डिमरी निवासी- भजनगढ रोड, कैलास गेट मुनिकीरेती तहसील नरेन्द्रनगर, जिला टिहरी गढवाल | शपथ पत्र, आधार कार्ड, पंजीकृत वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, बिजली का बिल |
| 4 | 17/04/26 | 1/15(3) | श्री जगदीश प्रसाद भटट पुत्र स्व0 श्री दर्शन लाल भटट निवासी- निकट कण्डारी कॉम्पलैक्स, 14 बीघा मुनिकीरेती तहसील नरेन्द्रनगर जिला टिहरी गढवाल | 1. प्रथम भाग श्रीमती आशा मोहन काला पत्नी श्री मोहन प्रसाद काला<br>2. द्वितीय भाग श्री रिशांक काला पुत्र श्री मोहन प्रसाद काला<br>3. तृतीय भाग श्रीमती आशा मोहन काला पत्नी श्री मोहन प्रसाद काला निवासीगण- ओबराय स्काई हाइट्स सी0 एच0 सोसाइटी लि0 लोखण्डवाला बैंक रोड जोगर्स पार्क अँधेरी बेस्ट मुबंई आजाद नगर महाराष्ट्र | शपथपत्र, आधार कार्ड, पंजीकृत विक्रय अनुबंध पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र |
| 5 | 31/01/26 | 11/954 | श्री सुभाष चन्द्र भट्ट पुत्र श्री ब्रिजलाल भट्ट निवासी-ग्राम कोडाराना बडोगल, तहसील ऋषिकेश जिला देहरादून | श्रीमती शैला देवी पत्नी श्री शेखरानन्द निवासी- वार्ड नं0 11, निकट थलवाल भवन, ढालवाला, मुनिकीरेती, जिला टिहरी गढवाल | शपथपत्र, आधार कार्ड, विक्रय पत्र, बिजली/सीवर का बिल, अनापत्ति प्रमाण पत्र, |
| 6 | 24/03/26 | 1/16(20) फ्लैट नं0 04, टाईप-बी0 | श्री सतीश कुमार गुप्ता निवासी- विला नं0 156, एवेन्यू 05, स्पलेंडिड अपर्णा पाम, मीडोज, निकट धोला री धानी, कोमपल्ली, के0 पी0 रंगा रेड्डी, तेलांगना-500014 | श्री ललित कपूर पुत्र स्व0 जोगिन्दर नाथ कपूर निवासी-सोनी (गोदी), जिला टिहरी गढवाल हाल निवासी-114, कैलाश हिल्स, ईस्ट आफ कैलाश, नई दिल्ली-110065 | शपथ पत्र, आधार कार्ड, पंजीकृत विक्रय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, मेंटेनेंस बिल |
| 7 | 06/04/26 | 10/228 | श्रीमती मनोरमा उनियाल पत्नी श्री देवी प्रसाद उनियाल निवासी- ढालवाला, मुनिकीरेती, जिला टिहरी गढ़वाल | श्री संदीप उनियाल पुत्र श्री देवीप्रसाद उनियालनिवासी-ढालवाला, मुनिकीरेती, जिला टिहरी गढ़वाल | शपथ पत्र, आधार कार्ड, पंजीकृत दाननामा पत्र |
| 8 | 13/04/26 | 03/66 | श्री भरत सिंह बिष्ट पुत्र श्री कुन्दन सिंह निवासी- वार्ड नं0 03, शीशमझाड़ीमुनिकीरेती, जिला टिहरी गढवाल | श्री संदीप बिष्ट पुत्र स्व0 भरत सिंह बिष्ट निवासी- वार्ड नं0 03, शीशमझाड़ी मुनिकीरेती, जिला टिहरी गढवाल | शपथ पत्र, आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र,उत्तरजीवी प्रमाण पत्र |
| 9 | 8/04/26 | 5/85(16) | श्री व्यास गिरी पुत्र श्री शेर सिंह पंवार निवासी-फ्लैट सं0 डी-1, चतुर्थ तल परफेक्शन एवेन्यू, कैलाश गेट, मुनिकीरेती, | श्री हरिन्द्रनाथ मेपुराथू पुत्र श्री श्रीधरन परमेश्वरन पिल्लई निवासी- 405, गजानन्द मन्दिर अपार्टमेंट, तीसरा कॉस, वेंकट स्वामप्पा, लेआउट, विद्यारण्यपुरा, बंगलौर, कर्नाटक | शपथपत्र, आधार कार्ड, पंजीकृत विक्रय पत्र, बिजली का बिल, अनापत्ति प्रमाण पत्र, |
| 10 | 23/03/26 | 11/610 | श्री जितेन्द्र सिंह नगी पुत्र श्री कुन्दन सिंह निवासी- ग्राम, भिंगार्की, देवलधार, जिला टिहरी गढवाल। | श्री सुक्रम पुत्र श्री श्री चन्द निवासी- ग्राम बवाणी, बडल, शिवपुरी रेंज, जिला टिहारी गढवाल। | शपथपत्र, आधार कार्ड, विक्रय अनुबंध पत्र, बिजली का बिल, अनापत्ति प्रमाण पत्र। |
| 11 | 13/03/26 | 11/209 | श्री मान सिंह पुण्डीर पुत्र श्री दौलत सिंह पुण्डीर निवासी- वार्ड नं0 11, ढालवाला, मुनिकीरेती, जिला टिहरी गढवाल। | श्री दीपक सिह पुत्र श्री स्व0 श्री मान सिंह निवासी- वार्ड नं0 11, ढालवाला, मुनिकीरेती, जिला टिहरी गढवाल। | शपथ पत्र, आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण पत्र, अनापत्ति प्रमाण |
| 12 | 02/04/26 | 01/16(44) फ्लैट नं0 सी-6, | श्रीमती श्वेता खन्ना पत्नी स्व0 श्री काशीनाथ खन्ना निवासी- सी-6, गंगा वाटिका, कैलाश गेट शिवानंद नगर, मुनिकीरेती, टिहरी गढवाल | श्रीमती विद्यावती एवं श्री रामनारायण सहगल स्मारक कल्याणी ट्रस्ट द्वारा अध्यक्ष स्वामी उपेन्द्र पाराशर पुत्र श्री ध्रुव नारायण पाण्डेय निवासी- वार्ड नं0 02, नगरदेही, नगर्दाही, पश्चिमी चम्पारण, बिहार- 845306, हाल निवासी- ए/410, डिकॉन वैली, अपार्टमेन्ट, तपोवन जिला टिहरी गढवाल | शपथ पत्र, आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, पंजीकृत वसीयतनामा, मेंटेनेंस बिल, आधार कार्ड |
| 13 | 02/04/26 | 11/793 | श्री भगवान सिंह पोखरियाल पुत्र श्री जगनाथ सिह पोखरियाल निवासी- वार्ड नं0 11, बसंत विहार, नियर ऋषिकेश इंटरनेशनल स्कूल, ढालवाला तहसील नरेन्द्रनगर, जिला टिहरी गढवाल, | श्री आनंद सिंह पुत्र स्व0 श्री जगनाथ पोखरियाल निवासी-वार्ड नं0 11, बसंत विहार, नियर ऋषिकेश इंटरनेशनल स्कूल, ढालवाला तहसील नरेन्द्रनगर, जिला टिहरी गढवाल | शपथपत्र, आधार कार्ड, पंजीकृत दाननामा पत्र,, बिजली का बिल, |
| 14 | 02/04/26 | 1/18(47) फ्लैट नं0 डी-9 | श्रीमती श्वेता खन्ना पत्नी स्व0 श्री काशीनाथ खन्ना निवासी- सी-6, गंगा वाटिका, कैलाश गेट शिवानंद नगर, मुनिकीरेती, टिहरी गढवाल। | श्रीमती विद्यावती एवं श्री रामनारायण सहगल स्मारक कल्याणी ट्रस्ट द्वारा अध्यक्ष स्वामी उपेन्द्र पाराशर पुत्र श्री ध्रुव नारायण पाण्डेय निवासी- वार्ड नं0 02, नगरदेही, नगर्दाही, पश्चिमी चम्पारण, बिहार- 845306, हाल निवासी- ए/410, डिकॉन वैली, अपार्टमेन्ट, तपोवन जिला टिहरी गढवाल | शपथ पत्र, आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, पंजीकृत वसीयतनामा, मेंटेनेंस बिल, आधार कार्ड |
| 15 | 09/04/26 | 03/64 | श्रीमती जसमति देवी पत्नी श्री चन्दन सिंह पंवार निवासी-98 शीशमझाडी, मुनिकीरेती, जिला टिहरी गढवाल। | श्री नरेन्द्र सिंह पंवार पुत्र स्व0 श्री चन्द्र सिंह पंवार निवासी-98 शीशमझाडी, मुनिकीरेती, जिला टिहरी गढवाल। | शपथ पत्र, आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण पत्र, बिजली का बिल, |
| 16 | 06/04/26 | 4/290 | श्री मो0 सलीम पुत्र श्री मौहम्मद युसुफ निवासी- 328, दयानन्द मार्ग, शीशमझाडी, मुनिकीरेती, तहसील नरेन्द्रनगर जिला टिहरी गढवाल,। | श्रीमती अंतिमा देवी पत्नी श्री जितेन्द्र गुप्ता निवासी- 47, चन्द्रेश्वर नगर, ऋषिकेश, तहसील ऋषिकेश, जिला देहरादून। | शपथ पत्र, आधार कार्ड, पंजीकृत विक्रय पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, बिजली का बिल। |

अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त भवनकर नामान्तरण किये जाने में कोई आपत्ति हो,तो वह एक माह(30 दिन) के अन्दर लिखित रूप से सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्त होने पर भवनकर नामान्तरण कर दिया जायेगा,तथा समयावधि समाप्त होने के उपरान्त प्राप्त आपत्तियो पर कोई विचार नही किया जाएगा। भवनकर नामान्तरण स्वामित्व नामान्तरण नहीं है, अपितु यह मात्र भवनकर वसूली हेतु किया जाता है।

(अंकिता जोशी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
मुनिकीरेती-ढालवाला
टिहरी गढवाल

(नीलम बिजल्वाण)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
मुनिकीरेती-ढालवाला
टिहरी गढवाल

# खंडूड़ी के निधन से हर कोई दुखी, आम जनता के थे नायक

## सादगी, अनुशासन और व्यक्तिगत ईमानदारी माना जाता था पूर्व मुख्यमंत्री का सबसे बड़ा गुण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी के निधन से हर कोई दुखी है। खंडूड़ी उत्तराखंड की आम जनता के नायक थे।

पहाड़ी प्रदेश उत्तराखंड को सैन्य भूमि के नाम से जाना जाता है। जिसके नायक खंडूड़ी थे। उनकी साफ ईमानदार छवि उन्हें दूसरे नेताओं से अलग बनाती थी। साथ ही उनका अनुशासन भी उनकी छवि की एक पहचान थी. भुवन चंद्र खंडूड़ी एक खास लिबाज में आम नेता थे। जिन्होंने पहले सेना में सेवाएं दी. देश की सीमाओं की रक्षा की। उसके बाद राजनीति में कदम रखा. राजनीति में आने के बाद आम लोगों की समस्याओं को सुना। उनकी परेशानियों को दूर किया। आज की राजनीति में राजनीति खंडूड़ी जैसे नाम कम ही होते हैं। यहीं कारण है कि खंडूड़ी के जाने से हर कोई दुखी है।

खंडूड़ी का जाना केवल एक नेता का निधन नहीं माना जा रहा बल्कि उत्तराखंड की उस राजनीति के एक अध्याय का अंत माना जा रहा है। खंडूड़ी में सादगी अनुशासन और व्यक्तिगत ईमानदारी सबसे बड़ा गुण माना जाता था। आज उत्तराखंड में उनके निधन की खबर से पहाड़ के गांवों से लेकर मैदानों तक खामोशी छाई हुई है।



### सीएम धामी ने स्वर्गीय खंडूडी को अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को देहरादून स्थित बसंत विहार में पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी के आवास पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

छत्तीसगढ़ प्रवास से देहरादून पहुंचने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री धामी सीधे स्वर्गीय खंडूडी के निवास पहुंचे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें विनम्र नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय मेजर जनरल भुवन चंद्र खण्डूरी का जीवन अनुशासन, राष्ट्रसेवा, ईमानदारी और जनकल्याण के मूल्यों का प्रेरणादायी उदाहरण रहा है। भारतीय सेना में उत्कृष्ट सेवाएं देने

**कहा, उत्तराखंड ने खोया एक अनुशासित सैनिक, कुशल प्रशासक व जनप्रिय नेता**

के पश्चात उन्होंने राजनीति और सार्वजनिक जीवन में भी उच्च आदर्श स्थापित किए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के विकास, सुशासन और पारदर्शी प्रशासन को मजबूत आधार प्रदान करने में स्वर्गीय खण्डूरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने अपने कार्यकाल में जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्यहित में अनेक दूरदर्शी निर्णय लिए, जिनका लाभ आज भी प्रदेशवासियों को प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय खण्डूडी की पुत्री विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूऊ सहित अन्य परिजनों से भेंट कर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह क्षति केवल परिवार की नहीं, बल्कि पूरे उत्तराखंड और देश की अपूरणीय क्षति है।

मुख्यमंत्री धामी ने ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिवार एवं समर्थकों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### खंडूड़ी की प्रमुख उपलब्धियां और फैसले

- **भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्ती:** उन्होंने सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाने के लिए कई सख्त कदम उठाए।
- **सड़क और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास:** पहाड़ी क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया।
- **भूमि कानूनों में सख्ती:** राज्य की जमीन को बाहरी अतिक्रमण से बचाने के लिए कड़े नियम लागू किए।
- **सैनिक पृष्ठभूमि का प्रभाव:** पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए कई योजनाएं शुरू कीं।
- उनकी प्रशासनिक शैली में अनुशासन और जवाबदेही स्पष्ट रूप से दिखाई देती थी, जो उनके सैन्य जीवन का प्रभाव था।

### पूर्व सीएम खंडूड़ी का जीवन परिचय

1. बीसी खंडूड़ी पौड़ी गढ़वाल के मूल निवासी थे। 1 अक्टूबर 1933 को बीसी खंडूड़ी का जन्म हुआ।
2. बीसी खंडूड़ी दो बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे। पहली बार 2007 से 2009 तक और दूसरी बार 2011 से 2012 तक सीएम रहे।
3. वह पहली बार 8 मार्च 2007 से 27 जून 2009 तक उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रहे।
4. फिर 11 सितंबर 2011 को तत्कालीन मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक के इस्तीफे के बाद वे वापस उत्तराखंड के मुख्यमंत्री बने।
5. राजनीति में आने से पहले उन्होंने 1954 से लेकर 1990 तक भारतीय सेना में 36 साल नौकरी की थी।
6. 1971 भारत-पाकिस्तान युद्ध में वो रेजीमेंट कमांडर रह चुके हैं। 1982 में अतिविशिष्ट सेना मेडल से सम्मानित किया गया था।
7. खंडूड़ी की पढ़ाई-लिखाई इलाहाबाद विश्वविद्यालय, सैन्य अभियांत्रिकी महाविद्यालय (सीएमई) पुणे, इंस्टीट्यूट ऑफ इंजी. नियर्स, नई दिल्ली और रक्षा प्रबंध संस्थान सिकंदराबाद में हुई।
8. सेवानिवृत्ति के बाद वो राजनीति में आए और 1991 तथा बाद के चुनावों में उत्तराखंड के गढ़वाल क्षेत्र से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए।

# प्रदेश में तीन दिन का राष्ट्रीय शोक आज सार्वजनिक अवकाश घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चंद्र खंडूड़ी की अंतेष्टि 20 मई को पुलिस सम्मान के साथ सम्पन्न होगी, इस अवसर पर बुधवार को राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर शासन ने इस बारे में आद. ेश जारी कर दिए हैं। आदेश के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी के आकस्मिक निधन के कारण, प्रदेश में 19 मई से 21 मई तक तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है, इस दौरान समस्त सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे। साथ ही कोई शासकीय मनोरंजन के कार्यक्रम भी आयोजित नहीं किए जाएंगे।

**भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस:** बीसी खंडूड़ी सैनिक अधिकारी रहे. इसलिए वे भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति का पालन करते थे. इसके लिए वे सख्त राजनेता के तौर पर जाने जाते थे. वे किसी भी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते थे. उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त शासन का नारा दिया. जिससे राज्य के साथ ही देश में उनकी अलग छवि बनी.

### आज बंद रहेंगे स्कूल

राज्य में विद्यालय शिक्षा के अंतर्गत सभी शासकीय अशासकीय एवं निजी शैक्षणिक संस्थान 20 तारीख को बंद रहेंगे. उत्तराखंड के माध्यमिक शिक्षा और प्रारंभिक शिक्षा निदेशक की तरफ से सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों को दिए गए आदेशों में कहा गया है कि भूतपूर्व मुख्यमंत्री के सम्मान में 20 तारीख को उनकी अंत्येष्टि के दिन राज्य सरकार के समस्त कार्यालय बंद रहेंगे. ऐसे में राज्य में विद्यालय शिक्षा के अंतर्गत समस्त शासकीय अशासकीय और निजी शैक्षणिक संस्थानों और कार्यालयों में शासन की ओर से जारी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए. 20 मई उत्तराखंड के सभी शिक्षण संस्थान और कार्यालय बंद रहेंगे।

### आज पुलिस सम्मान के साथ होगी अंत्येष्टि



खंडूड़ी का अंतिम संस्कार हरिद्वार में होगा। आज सुबह 10 बजे खंडूड़ी की अंतिम यात्रा निकलेगी। खंडूड़ी के निधन पर तीन दिन के राजकीय शोक के दौरान कोई भी शासकीय मनोरंजन के कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे. पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी की अंत्येष्टि 20 मई को पुलिस सम्मान के साथ संपन्न कराई जाएगी। अंत्येष्टि के दिन राज्य सरकार के सभी कार्यालय बंद रहेंगे।

## एक नजर .......

### खंडूड़ी ने हमेशा सादगी और राष्ट्रसेवा की मिसाल पेश की: प्रीतम सिंह

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व केंद्रीय मंत्री मेजर जनरल (से.नि.) भुवन चंद्र खंडूरी के आवास पहुंचकर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व विधायक प्रीतम सिंह ने उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रीतम सिंह ने कहा कि एक सैनिक, सांसद, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने हमेशा अनुशासन, सादगी और राष्ट्रसेवा की मिसाल पेश की। उनका निधन उत्तराखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोक संतप्त परिवार को इस असीम क्षति को सहने की शक्ति प्रदान करें।

### अपना पूरा जीवन प्रदेश और देश की सेवा को समर्पित किया: नरेश बंसल

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने पूर्व मुख्यमंत्री,पूर्व केन्द्रीय मंत्री मेजर जनरल(रिट.) भुवन चन्द्र खंडूरी के निधन पर दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि खंडूरी का निधन प्रदेश ही नहीं देश के लिए अपूरणीय क्षति है । उन्होंने कहा की उन्होंने अपना पूरा जीवन प्रदेश और देश की सेवा को समर्पित किया।उनका विकास के प्रति समर्पण सदैव प्रेरणा देता रहेगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणो मे स्थान एवं शोक संतप्त परिवार व सर्मथको को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करे।

### उत्तराखंड निर्माण में खंडूरी का योगदान अविस्मरणीय रहेगा: उनियाल

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ राजनेता मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चंद्र खंडूरी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इसे उत्तराखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति बताया। मंत्री सुबोध उनियाल ने अपने शोक संदेश में कहा कि राज्य निर्माण आंदोलन के दौरान देश की संसद में पृथक राज्य उत्तराखंड की आवाज को प्रखरता से बुलंद करने से लेकर, बतौर मुख्यमंत्री प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता और विकासपरक नीतियों की सुदृढ़ नींव रखने तक, खंडूरी का अद्वितीय योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। मंत्री सुबोध उनियाल ने माँ कुंजापुरी से प्रार्थना करते हुए दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिजनों, सहयोगियों एवं समर्थकों को इस असीम दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

### महाराज ने पूर्व सीएम खंडूड़ी के निधन पर व्यक्त किया दु:ख

**देहरादून।** प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (सेवा. निवृत्त) के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। महाराज ने अपने शोक संदेश में कहा कि खंडूरी एक अनुशासित सैनिक, कुशल प्रशासक और उत्तराखंड के विकास के प्रति समर्पित नेता थे। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में पारदर्शी शासन और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर विशेष बल दिया। उनका निधन उत्तराखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवारजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति देने की ईश्वर से कामना की।

### खंडूड़ी के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद: गोदियाल

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व केन्द्रीय परिवहन मंत्री मेज.जन. भुवन चन्द्र खंडूरी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति सात्वना प्रकट की है। अपने शोक संदेश में गोदियाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री खंडूरी का आकस्मिक निधन प्रदेश एवं देश की अपूर्णीय क्षति है। उनका पूरा जीवन देश सेवा एवं समाज सेवा को समर्पित रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री खंडूड़ी के आकस्मिक निधन पर विधायक लखपत सिंह बुटोला, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र सिंह भंडारी, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र शाह, मीडिया प्रभारी राजीव महर्षि, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह, शीशपाल सिंह बिष्ट, राजेश चमोली, पूर्व प्रमुख प्रदीप थपलियाल, अमेन्द्र सिंह बिष्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र मोहन खर्कवाल, अखिलेश उनियाल, प्रशांत खंडूरी, ब्लाक अध्यक्ष ललित भद्री, अश्विनी बहुगुणा, जगदीश धीमान आदि कांग्रेसजनों ने भी गहरा शोक प्रकट किया है।

### अपने कार्यों के लिए सदैव याद किए जाएंगे खंडूड़ी: पुंडीर

**देहरादून।** वरिष्ठ भाजपा नेता और क्रीड़ा भारती उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह पुंडीर ने पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी के निधन पर गहरा शोक जताते हुए कहा कि उन्होंने जो कार्य उत्तराखंड के लिए किए उनके लिए हमेशा याद किए जाएंगें। केंद्रीय परिवहन मंत्री रहते हुए खंडूड़ी ने कनेक्टिविटी को नए आयाम दिए। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने कई बड़े फैसल लिए जो हमेशा उत्तराखंड की जनता को याद रहेंगे।

### सुबह 10 बजे प्रदेश भाजपा कार्यालय में लाया जाएगा खंडूडी का पार्थिव शरीर

**देहरादून।** भाजपा परिवार अपने लोकप्रिय नेता और मार्गदर्शक पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चंद्र खंडूरी को उनके निधन पर 20 मई को, श्रद्धांजलि अर्पित करेगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने जानकारी दी कि प्रात: 10 बजे दिवंगत खंडूरी का पार्थिव शरीर बलबीर रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में लाया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत पार्टी के पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं आम लोग उनका अंतिम दर्शन करेंगे और भावभीनी श्रद्धांजलि देंगे। जिसके उपरांत उनके पार्थिव शरीर अपनी अंतिम यात्रा को प्रस्थान करेगा।

# कड़क स्वभाव, ईमानदार छवि व साफ सुथरे राजनेता रही पहचान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल सेवानिवृत्त भुवन चंद्र खंडूड़ी का मंगलवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे।

देहरादून के अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन की खबर आते ही उत्तराखंड ही नहीं पूरे देश की राजनीति में शोक की लहर दौड़ गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा- खंडूड़ी का योगदान उत्तराखंड के विकास और साफ-सुथरी राजनीति के लिए हमेशा याद रखा जाएगा।

1 अक्टूबर 1934 को देहरादून में जन्मे भुवन चंद्र खंडूड़ी का जीवन अनुशासन सादगी और राष्ट्रसेवा की मिसाल माना जाता है। उनके पिता जय बल्लभ खंडूड़ी पत्रकार थे। उनकी मां दुर्गा देवी सामाजिक कार्यों से जुड़ी थीं। खंडूड़ी ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय और सैन्य संस्थानों से शिक्षा प्राप्त की।

उसके बाद भारतीय सेना की इंजीनियर्स कोर में शामिल हो गए. करीब 36 वर्षों तक सेना में सेवा देने के दौरान उन्होंने अपनी कड़क कार्यशैली और ईमानदार छवि से अलग पहचान बनाई।

1982 में उन्हें अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया। सेना से रिटायर होने के बाद उन्होंने राजनीति का रास्ता चुना. कहा जाता है कि अटल बिहारी वाजपेयी ने उनकी प्रशासनिक क्षमता और साफ छवि को देखते हुए उन्हें सक्रिय राजनीति में आने के लिए प्रेरित किया।

इसके बाद उन्होंने भाजपा के साथ अपना लंबा राजनीतिक सफर शुरू किया। वे कई बार गढ़वाल से सांसद चुने गए. वे केंद्र सरकार में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री भी रहे.

**ई-गवर्नेंस और पारदर्शी ट्रांसफर पॉलिसी:** बीसी खंडूड़ी ने फाइल प्रोसेसिंग में तेजी, जन शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने सरकारी कर्मचारियों के ट्रांसफर में पारदर्शिता लाने की कोशिशें की. इसके लिए उन्होंने कई सुधार किये. बीसी खंडूड़ी को ई-गवर्नेंस और पारदर्शी ट्रांसफर पॉलिसी के लिए जाना जाता है।

बीसी खंडूड़ी के निधन के बाद प्रदेशभर में शोक की लहर है. हर कोई बीसी खंडूड़ी को अपनी अपनी तरह से याद कर रहा है। इस मौके पर बीसी खंडूड़ी के बड़े फैसलों को याद किया जा रहा है। केंद्र से लेकर उत्तराखंड की राजनी. ति में बीसी खंडूड़ी ने कई बड़े काम किये।

### सड़क वाले मंत्री के नाम से बनी पहचान

देश में जब राष्ट्रीय राजमार्गों और ग्रामीण सड़कों का बड़ा नेटवर्क तैयार हो रहा था उस दौर में खंडूड़ी केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय संभाल रहे थे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को गति देने और सड़क परियोजनाओं में तेजी लाने का श्रेय भी उन्हें दिया जाता है। पहाड़ी राज्यों में सड़क संपर्क सुधारने को लेकर उनकी विशेष रुचि थी। उत्तराखंड के लोग अक्सर कहते थे कि खंडूड़ी जहां जाते थे वहां सड़क पहुंच जाती थी। यही वजह थी कि उन्हें कई लोग प्यार से रोडमैन भी कहते थे। 2007 में भाजपा को उत्तराखंड में बहुमत मिला. भुवन चंद्र खंडूड़ी मुख्यमंत्री बने। मुख्यमंत्री के रूप में उनकी छवि बेहद सख्त और ईमानदार प्रशासक की रही। वे फाइलों में देरी पसंद नहीं करते थे। अफसरों को समय पर काम पूरा करने की हिदायत देते थे. भ्रष्टाचार के खिलाफ खुलकर बोलते थे।

### लोकायुक्त, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस, पारदर्शी ट्रांसफर पॉलिसी

लोकायुक्त विधेयक को लेकर बीसी खंडूड़ी ने ऐतिहासिक कदम उठाया था। साल 2011 में बीसी खंडूड़ी ने उत्तराखंड में सबसे सख्त लोकायुक्त कानून पास करवाया। उत्तराखंड में पास इस लोकायुक्त में मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, आईएएस, आईपीएससहित सभी अधिकारी लोकायुक्त की जांच के दायरे में थे। इसमें भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई का नियम था।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री बी.सी. खंडूड़ी के निधन पर उनके आवास पंहुच कर विधानसभा स्पीकर ऋतु खंडूड़ी से मिलकर शोक संवेदना जताई।

# खंडूड़ी का जाना मेरे लिए एक अभिभावक को खोने जैसा: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चंद्र खंडूरी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने इसे राजनीति और सार्वजनिक जीवन विशेषकर पार्टी के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा, शुचिता, पारदर्शिता और कड़े फैसलों से दिवंगत खंडूरी ने उत्तराखंड के विकास को एक नई





दिशा दी।

अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा कि आज हमने देश और राज्य के एक सच्चे नीतिवान, मार्गदर्शक और स्वच्छ राजनीति का प्रणेता को खो दिया है। कहा, खंडूरी का पूरा जीवन देश और उत्तराखंड की सेवा में समर्पित रहा। सेना में रहते हुए उन्होंने

**भाजपा परिवार ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं की व्यक्त**

मां भारती की रक्षा की, और राजनीति में कदम रखने के बाद उन्होंने शुचिता, पारदर्शिता और कड़े फैसलों से पहले बतौर केंद्रीय मंत्री, फिर बतौर सीएम देश और उत्तराखंड के विकास को एक नई दिशा दी। मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़े रुख और प्रशासनिक सुधारों के लिए हमेशा याद रखा जाएगा। उनका जाना मेरे व्यक्तिगत और पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए एक अभिभावक को खोने जैसा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि खंडूरी ने पूर्व पीएम बाजपेई के नेतृत्व में स्वर्णिम चतुर्भुज योजना से देश को जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया है। इसी तरह अपने सीएम काल में बुनियादी ढांचे, सड़कों के विकास व पारदर्शी शासन की जो मजबूत नींव उन्होंने रखी थी, उसी का परिणाम है कि आज उत्तराखंड विकास पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# राष्ट्रसेवा और जनसेवा को समर्पित रहा खंडूड़ी का संपूर्ण जीवन: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को देहरादून स्थित



बसंत विहार पहुंचकर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सेवा. निवृत्त मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि भुवन चंद्र खंडूड़ी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा और जनसेवा को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि एक वीर सैनिक के रूप में मां भारती की सेवा करने से लेकर, एक कुशल प्रशासक और राजनेता के रूप में उत्तराखंड के नव-निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड के विकास में उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों को सदैव स्मरण किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बाबा केदार से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने तथा शोकाकुल परिजनों को इस असीम दु:ख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना भी की।

### सैन्य से सार्वजनिक जीवन के सफर में खंडूडी का कार्यकाल प्रेरणादायी: चौहान

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चंद्र खंडूरी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए इसे देवभूमि की अपूर्णीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि जनरल खंडूरी को ऐसे नेता के तौर पर याद किया जायेगा जिन्होंने सैन्य और सार्वजनिक जीवन मे यादगार सफर तय कर विकास के कई आयाम गढ़े। चौहान ने कहा कि दिवंगत खंडूरी ने स्वच्छ, पारदर्शी और ईमानदार राजनीति की दिशा में मील का पत्थर स्थापित किया। जो आने वाली पीढ़ियों के राजनैतिक सफर में पार्टी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करता रहेगा। अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा कि सेना में लंबी सेवा देने और सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्होंने राजनीति के माध्यम से देश सेवा का जीवनपर्यंत विकल्प अपनाया। तदोपरांत उन्होंने बतौर सांसद, केंद्रीय मंत्री और अंतत: उत्तराखंड के सीएम के रूप में निर्विवाद कार्यशैली का आदर्श स्थापित किया। उनके द्वारा अपनी भूमिका के माध्यम से किए गए अभूतपूर्व विकास कार्य किए गए।

# खंडूड़ी का निधन पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति: हरीश

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददात**

**देहरादून।** सेवानिवृत्त मेजर जनरल, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खण्डूरी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेताओं ने उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

मंगलवार को पूर्व सीएम खण्डूरी का लंबी बिमारी के बाद निधन हो गया, उनके आवास पर पहुंच कर पूर्व सीएम हरीश रावत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा गया कि खंडूरी का निधन उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने सैनिक, सांसद, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में जिस ईमानदारी, अनुशासन और गौरव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया, वह सदैव स्मरणीय रहेगा।

हरदा ने बीसी खण्डूरी की पुत्री और विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूरी व मनीष खण्डूरी से मिल



**कांग्रेसियों ने खंडूड़ी के आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की**

कर शोक व्यक्त किया और उन्हे ढ़ाढ़स बंधाया। हरीश रावत ने कहा कि खंडूरी अपने आप में एक अलग व्यक्तित्व थे।

सेना में रहते हुए उन्होंने राष्ट्रसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया, वहीं राजनीति में भी उन्होंने सादगी और पारदर्शिता की मिसाल कायम की। उनके प्रत्येक कार्यकाल को किसी न किसी जनहितकारी निर्णय और प्रशास. निक दृढ़ता के लिए याद किया जाएगा। कहा कि खंडूरी अजातशत्रु व्यक्तित्व के धनी थे। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद सभी दलों में उनके प्रति सम्मान का भाव था। उनसे जुड़ी अनेक स्मृतियां और उनके कार्यशैली के किस्से हमेशा लोगों के बीच जीवित रहेंगे। उन्होंने कहा कि सादगी, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के प्रति उनका समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा। उत्तराखंड की राजनीति और सार्वजनिक जीवन में उनका योगदान अविस्मरणीय है। ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोक संतप्त परि. जनों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

# उत्तराखंड के जंगलों में पाएं जाने वाली औषधीय जड़ी-बूटियां विलुप्त की कगार पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** उत्तराखंड की विश्व विख्यात वन संपदा में हर मर्ज की दवा आसानी से मिलती थी। जिससे कठिन से कठिन रोग घर आंगन जंगलों में उगने वाले औषधीय पौधों और जड़ी बूटियों के प्रयोग असाध्य रोग भी समाप्त हो जाते थे और अपितु यहां का जनमानस ही नहीं सभी जीव जंतुओं का रोग निवारण होता था, लेकिन हमारी वन संपदा. को बनाया गया।

लचीला कानून और. मानव कुकृत्यों के कारण विगत दशकों से बेखौफ जंगल दावानल का शिकार हो रहे हैं। पशु पक्षियों के भूर्ण, औषधीय पौधौं के अंकुर भष्म हो गये हैं और घटता मानसून, बढता प्रदूषण पर्यावरण को खतरा बढ गया है, लेकिन सिस्टम आंखे मूंदे बैठा है। गांव की बात रेडियो के साथ आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने वाली मातृशक्ति पर्यावरण संवर्धन संरक्षण को लेकर चला रहे अभियान के तहत सुबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग के माध्यम से ज्ञापन दिया। कार्यक्रम के सयोंजक माध्यमिक वर्ग बालिका, महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के संस्थापक देवेन्द्र गौड़ ने कहा कि हमारे पहाड़ो को परमपिता परमेश्वर का धनवन्तरी वरदान से यहां के जंगलों मे बेसकीमती जीवन रक्षक जड़ी-बूटिंयां होती थी। जिससे मानवीय जीवन ही नही अपितु तमाम प्राणी मात्र सुगंध और इस्तेमाल से स्वस्थ रहते थे, लेकिन मानव की कुकृत्यों से साल दरसाल जंगलो में आगजनी हो रही है। आग. जनी से औषधीय पौध, अंकुर भष्म हो रहे हैं तथा जगंली शाकाहारी जानवरों चारा भूर्ण, पशुओं का चारा और मांसाहारी जानवरों शिकार खत्म हो गये हैं। देवेन्द्र गौड़ जो दशकों से वन और वन्यजीव संरक्षित सुरक्षित रखने हेतू आगजनी करने वालों के खिलाफ सुबे के मुख्यमंत्री एवं भारतीय वन अधिनियम के तहत कठोर से कठोर नियम बनाने को लेकर जिला मुख्यालयों में जाकर डीएम को ज्ञापन दे रहे हैं तथा जंगलो में आग और धुंआ दिखने पर ड्रोन कैमरे से निगरानी रखने का सुजाव दे रहे हैं ताकि चंद तिनके चारे के लिए आगजनी करने वालों के खिलाफ कार्रवाही की जा सकें, लेकिन सरकारों ने अभी तक इस कोई भी उचित कदम नहीं उठाया है। यही वजह है कि पहाड़ों में बंदर, जंगली सुवर कास्तकारों की फसलें बर्बाद कर रहे हैं और बाघ, भालू रियासती इलाकों मे आकर आमजनो पर हमला करके अपना शिकार बना रहे हैं। अमृता बहुगुणा ने कहा कि हम सभी का कर्तव्य बनता है कि क्यूं हम हर गांव गांव जाकर एक संगठन बनाएं। जिससे वनसंपदा को सुरक्षित और संरक्षित रखा जा सके। जिसमें सीमा कपर्वाण, चंदा, कांता भण्डारी, कुसुम सेमवाल, संध्या सेमवाल, वीना नेगी, वीना सेमवाल, राजेश्वरी जोशी ने कहा कि हमें हर संभव वनों और वन्यजीवों को बचाने के लिए संघर्षरत और संगठित होकर आगजनी करने वालों के खिलाफ कार्रवाही करने के लिए दबाव बनाना होगा।



■ जंगलों मे साल-दर-साल दावानल से नेस्तनाबूत होते औषधीय पौधे

# भक्तों ने मां महिषासुर मर्दिनी मंदिर का प्रकट उत्सव मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** मंदिरों की नगरी उत्तरकाशी में मां महिषासुर मर्दिनी मंदिर का प्रकट उत्सव रविवार को श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, गायत्री यज्ञ, हवन, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं कन्या पूजन जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर विश्व शांति की कामना की।

मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित भीमदेव थपलियाल ने बताया कि सुबह मंदिर में नया ध्वज स्थापित कर गायत्री यज्ञ व हवन किया गया। महिलाओं द्वारा सामूहिक भजन-कीर्तन और हनुमान चालीसा पाठ ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

मंदिर जीर्णोद्धार समिति के अध्यक्ष अजय प्रकाश बडोला ने बताया कि 19 मई 1984 को कलेक्टर कॉलोनी क्षेत्र में खुदाई के दौरान कुषाण कालीन पाषाण काली मूर्ति प्राप्त हुई थी, जिसे पुरातत्व विशेषज्ञों ने लगभग 1200 वर्ष पुरानी बताया। उत्तरकाशी के प्रसिद्ध कंडार देवता ने इस मूर्ति को "मां महिषासुर मर्दिनी" नाम दिया। तभी से यहां नियमित पूजा-अर्चना की परंपरा जारी है और हर वर्ष इसी दिन भव्य धार्मिक आयोजन किया जाता है।

उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण एवं जीर्णोद्धार में स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद गुप्ता और स्वर्गीय प्रेमलता गुप्ता का विशेष योगदान रहा। वर्तमान में उनके पुत्र पंकज गुप्ता एवं उनका परिवार हरिद्वार से मंदिर की धार्मिक गतिविधियों से जुड़ा हुआ है। इस वर्ष वे स्वयं उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन ऑनलाइन माध्यम से विशेष पूजा-अर्चना एवं कन्या पूजन कराया।

इस दौरान नगर पालिका के सभासद अमेरिकन पुरी ने विशेष पूजा कर मंदिर के नव निर्माण और प्रचार-प्रसार के लिए नई योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर गंगा मंदिर भजन मंडली, काशी विश्वनाथ भजन मंडली सहित कई धार्मिक मंडलियों ने भजन प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में पंडित रविंद्र नौटियाल, हरीश नौटियाल, मैदिनी डंगवाल, अमन जोशी, देवाशीष इशिता, श्रीमती अंबिका पुरी, काना डिमरी समेत अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# श्रीनगर व्यापार सभा के चुनाव 12 जून को होगा

■ चार साल बाद होंगे श्रीनगर व्यापार सभा के चुनाव, प्रक्रिया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** व्यापार सभा श्रीनगर के चुनाव का बिगुल बज चुका है। चार साल बाद होने जा रहे व्यापार सभा श्रीनगर के चुनाव को लेकर चुनावी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आगामी 12 जून को मतदान कराया जाएगा। इसके लिए चुनाव संचालन समिति का गठन कर जिम्मेदारियां की गई है। चुनाव संचालन समिति में वरिष्ठ व्यापारी दिनेश चंद्र भट्ट को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। समिति में उद्योग व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी, जिला महामंत्री दिनेश पंवार, जिला संयुक्त महामंत्री जगदीप रावत तथा वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आनंद भंडारी को शामिल किया गया है। इसके अलावा समिति में त्रिलोक सिंह रावत, नरेंद्र सिंह रावत, राजेंद्र बठवाल, कुंवर सिंह पंवार, खिलेंद्र चौधरी, हिमांशु अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, बृजेश भट्ट, रामानंद भट्ट, गोपाल डुडेजा, दिनेश डिमरी, दिनेश प्रसाद जोशी, देवेंद्र मणि मिश्रा, प्रभात पांडेय और सुरेंद्र बड़ोनी को सदस्य बनाया गया है। वासुदेव कंडारी ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के तहत 30 और 31 मई को नामांकन प्रपत्रों की बिक्री की जाएगी। वहीं 1 और 2 जून को नामांकन पत्र जमा होंगे। 3 जून को नामांकन पत्रों की जांच एवं नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# पेट्रोल-डीजल मूल्य वृद्धि व परीक्षा पेपर लीक पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कीर्तिनगर।** डीजल-पेट्रोल की बढ़ती कीमतों और लगातार सामने आ रहे परीक्षा पेपर लीक मामलों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

विरोध स्वरूप कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कीर्तिनगर मुख्य बाजार में भाजपा सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला आग के हवाले किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों से आम जनता और युवा वर्ग दोनों परेशान हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल ने कहा कि हर चुनाव के बाद भाजपा सरकार लगातार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाकर आम लोगों की कमर तोड़ने का काम कर रही है। महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों का जीवन प्रभावित हो रहा है। कहा कि दूसरी ओर लगातार परीक्षा पेपर लीक होने की घटनाएं युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं। आरोप लगाया कि वर्षों की मेहनत से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले लाखों युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है। कहा कि बार-बार परीक्षा रद्द होने और दोबारा कराने की घोषणाओं से छात्रों पर मानसिक और आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि अब तक पेपर लीक मामलों में जिन लोगों की गिरफ्तारी हुई है, उनमें भाजपा से जुड़े लोगों के नाम सामने आए हैं, जिससे सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होने युवाओं तथा आम जनता के हित में ठोस कदम उठाने की मांग की। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष रघुवीर सिंह भंडारी, अंकित सिंह, विपिन पवार, भीम सिंह नेगी, नीति राज, उदय सिंह रावत, शूरवीर सिंह जयाड़ा, हर्षमणि कृतवाण, शंकर सिंह रावत, अमन सहित आदि मौजूद थे।



■ कीर्तिनगर में कांग्रेसियों ने फूंका सरकार का पुतला

## एक नजर .......

### श्रीनगर में बारबर दुकानों से ब्लेड का होगा वैज्ञानिक निस्तारण

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर एक अभिनव पहल की शुरुआत की है। मंगलवार को नगर निगम द्वारा इना. `वेशन आइडिया के तहत बारबर (नाई) एसोसिएशन के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें इस्तेमाल किए गए ब्लेड के सुरक्षित निस्तारण पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में महापौर ने बताया कि उपयोग के बाद ब्लेड को इधर-उधर कूड़े में फेंकना खतरनाक साबित हो सकता है, क्योंकि इन्हें सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2026 के तहत हाजर्डस वेस्ट (खतरनाक कचरा) की श्रेणी में रखा गया है। ऐसे में इनके सुरक्षित निस्तारण की आवश्यकता है। इस समस्या के समाधान के लिए नगर निगम ने नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत नगर निगम क्षेत्र के सभी बारबर को विशेष बिन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनमें वे महीनेभर इस्तेमाल किए गए ब्लेड जमा करेंगे। इसके बाद नगर निगम की टीम इन बिनों को दुकानों से एकत्रित कर वैज्ञानिक तरीके से उनका निस्तारण करेगी। बैठक की अध्यक्षता महापौर द्वारा की गई, जिसमें निगम के पार्षदों के साथ-साथ सहायक नगर आयुक्त और मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### पूर्व मुख्यमंत्री खंडूड़ी के निधन पर जताया षोक

**कीर्तिनगर।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चंद्र खण्डूडी के निधन पर विभिन्न राजनी. तिक एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। भाजपा नेता एवं पूर्व सदस्य राज्य योजना आयोग जय सिंह कठैत ने कहा कि मेजर जनरल खंडूड़ी ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, ईमानदार राजनीति और उत्तराखंड के विकास के लिए समर्पित किया। कहा कि अपनी सादगी, कर्मनिष्ठा और सिद्धांतवादी राजनीति से उन्होंने सार्वजनिक जीवन में एक अलग पहचान बनाई। उत्तराखंड राज्य के विकास में उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा। शोक व्यक्त करने वालो में वरिष्ठ भाजपा नेता धीरज सिंह भंडारी, वरिष्ठ पत्रकार केदार दत्त बंगवाल, भाजपा नेता जयसिंह कठैत, शकुंतला भट्ट, मुकेश सिंह कठैत एडवोकेट, कल्पना कठैत, डॉ. सुनील भट्ट, विक्रम सिंह कठैत, नरेंद्र कुंवर, दिनेश रतूड़ी, रेवंत सिंह मियां आदि शामिल थे।

### महिलाओं ने सीखे बेकरी उत्पाद तैयार करने के गुर

**श्रीनगर।** कीर्तिनगर के नैथाना गांव में आयोजित 14 दिवसीय सूक्ष्म कौशल उद्यमिता विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) का समापन एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाना था। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खंड विकास अधिकारी सुमनलता एवं आरवीएनएल श्रीनगर के प्रबंधक विनोद बिष्ट ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान महिलाओं को छह दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण तथा आठ दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मिलेट्स आधारित उत्पाद जैसे कुकीज, नमकीन, केक और लड्डू बनाने के साथ कास्टिंग, प्राइसिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। परियोजना अधिकारी दिलीप सिंह कुशवाह ने कार्यक्रम की उपलब्धियों की जानकारी दी।

### परीक्षा शुल्क लेने पर छात्रों ने किया विरोध प्रदर्शन

**कोटद्वार।** श्रीदेवसुमन उत्तराखण्ड विवि बादशाहीथोल टिहरी गढवाल द्वारा बीएड प्रथम सेमेस्टर में परीक्षा शुल्क पहले की अपेक्षा ज्यादा लेने पर मंगलवार को छात्रों ने तहसील परिसर में आकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने उपजिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल, मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री उत्तराखंड सरकार को ज्ञापन दिया है। छात्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी सेमेस्टर परीक्षा का शुल्क 2960 रूपए लिया जा रहा है जबकि पूर्व में वार्षिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत परीक्षा शुल्क 2760 रूपए लिया जाता था। सोबन सिंह जीना विवि में इसी वर्ष प्रथम सेमेस्टर परीक्षा शुल्क 1850 रूपए तथा गढ़वाल विवि में 1750 रूपए शुल्क लिया गया। इस प्रकार वार्षिक परीक्षा से सेमेस्टर परीक्षा का शुल्क अधिक होना सामाजिक न्याय के विरुद्ध हैं।

# एएनएम पूजा राणा का नौगांव में भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी/नौगांव।** साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव में कार्यरत एएनएम पूजा परमार राणा को राष्ट्रपति द्वारा प्रतिष्ठित "फ्ला. `रेंस नाइटिंगेल अवॉर्ड" से सम्मानित किए जाने पर मंगलवार को सीएचसी नौगांव में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, एएनएम और स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

समारोह के दौरान ब्लॉक की विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों से पहुंची एएनएम ने फूल-मालाओं और पुष्पगुच्छ भेंट कर पूजा परमार राणा का स्वागत किया। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने अपने समर्पण, मेहनत और सेवा भावना से पूरे स्वास्थ्य विभाग का गौरव बढ़ाया है। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना चुनौतीपूर्ण कार्य होता है, लेकिन पूजा परमार राणा ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ किया।

सीएचसी नौगांव के अधीक्षक डॉ. रोहित भंडारी ने कहा कि यह राष्ट्रीय सम्मान पूरे नौगांव क्षेत्र और उत्तरकाशी जनपद के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि पूजा परमार राणा की उपलब्धि अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने कहा कि सच्ची लगन और सेवा भावना से कार्य करने वालों को एक न एक दिन सम्मान अवश्य मिलता है।

अपने सम्मान समारोह में पूजा परमार राणा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार केवल उनका नहीं, बल्कि स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारियों की मेहनत और सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा मानवता से जुड़ा कार्य है, इसलिए प्रत्येक स्वास्थ्य कर्मी को अपने दायित्वों का निर्वहन संवे. दनशीलता, ईमानदारी और निष्ठा के साथ करना चाहिए।



■ फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवॉर्ड से हुई थी सम्मानित

# उफल्ड़ा में पेयजल आपूर्ति न होने पर लोगों में आक्रोश

■ जल संस्थान पहुंचकर स्थानीय लोगों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्रांर्गत वार्ड संख्या-39 उफल्ड़ा में पिछले कई दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित रहने से नाराज स्थानीय लोगों ने जल संस्थान कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया।

मंगलवार को पार्षद सुरेश कुमार के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने जल संस्थान अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जल्द पेयजल व्यवस्था सुचारु करने की मांग उठाई। इस दौरान स्थानीय लोगों ने कहा कि नियमित जलापूर्ति न होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर पार्षद सुरेश कुमार ने कहा कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी आंदोलन को और तेज करने को बाध्य होंगे। प्रदर्शन में रमेश राणा, शांति भट्ट, बीना भट्ट, निर्मला देवी, पूजा गुसाई, रामेश्वरी देवी, अनीता ध्यानी, सुमन, बीना भट्ट, आरती देवी, संगीता, हिमानी चौहान, अनु ध्यानी सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत आंगनवाड़ी केंद्र में मनाया कन्या जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लैंसडाउन।** बाल विकास परियोजना जयहरीखाल के अंतर्गत मंगलवार को आंगनवाड़ी केंद्र जयहरी में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत दो नवजात कन्याओं के जन्म पर कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर किया गया तथा नवजात बेटियों के स्वागत के साथ समाज में बेटी के सम्मान और समान अधिकारों का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सुपरवाइजर विनीता सजवाण ने उपस्थित महिलाओं, अभिभावकों एवं ग्रामीणों को महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बेटियों को शिक्षा, पोषण और सुरक्षा प्रदान करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।कार्यक्रम में सांख्यिकीय सहायक राधेश्याम, आंगनवाड़ी कार्यकत्री मीना असवाल, आंगनवाड़ी सहायिका रिंकी देवी तथा अनसेविका ममता देवी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पूरन जोशी की अस्थियां अलकनंदा में विसर्जित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रीता बहुगुणा के पति स्वर्गीय पूरन चंद्र जोशी की अस्थियां मंगलवार को श्रीनगर स्थित आईटीआई घाट पर अलकनंदा नदी के तट पर पूरे वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विसर्जित की गईं। अस्थि विसर्जन संस्कार उनके कुलपुरोहित पंडित किशोर जोशी एवं अभिषेक बहुगुणा के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सम्पन्न हुआ। इस दौरान स्व. जोशी के पुत्र मयंक जोशी और पुत्रवधु ऋचा जोशी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर अंतिम संस्कार की परंपराएं निभाईं।



विदित हो कि पूरन चंद्र जोशी का हाल ही में लखनऊ के एक अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार प्रयागराज में किया गया था। मंगलवार को उनकी पैतृक घाट श्रीनगर गढ़वाल में अलकनंदा तट पर अस्थियों का विसर्जन किया गया। स्वर्गीय पूरन चंद्र जोशी मूल रूप से पौड़ी गढ़वाल जनपद के पाबौ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम गडेरा, पट्टी खातस्यूं के निवासी थे। पूरन चंद्र जोशी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज, श्रीनगर गढ़वाल से प्राप्त की थी, जबकि बीएससी की पढ़ाई उन्होंने गढ़वाल विश्वविद्यालय के बिड़ला परिसर से की थी। उनके पिता गोपाल दत्त जोशी राजकीय इंटर कॉलेज श्रीनगर में शिक्षक के पद पर कार्यरत रहे थे।

अस्थि विसर्जन के उपरांत मयंक जोशी ने परिवार सहित शिशु मंदिर परिसर और राजकीय इंटर कॉलेज श्रीनगर का भी भ्रमण किया तथा अपने पिता से जुड़ी पुरानी स्मृतियों को ताजा किया। इस दौरान वह भावुक नजर आएं। कार्यक्रम में उनके परिवार के सदस्य, जिनमें चाचा कमलेश जोशी तथा भतीजे विनोद जोशी और भारतेंदु जोशी भी उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड की राजनीति का ईमानदार चेहरा नहीं रहा

**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी का मंगलवार को देहरादून स्थित मैक्स अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे उत्तराखंड सहित राजनीतिक और सैन्य जगत में शोक की लहर दौड़ गई। जनरल खंडूड़ी लंबे समय से सार्वजनिक जीवन में अपनी सादगी, ईमानदारी और अनुशासित कार्यशैली के लिए जाने जाते थे।

भारतीय सेना में शानदार सेवाएं देने के बाद राजनीति में आए भुवन चंद्र खंडूड़ी ने उत्तराखंड की राजनीति को एक नई दिशा दी। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में दो बार कार्यभार संभाला। पहला कार्यकाल वर्ष 2007 से 2009 तक और दूसरा 2011 से 2012 तक रहा। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रवैया अपनाया और प्रशासनिक पारदर्शिता को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए।



■ मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी के निधन से हर कोई दुखी

**सेना से राजनीति तक का प्रेरणादायक सफर:** मेजर जनरल खंडूड़ी का जन्म उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले में हुआ था। उन्होंने वर्ष 1954 में भारतीय सेना जॉइन की और कोर ऑफ इंजीनियर्स में लंबे समय तक सेवाएं दीं।

सैन्य जीवन में उनके अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और उत्कृष्ट कार्यों के लिए वर्ष 1982 में उन्हें राष्ट्रपति द्वारा "अति विशिष्ट सेवा मेडल" से सम्मानित किया गया।

सेना से सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने राजनीति में प्रवेश किया। वर्ष 1991 में वे पहली बार गढ़वाल लोकसभा सीट से सांसद चुने गए। इसके बाद उन्होंने कई बार संसद में उत्तराखंड की आवाज बुलंद की। केंद्र सरकार में वे भूतल परिवहन मंत्री भी रहे, जहां उन्होंने सड़क विकास और आधारभूत संरचना को लेकर कई अहम योजनाओं पर काम किया।

**सड़क और विकास योजनाओं को दी नई दिशा**

जनरल खंडूड़ी को उत्तराखंड में सड़क और आधारभूत ढांचे के विकास को गति देने वाले नेताओं में प्रमुख माना जाता है। केंद्र में मंत्री रहते हुए उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों में बेहतर सड़क संपर्क की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया। माना जाता है कि उत्तराखंड में ऑल वेदर रोड जैसी सोच को मजबूत आधार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। उन्होंने पर्यटन, ग्रामीण संपर्क मार्ग और विकास योजनाओं के माध्यम से राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया।

**मुख्यमंत्री के रूप में सख्त और साफ-सुथरी छवि:** मुख्यमंत्री रहते हुए जनरल खंडूड़ी ने सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदे. ही को प्राथमिकता दी। वे उन नेताओं में गिने जाते थे जिन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ खुलकर आवाज उठाई। उनके कार्यकाल में कई विभागों में अनुशासन और कार्य संस्कृति को मजबूत करने के प्रयास किए गए।

उनकी सबसे बड़ी पहचान "ईमानदार और कठोर प्रशासक" के रूप में बनी। आम जनता के बीच उनकी छवि एक ऐसे नेता की थी जो बिना दिखावे के काम करने में विश्वास रखते थे। सरकारी बैठकों में समय की पाबंदी और अधिकारियों की जवाबदेही को लेकर उनका रवैया बेहद सख्त माना जाता था।

**राजनीतिक और सामाजिक जगत में शोक:** उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, पूर्व सैनिकों और जनप्रति. निधियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उत्तरकाशी में भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौहान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नत्थी वाला शाह, दीपक बिजल्वाण, नारायण सिंह चौहान, पूर्व विधायक विजय पाल सेवाओं, पूर्व प्रमुख विनिता रावत, डुंडा प्रमुख राजदीप परमार, बुद्धि सिंह पंवार, मुरारी लाल भट्ट,सत्ये सिंह राणा, सुरेंद पंवार, डा चंडी प्रसाद भट्ट, समेत यमुना घाटी में वीरेंद्र सिंह पयाल,अतोल सिंह रावत, नेताओं ने उन्हें पार्टी का मार्गदर्शक और अनुशासित नेतृत्वकर्ता बताया है। वहीं आम लोगों के बीच भी उनके निधन को उत्तराखंड की राजनीति के एक स्वच्छ अध्याय के अंत के रूप में देखा जा रहा है। मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी का जीवन देश सेवा, अनुशासन, ईमानदारी और जनहित की राजनीति का उदाहरण माना जाएगा। उत्तराखंड की राजनीति में उनका योगदान लंबे समय तक याद किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का शीघ्र पालन करने के दिए निर्देश

■ सड़क सुरक्षा व्यवस्था की डीएम ने की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के क्रम में मंगलवार को जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में जनपद के राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण व अनुरंक्षण करने वाले संस्थानों को न्यायालय के आदेशों को अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सर्वोच्च न्यायालय की ओर से राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधिक्षकों को आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश जारी किए हैं। जिसके अनुपालन में जिलाधिकारी ने मंगलवार को आयोजित बैठक के दौरान अधिकारियों को सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स और पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम गठित करने के निदेश दिए। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के क्रम में सभी रेखीय विभागों के लिए एसओपी जारी करने के भी निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने जनपद में विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए बैरियरों की जानकारी एक सप्ताह में उपलब्ध कराने के भी आदेश दिए। इस मौके पर सिविल जज व सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण पुनीत कुमार, पुलिस अधिक्षक सुरजीत सिंह पंवार, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश सहित सभी रेखीय विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# राज्यों के बेहतर समन्वय से ही विकसित भारत के संकल्प को मिलेगी नई गति: सीएम




**■ मुख्यमंत्री धामी ने बस्तर में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद् की 26वीं बैठक में शामिल ■ मां नंदा राजजात यात्रा और 2027 कुंभ मेले के सफल आयोजन के समन्वय एवं सहयोग पर हुई चर्चा ■ आंतरिक सुरक्षा, आधारभूत विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर मंथन ■ कहा, उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए निरंतर कार्यरत है राज्य सरकार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बस्तर/देहरादून।** छत्तीसगढ़ में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद् की 26वीं बैठक में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सहभागिता की। इस महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न राज्यों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने, आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, आधारभूत संरचनाओं के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा क्षेत्रीय विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड राज्य से जुड़े विभिन्न विषयों को प्रमुखता से रखते हुए कहा कि राज्यों के बीच बेहतर संवाद, सहयोग और समन्वय से ही देश के समग्र एवं संतुलित विकास को नई गति प्रदान की जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में सहकारी एवं समन्वित संघीय व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम विभिन्न क्षेत्रों में देखने को मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान उत्तराखंड में वर्ष 2027 में आयोजित होने वाली विश्वप्रसिद्ध मां नंदा राजजात यात्रा एवं दिव्य और भव्य कुंभ मेले की तैयारियों से संबंधित विषयों को भी प्रमुखता से रखा।

उन्होंने कहा कि ये दोनों आयोजन केवल उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन हैं। इन आयोजनों में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा विभिन्न व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए केंद्र एवं राज्यों के समन्वित सहयोग की आवश्यकता होगी।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड की सांस्कृतिक परंपराओं, धार्मिक विरासत और आध्यात्मिक पहचान को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्यों के सहयोग से मां नंदा राजजात यात्रा और कुंभ मेले का आयोजन अत्यंत सुव्यवस्थित, सुरक्षित और ऐतिहा. सिक रूप से सफल होगा।

बैठक में आंतरिक सुरक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने सीमावर्ती राज्यों के मध्य समन्वय बढ़ाने, साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, आपदा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा तकनीकी संसाधनों के अधिकतम उपयोग पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिक चुनौतियों का सामना करने के लिए राज्यों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं संयुक्त प्रयासों को और अधिक मजबूत किया जाना आवश्यक है।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री , छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री , मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित विभिन्न राज्यों के मंत्रीगण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।,

## जिला योजना के तहत 1018 करोड़ की धनराशि आवंटित

**■ मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद सभी जनपदों को आवंटित हुए धनराशि**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अनुमोदन के पश्चात इस वर्ष के लिये जिला योजना के अंतर्गत सभी जनपदों को विकास कार्यों के लिए कुल 1018.206 करोड़ की धनराशि आवंटित की गई है। यह धनराशि प्रदेश के सभी 13 जनपदों की आवश्यकतानुसार आवंटित की गई है, जिसमें अनुसूि. चत जाति उपयोजना के अन्तर्गत 200.221 करोड, अनुसूचित जनजाति उपयोजना के लिए 30. 007 करोड के साथ ही सामान्य हेतु 787.978 करोड की धनराशि शामिल है।

जनपदों को गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिला योजना के लिए 1010.23 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गई थी, जिसके सापेक्ष जनपदों द्वारा मार्च, 2026 तक 996.72 करोड़ व्यय किए गए तथा अवशेष धनराशि वित्त विभाग को समर्पित कर दी गई थी।

जनपदवार आवंटन में पौड़ी जनपद को सर्वाधिक 119.977 करोड़ तथा देहरादून को 99.394 करोड़ की धनराशि आवंटित की गई है। इसके अतिरिक्त जनपद नैनीताल के लिए 70.189 करोड, उधमसिंह नगरके लिए 74.132 करोड, अल्मोडा के लिए 74.737 करोड, पिथौरागढ के लिए 71.737 करोड, बागेश्वर के लिए 59.618 करोड, चम्पावत के लिए 76.914 करोड, टिहरी के लिए 95.215 करोड, चमोली के लिए 74.237 करोड, उत्तरकाशी के लिए 76.542 करोड, रूद्रप्रयाग के लिए 58.158 करोड तथा हरिद्वार के लिए 67. 356 करोड की धनराशि आवंटित की गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस धनराशि से जिला योजना के माध्यम से जनपदों में स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप आधारभूत संरचना, ग्रामीण विकास, पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य जनोपयोगी योजनाओं को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार संतुलित एवं समावेशी क्षेत्रीय विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## बंद घर में चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार, 10 लाख के जेवर बरामद

**■ ऋषिकेश पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत ऋषिकेश पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने प्रगतिपुरम कॉलोनी में एक बंद घर में हुई चोरी का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को धर दबोचा। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की गई करीब 10 लाख रुपये कीमत की सोने-चांदी की ज्वेलरी और घटना में इस्तेमाल की गई अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्त घुमंतू प्रवृत्ति के हैं। ये शातिर अपराधी रिहायशी इलाकों में घरों में साफ-सफाई का काम ढूंढने के बहाने घूमते थे और इस दौरान बंद पड़े घरों को चिन्हित कर उनकी रैकी करते थे। मौका मिलते ही ये ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों में से एक पहले भी चोरी के मामले में जेल जा चुका है। श्यामपुर ऋषिकेश की प्रगतिपुरम कॉलोनी (लक्कड़घाट रोड) निवासी वादी राजेश चन्द्र रमोला ने 17 मई को कोतवाली ऋषिकेश में तहरीर दी थी कि अज्ञात चोरों द्वारा उनके बंद मकान का ताला तोड़कर घर में रखी नकदी, ज्वेलरी एवं सीसीटीवी कैमरा चोरी कर लिया गया है। 18 मई को चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि प्रगतिपुरम में हुई चोरी की घटना में शामिल दो व्यक्ति लाल रंग की अपाचे मोटरसाइकिल पर चोरी का सामान बेचने की फिराक में लक्कड़घाट क्षेत्र में घूम रहे हैं।

पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान प्रवीण सिंह (उम्र 23 वर्ष), निवासी सराय रोड, मैदा मिल के पास, सीतापुर, ज्वालापुर, हरिद्वार और संजय कुमार उर्फ संजू (उम्र 25 वर्ष), निवासी पेट्रोल पंप के पास, वाल्मीकि बस्ती, ज्वालापुर, हरिद्वार के रूप में हुई है।

गिरफ्तार अभियुक्त प्रवीण सिंह का पुराना आपराधिक इतिहास भी रहा है, वह पहले भी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल) से चोरी के मामले में जेल जा चुका है।

# बच्चों पर पिस्टल तानने वाले बिल्डर पुनीत अग्रवाल का शस्त्र लाइसेंस निरस्त

**■ रायपुर की एटीएस कॉलोनी में दीपावली पर पटाखा विवाद में लहराया था शस्त्र, डीएम सविन बंसल का कड़ा एक्शन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** एटीएस कॉलोनी में भय का माहौल बनाने वाले विवादित बिल्डर पुनीत अग्रवाल पर जिला प्रशासन ने चौतरफा शिकंजा कस दिया है।

लोक शांति और सार्वजनिक सुरक्षा को ताक पर रखकर नाबा. लिग बच्चों पर लाइसेंसी पिस्टल लहराने के मामले में जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। डीएम सविन बंसल ने आरोपी बिल्डर का शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। साथ ही, कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले इस बिल्डर को जनपद से जिला बदर भी कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को बिल्डर की .32 बोर एनपीबी पिस्टल को राज्य सरकार के पक्ष में जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।

मामला रायपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आईटी पार्क के पास स्थित एटीएस कॉलोनी का है। विगत अक्टूबर 2025 में दीपावली के दिन कॉलोनी में पटाखे जलाने को लेकर कुछ बच्चों और स्थानीय लोगों से बिल्डर पुनीत अग्रवाल (पुत्र मदन मोहन अग्रवाल, निवासी 144 एल एटीएस कॉलोनी) का विवाद हो गया था। तैश में आकर बिल्डर ने अपने लाइसेंसी शस्त्र का सरेआम प्रदर्शन किया और बच्चों पर पिस्टल तान दी। इस घटना के बाद पूरी कॉलोनी में दहशत का माहौल बन गया था।

**स्वत: संज्ञान लेकर पहले किया था निलंबित, अब हुआ निरस्त:** घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट सविन बंसल ने तत्काल स्वत: संज्ञान लिया था। शुरुआती कार्रवाई में शस्त्र को तुरंत जब्त कर लाइसेंस निलंबित कर दिया गया था और निरस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई थी।

जांच, पुलिस आख्या और दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद न्यायालय ने पाया कि लाइसेंस धारक द्वारा शस्त्र शर्तों का घोर उल्लंघन किया गया है। न्यायालय के समक्ष आई पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी बिल्डर पुनीत अग्रवाल का यह कृत्य लापरवाही पूर्ण और आदतन है। उसके विरुद्ध विभिन्न धाराओं में कुल पांच आप. राधिक अभियोग पहले से पंजीकृत हैं। कलेक्ट्रेट के प्रभारी अधिकारी (शस्त्र) को शस्त्र पंजिका में लाइसेंस निरस्तीकरण दर्ज करने और एसएसपी देहरादून को अनुपालन रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

मामले पर सख्त रुख अपनाते हुए जिला मजिस्ट्रेट सविन बंसल ने कहा कि जिले में कानून से खिलवाड़ किसी भी सूरत में मंजूर नहीं है। ऐसा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इसी का नतीजा है कि एटीएस कॉलोनी में आतंक का पर्याय बने बिल्डर का शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के साथ ही उसे जिला बदर भी किया गया है।

## दहेज हत्या में फरार 10 हजार का इनामी बिहार से गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** दहेज हत्या के मामले में पिछले कई महीनों से फरार चल रहे दस हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को देहरादून की नेहरू कॉलोनी पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) देहरादून के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत पुलिस टीम ने यह बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी घटना के बाद से ही लगातार अपने ठिकाने बदल-बदल कर पुलिस को चकमा दे रहा था।

थाना नेहरू कॉलोनी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बीती 19 जनवरी 2026 को रेस्ट कैंप (मद्रासी कॉलोनी) निवासी दिलीप ने पुलिस को तहरीर दी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी बहन पूजा को उसका पति बिरजू दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित करता था और उसके साथ मारपीट करता था। ससुराल वालों के इसी उत्पीड़न से तंग आकर पूजा ने 9 दिसंबर 2025 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वारदात के बाद से ही आरा. ेपी बिरजू फरार चल रहा था। पुलिस की टीमें उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही थीं, लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं आ रहा था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसएसपी देहरादून ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया था और नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस को सख्त निर्देश दिए थे।

थानाध्यक्ष नेहरू कॉलोनी मनोज नौटियाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और सर्विलांस व तकनीकी माध्यमों से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की। सटीक जानकारी मिलने पर देहरादून पुलिस की एक टीम बिहार रवाना हुई। पुलिस टीम ने 17 मई 2026 को ग्राम अमाही (थाना बरौल, जनपद दरभंगा, बिहार) में घेराबंदी कर इनामी बिरजू पुत्र चमेली राम है, जो कि ग्राम अमाही, पो.ओ. अहिलवार, थाना बरौल, जनपद दरभंगा, बिहार का निवासी बिरजू को धर दबोचा। पुलिस ने स्थानीय कोर्ट से उसका ट्रांजिट रिमांड हासिल किया और उसे देहरादून ले आई।

## नगर निगम ने की डेयरियों के खिलाफ कार्रवाई

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नगर निगम के पशुचिकित्सा अनुभाग की टीम ने पार्षद आलोक कुमार वार्ड संख्या-72 के देहराखास स्थित सामुदायिक केन्द्र के आस-पास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ अव्यवसायिक डेयरी स्वामियों ( मनमोहन सिंह नेगी, बृज मोहन सिंह नेगी, श्रीमती सरोजनी) द्वारा इस स्थान पर अवैध रूप से गोबर डाला जा रहा था, जिससे क्षेत्र में गंदगी एवं दुर्गंध की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। इस बावत कई बार क्षेत्रीय लोगों द्वारा तथा अन्य माध्यमों से निरंतर शिकायतें प्राप्त हो रही थी जिस पर कार्यवाही करते हुये टीम द्वारा इन अव्यवसायिक डेयरी स्वामियों के विरूद्ध नोटिस की कार्यवाही की गई तथा अपने पशुओं का पंजीकरण कराने हेतु पंजीकरण फार्म वितरित किये गये साथ ही उनको निर्देश दिये गये कि 03 दिवस के भीतर सामुदायिक केन्द्र से गोबर साफ करवाना सुनिश्चित करें साथ ही उनको चालानी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।



**■ गंदगी व गोबर नाले में बहाने पर चालान काटा, दी गई सख्त चेतावनी**

इस सामुदायिक केन्द्र से लगते हुए वार्ड 73 में भी निरीक्षण किया गया तथा वहां पर भी डेयरी स्वामियों को डेयरी पंजीकरण कराने के लिए फार्म वितरित किये गये। दोनों वार्डो के डेयरी स्वामियों को बताया गया कि किसी भी स्थिति में गोबर को नाले में न बहाया जाय अन्यथा की स्थिति में उनके विरूद्ध सख्त चालानी कार्यवाही की जायेगी।

वार्ड संख्या 65 की डेयरी का भी निरीक्षण लगातार आ रही शिकायतों के क्रम में किया गया जिसमें डेयरी स्वामी वाजिद, पहलवान डेयरी, नेहरू ग्राम गढवाली कालोनी, देहरादून को दो बार नोटिस दिया गया , लेकिन शिकायत का निस्तारण डेयरी स्वामी द्वारा न करने पर रू 41,000/- की चालानी कार्यवाही का नोटिस दिया गया जिस पर इनके द्वारा चालान जमा न करने की स्थिति में इस डेयरी को नियमानुसार सील करने की कार्यवाही की जायेगी के आदेश भी डेयरी स्वामी को दिये गये।

इसके साथ ही धोरन के पास दून ट्राफलगर सोसायटी के पास स्थित एक डेयरी की शिकायत प्राप्त होने पर जांच की गई जिसमें अत्यधिक गंदगी पाई गई तथा गोबर का निस्तारण ठीक से नहीं किया जा रहा था। इस डेयरी की शिकायत पशु- प्रेमियों द्वारा प्राप्त हुयी थी जो मौके पर भी उपस्थित थे। उपरोक्त डेयरी की स्वामी श्रीमती मृदुला गुरंग को तत्काल रू 20,000/- के चाालनी कार्यवाही का नोटिस दिया गया इससे पूर्व भी उक्त डेयरी की शिकायत प्राप्त होने पर चालानी एवं नोटिसी कार्यवाही की जा चुकी है।

इसके अलावा जिलाधिकारी महोदय के जनता दरबार कार्यक्रम से प्राप्त शिकायत के क्रम में हिमज्योति इन्कलेव शिमला बाईपास पित्थुवाला देहरादून की श्रीमती अनुपमा शर्मा द्वारा की गई डेयरी से संबंधित शिकायत के क्रम में श्रीमती अनुपमा शर्मा के घर से लगती हुयी डेयरी का व्यवसाय करने वाले बुन्दुहसन की डेयरी का निरीक्षण किया गया जिसमें उनके द्वारा बिना पंजीकरण के पशुओं को रखा गया था तथा गोबर नाले में बहाया जा रहा था। इनको इस बाबत रू 20,000/- की चालानी कार्यवाही का नोटिस दिया गया तथा तत्काल अनुपमा शर्मा की दीवार से लगती हुयी डेयरी की दीवार को बंद करने के आदेश दिये गये जिससे पड़ोसियों के घर मे बदबू को रोका जा सके अन्यथा की स्थिति में इस डेयरी को नियमानुसार सील करने की कार्यवाही की जायेगी के आदेश भी डेयरी स्वामी को दिये गये।

## पीड़ित महिला की गुहार पर कोतवाली पहुंचीं मेयर भंडारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर की महापौर आरती भंडारी मंगलवार को एक पीड़ित महिला की समस्या सुनने के बाद खुद श्रीनगर कोतवाली पहुंची। जानकारी के अनुसार, शीतला माता मंदिर रोड भक्तियाना निवासी अनीता बहुगुणा रोते हुए मेयर कार्यालय पहुंचीं और अपनी पीड़ा बताई। महिला ने आरोप लगाया कि उनके घर में 23 जनवरी को चोरी हुई थी, जिसमें सोने के गहने चोरी कर लिए गए। लगभग आठ तोला सोने के जेवर, उनका कहना है कि उन्हें चोरी करने वाले व्यक्ति के बारे में जानकारी है और उन्होंने पुलिस को भी पूरी जानकारी दे दी है। महिला का आरोप है कि उनके परिचित परिजन ने ही उस समय घर में चोरी की, जब वह घर पर मौजूद नहीं थीं। पीड़िता ने बताया कि घटना के कई महीने बाद भी न तो चोरी का खुलासा हुआ और न ही उन्हें न्याय मिल पाया। उनका कहना है कि लगातार गुहार लगाने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। बाद में जब वह एसएसपी के पास पहुंचीं, तब जाकर 4 मई को मुकदमा दर्ज किया गया। महिला की व्यथा सुनकर मेयर आरती भंडारी ने तुरंत मामले का संज्ञान लिया और उन्हें साथ लेकर सीधे कोतवाली पहुंचीं। वहां उन्होंने पुलिस कर्मियों से मामले समाधान निकालने को कहा। मेयर ने पीड़ित महिला को भरोसा दिलाया कि उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। श्रीनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पूर्व में चोरी के मामले को लेकर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है, जल्द ही महिला की समस्या का समाधान किया जाएगा।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-428 **निविदा सूचना** दिनांक- 19/05/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, (जानपद), यूजेवीएन लिमिटेड, कालागढ़ इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है।
**निविदा संख्या :04/EE(Civil)/Kalagarh/Pauri Garhwal/2026-27.**
**कार्य का नाम :** "कालागढ़ में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के नवीनीकरण का कार्य"
**अनुमानित लागत :** रू0 8,47,262.40 (GST अतिरिक्त)।
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 20.05.2026, 17:00 बजे से।
**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि:** 10.06.2026, 15:00 बजे तक।
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट **www.ujvnl.com** से डाउनलोड किये जा सकते है।
**अधिशासी अभियन्ता, (जानपद),**
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-427 **अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना** दिनांक- 19/05/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, परियोजना जानपद अनुरक्षण (गंगावैली), मायापुर, हरिद्वार द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है: -
**1. निविदा सूचना सन्दर्भ:-**
**निविदा संख्या:-03/2026-27/अधि0अभि0/पीसीएम(जीवी)/मायापुर:-** घासीराम कॉज्वे सड़क की विशेष मरम्मत एवं चीला विद्युत गृह से भीमगौड़ा बैराज तक सड़क की मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य।
**2. निविदा लागत:-** रू0 27,77,427.83 मात्र, जी0एस0टी0 अतिरिक्त। ।
**3. वेबसाइट पर निविदा की उपलब्धता की तिथि एवं समय :-** 19 मई, 2026 11:00 बजे से।
**4. निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय :-** 26 मई, 2026 13:00 बजे तक।
अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **http://uktenders.gov.in** देखें।
**अधिशासी अभियन्ता, परि0जान0अनु0 (गंगावैली),**
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

## हेमकुंट साहिब यात्रा का पहला जत्था आज होगा रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऋषिकेश।** विश्व प्रसिद्ध सिख तीर्थस्थल श्री हेमकुंट साहिब यात्रा-2026 का काउंटडाउन शुरू हो गया है। बुधवार को ऋषिकेश से पंज प्यारों के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का पहला जत्था पावन यात्रा के लिए रवाना होगा। गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस भव्य प्रस्थान एवं सम्मान समारोह में कई दिग्गजों का जमावड़ा लगेगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि. ), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू शिरकत करेंगे। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री, संत समाज के प्रतिनिधि और भारी संख्या में संगत मौजूद रहेगी।

**8 वर्षीय 'एआई विजकिड' रणवीर सिंह होंगे सम्मानित**

इस वर्ष का मुख्य आकर्षण 8 वर्षीय सिख बालक मास्टर रणवीर सिंह सचद. ेवा का सम्मान समारोह होगा। इतनी कम उम्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कोडिंग में महारत हासिल करने वाले रणवीर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एप्पल के सीईओ टिम कुक, गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन जैसे वैश्विक दिग्गज सराह चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र (न्यूयॉर्क) और श्एआई फॉर गुडश (स्विट्जरलैंड) जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का नाम रोशन करने वाले रणवीर को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा।

**सिख विरासत पर आधारित पुस्तकों का होगा विमोचन:** ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि बुधवार सुबह 10:00 बजे ऋषिकेश गुरुद्वारे में अरदास, शबद कीर्तन और निशान साहिब की छत्रछाया में जत्थे को पारंपरिक रूप से विदा किया जाएगा। इस पावन अवसर पर सिख इतिहास और आध्यात्मिक ज्ञान को समृद्ध करने वाली दो विशेष पुस्तकों का औपचारिक विमोचन भी किया जाएगा।

**दास्तान-ए-सिखी संग्रहालय का उद्घाटन:** यात्रा के शुभारंभ के साथ ही ऋषिकेश गुरुद्वारा परिसर में नवनिर्मित "दास्तान-ए-सिखी" संग्रहालय का उद्घाटन किया जाएगा। यह अत्याधुनिक संग्रहालय सिख इतिहास, गुरु परंपरा और गौरवशाली विरासत से जुड़ी पावन घटनाओं को जीवंत करेगा, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा और ज्ञान का मुख्य केंद्र बनेगा।

**कार्यालय-नगर निगम कण्वनगरी, कोटद्वार (पौडी गढवाल)**

पत्रांक 992/नि.अनु./नि.का./2026-27 दिनांक 19.05.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार के पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यो की सील बन्द निविदाएॅ दिनांक 26.05.2026 को अपराहन 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 21.05.2026 से 25.05.2026 को अपराहन 04:00 तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त प्राप्त किये जा सकते है। निविदा दिनांक 26.05.2026 को सायं 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। किसी भी दर/निविदा को अस्वीकृत अथवा निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार नगर निगम आयुक्त, नगर निगम कोटद्वार के पास सुरक्षित होगा। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क +18% GST | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं. 11 में झण्डाचौड पर पायनर की दुकान के पास एन.एच. रोड पर जल निकासी हेतु आर.सी.सी. पुलिया का निर्माण कार्य। | 20,600.00 | 1000 +180 | 30 दिन | 45 दिन |

**सहायक नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार**

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ऋषिकुल मैदान पहुंचे डीएम, चारधाम यात्रा पंजीकरण व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने मंगलवार को ऋषिकुल मैदान स्थित ऑफलाइन पंजीकरण केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर मौजूद व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया तथा पंजीकरण कराने पहुंचे श्रद्धालुओं से सीधे संवाद कर सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पंजीकरण केंद्र में बनाए गए विभिन्न काउंटरों, प्रतीक्षालय, पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं, शौचालयों तथा हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यात्रा सीजन के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, इसलिए व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पंजीकरण प्रक्रिया को सरल एवं त्वरित बनाया जाए ताकि यात्रियों को अधिक समय तक कतारों में खड़ा न रहना पड़े।



जिलाधिकारी ने पंजीकरण कराने आए तीर्थ यात्रियों से बातचीत करते हुए पूछा कि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं हो रही है। कई श्रद्धालुओं ने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि पंजीकरण प्रक्रिया पहले की अपेक्षा अधिक सुव्यवस्थित और सुगम हुई है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाए और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में चारधाम यात्रा अपने चरम पर है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार पहुंच रहे हैं। ऐसे में प्रशासन का दायित्व और अधिक बढ़ जाता है। मुख्यमंत्री के निर्देशन में तीर्थ यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु यात्रा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि श्रद्धालुओं को किसी भी स्तर पर असुविधा का सामना न करना पड़े और उन्हें यात्रा के दौरान सकारात्मक अनुभव प्राप्त हो।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि केंद्र पर साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था रखी जाए। गर्मी को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध रहे तथा चिकित्सा सुविधाएं हर समय सक्रिय रहें। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए विशेष सहायता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि उन्हें पंजीकरण में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। साथ ही हेल्प डेस्क पर तैनात कर्मचारियों को यात्रियों के साथ विनम्र व्यवहार करने के निर्देश भी दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि चारधाम यात्रा देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ी यात्रा है और हरिद्वार इस यात्रा का प्रमुख प्रवेश द्वार होने के कारण यहां की व्यवस्थाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें। इस अवसर पर जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल ने जानकारी देते हुए बताया कि चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक ऑनलाइन माध्यम से 37 लाख 28 हजार 571 श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं, जबकि ऋषिकुल मैदान स्थित ऑफलाइन पंजीकरण केंद्र पर अब तक 1 लाख 94 हजार 172 श्रद्धालुओं का पंजीकरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि बढ़ती संख्या को देखते हुए केंद्र पर अतिरिक्त व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के कर्मचारियों को जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

# साइकिल चलाकर कार्यालय पहुंचे एचआरडीए सचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का असर लगातार देखने को मिल रहा है। मंगलवार को हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण के सचिव मनीष सिंह अपने आवास से प्राधिकरण कार्यालय करीब 13 किलोमीटर साइकिल चला कर पहुंचे। पीएम मोदी ने हाल ही में ईंधन की खपत कम करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए पहल करने की अपील की थी। जिसका असर देखने को मिल रहा है। पीएम की अपील पर अमल करते हुए एचआरडीए सचिव ने पहल की और सुबह साइकिल चलाकर दफ्तर पहुंचे। ऑफिस स्टाफ और लोगों ने उनके इस कदम की सराहना की। मनीष सिंह ने कहा पीएम मोदी और उत्तराखंड सीएम धामी की अपील के बाद उन्होंने साइकिल से ऑफिस आने का फैसला किया। उन्होंने लोगों से ईंधन संरक्षण के लिए प्रयास करने की अपील भी की।



## संक्षिप्त खबर

### अंदरूनी बाजार में ट्रक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**हरिद्वार।** ज्वालापुर के अंदरूनी बाजार में मंगलवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मस्जिद जा रहे बुजुर्ग को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक अंसारी मार्केट स्थित हुसैनिया मस्जिद में बुजुर्ग नूर मोहम्मद उर्फ नूरा खिदमत करते हैं। रोजाना की तरह मंगलवार की सुबह वह मस्जिद जा रहे थे। इसी दौरान बाजार में पहुंचे एक ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बुजुर्ग ने मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया। पुलिस ने ट्रक चालक निवासी पीलीभीत को हिरासत में लिया। प्रारंभिक जांच में गूगल मैप के सहारे चलते हुए गलती से अंदरूनी बाजार में पहुंचने की बात सामने आई है। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गंगा में नहाते समय युवक बहा, तलाश जारी

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र के प्रेम नगर आश्रम घाट पर गंगनहर में नहाते समय एक युवक तेज बहाव में बहकर लापता हो गया। सूचना मिलने के बाद जल पुलिस और स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक की तलाश शुरू की, लेकिन देर शाम तक उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। पुलिस कंट्रोल रूम को मंगलवार सुबह सूचना मिली कि एक युवक अपने चार-पांच दोस्तों के साथ प्रेम नगर आश्रम घाट पर नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते बहाव में लापता हो गया। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई। युवक के साथ मौजूद दोस्तों और परिजनों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई गई। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि लापता युवक की पहचान शान मलिक पुत्र मेहबूब निवासी जियापोता, कनखल के रूप में हुई है और वह मोटरसाइकिल मैकेनिक का काम करता था।

### मछली पालन खेत पर शराब पार्टी के बाद मारपीट

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव भोवापुर चमरावाला में खेत पर बैठकर शराब पीने के दौरान दो पक्षो में मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार भोवापुर चमरावाला निवासी सुनील कुमार पुत्र खड़क सिंह ने फेरूपुर चौकी में तहरीर देकर बताया कि वह अपने खेत में मछली पालन करता है और रोजाना देर शाम तक खेत की रखवाली करता है। आरोप है कि 11 मई की शाम को राज सिंह पुत्र रघुवीर सिंह का उसके पास फोन आया। बातचीत के दौरान राज सिंह ने खेत पर आने की बात कही। कुछ देर बाद दोनों खेत पर बैठकर शराब पीने लगे। इसी दौरान किसी बात को लेकर राज सिंह ने गाली- गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने सुनील कुमार के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में सुनील किसी तरह जान बचाकर घर पहुंचा। खून से लथपथ हालत देखकर ग्रामीणों ने उसके भाई को सूचना दी, जिसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर राज सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कलियुगी पिता गिरफ्तार, दो बेटियों से दरिंदगी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र में रिश्तों को तार-तार कर देने वाला एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने समाज को झकझोर कर रख दिया है। यहाँ एक कलियुगी पिता जो बेटियों की ढाल होता है। वही बाप लंबे समय से अपनी ही नाबालिग बड़ी बेटी का शारीरिक शोषण कर रहा था। दरिंदगी की हदें तो तब पार हो गईं जब इस हवसी पिता ने अपनी छोटी बेटी की अस्मत पर भी गंदी नजर डाल दी। विरोध करने पर वह अपनी पत्नी और बच्चों से अक्सर बेरहमी से मारपीट करता था। आखिरकार परेशान घरवालों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने इस हैवान पिता के खिलाफ थाने में तहरीर देकर इंसाफ की गुहार लगाई, पुलिस ने तहरीर के आधार पर पोक्सो आदि की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चंद घंटों के भीतर ही आरोपी पिता को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।

दरअसल, बीते दिन पथरी थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता (आरोपी की पत्नी) ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका पति उसकी 15 वर्षीय बड़ी बेटी के साथ दुष्कर्म कर रहा था और अब उसने अपनी 14 वर्षीय छोटी बेटी के साथ भी छेड़छाड़ कर जबरदस्ती का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तत्काल पोक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में फेरुपुर चौकी प्रभारी विपिन कुमार, उप निरीक्षक शाहिदा परवीन, कांस्टेबल अजीत तोमर, अनिल पवार, के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आरोपी को दबोचने के लिए हर संभावित ठिकाने पर दबिश देनी शुरू की। पुलिस की इस मुस्तैदी का नतीजा यह रहा कि मुकदमा दर्ज होने के चंद घंटों के भीतर ही, मुखबिर की सटीक सूचना पर आरोपी को घिस्सुपुरा से पथरी जाने वाले सड़क मार्ग से गिरफ्तार कर लिया गया। न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।



# जीवन का प्रत्येक क्षण अच्छे कर्मों और प्रभु भक्ति में लगाना चाहिए : पुण्डरीक गोस्वामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्री गंगा सभा द्वारा हरकी पैड़ी के मालवीय घाट पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन की कथा श्रवण कराते हुए कथाव्यास मन्माध्व गौडेश्वर वैष्णवाचार्य पुण्डरीक गोस्वामी ने कहा कि भागवत कथा केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक है। उन्होंने बताया कि कलियुग में भगवान के नाम का स्मरण और कथा श्रवण ही मनुष्य को दुखों से मुक्ति दिला सकता है। उन्होंने समझाया कि मनुष्य को अपने जीवन का प्रत्येक क्षण अच्छे कर्मों और प्रभु भक्ति में लगाना चाहिए। जूना पीठाधीश्वर आचार्य म.मं. स्वामी अवधेशानंद गिरि भी कथा में शामिल हुए। श्रीगंगा सभा के महामंत्री तन्मय वशिष्ठ सहित विभिन्न पदाधिकारियों ने उनका स्वागत कर आर्शीवाद लिया। अमृतसर के अग्रवाल परिवार और श्रीगंगा सभा के पदाधिकारियों ने व्यासपीठ का पूजन किया। श्रीगंगा सभा के महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने कथा के आयोजन एवं सनातन संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए कथा व्यास का आभार जताया। उन्होने कहा कि भागवत कथा न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत कर रही है, बल्कि लोगों को प्रेम, सद्भाव और संस्कारों का संदेश भी दे रही है। उन्होने अग्रवाल परिवार के साथ सभी के लिए मां गंगा से मंगलकामना की। इस दौरान श्रीगंगा सभा उपाध्यक्ष हनुमंत झा, स्वागत मंत्री सिद्वार्थ चक्रपाणि, समाज कल्याण मंत्री विकास प्रधान, प्रचार मंत्री गोपाल प्रधान के अलावा श्रीगंगा सभा के सभी पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोगों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



# सुराज सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष ने उठाए नगर निगम भूमि घोटाले की जांच पर सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सुराज सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष रमेश जोशी ने नगर निगम भूमि घोटाले की जांच पर सवाल उठाते हुए पुन: निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई मांग की है। प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान रमेश जोशी ने पटवारी, कानूनगो एवं तहसीलदार की कार्यप्रणाली सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि दोषियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। भूमाफियाओं एवं अधिकारियों की मिलीभगत के कारण ही नगर निगम भूमि घोटाला हुआ है। जनहित में घोटाले की पुन:विस्तृत जांच कर घोटाले की करोड़ों की राशि की रिकवरी की जाए। जांच का सामना कर रहे वर्षो से जनपद में जमे अधिकारियों और कर्मचारियों को अन्य जनपद में भेजा जाए। रमेश जोशी ने बताया कि जांच की मांग को लेकर वे 23 मई को राजस्व परिषद कार्यालय पर धरना प्रदर्शन भी करेंगे। रमेश जोशी ने यह भी आरोप लगाया कि जनपद में बाहर रह रहे लोगों की जमीनों पर कब्जे के मामले भी बढ़ रहे हैं। जिसमें लंबी कानूनी लड़ाई के बाद भी पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। पत्रकारवार्ता के दौरान रमेश जोशी के साथ संगठन के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### हलाला का मामला दर्ज कराने वाली पीड़िता से मिले उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष

# हर पीड़िता महिला के साथ खड़ी है सरकार : शादाब शम्स

### मुख्यमंत्री का संदेश दिया और कानूनी लड़ाई का पूरा खर्च वक्फ बोर्ड द्वारा उठाने की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स हलाला का मामला दर्ज कराने वाली पीड़िता के घरे पहुंचे और उन्हें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का संदेश दिया। शादाब शम्स ने कहा कि उत्तराखंड सरकार हर पीड़ित महिला के साथ मजबूती से खड़ी है शीघ्र न्याय दिलाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। शादाब शम्स ने पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए कानूनी लड़ाई में आने वाला पूरा खर्च उत्तराखंड वक्फ बोर्ड द्वारा वहन किए जाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के संदेश का उल्लेख करते हुए शादाब शम्स ने कहा कि जिस प्रकार देश में मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक जैसी कुप्रथा से राहत दिलाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए गए, उसी प्रकार उत्तराखंड सरकार महिलाओं की गरिमा, सम्मान न्याय के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी महिला को सामाजिक कुरीतियों, अन्याय या शोषण का शिकार नहीं होने दिया जाएगा। उत्तराखंड में प्रत्येक पीड़ित महिला को न्याय दिलाना सरकार की प्राथमिकता है और सरकार उनके साथ मजबूती से खड़ी है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष एजाज हसन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के खिलाफ होने वाले अत्याचारों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करती है। महिलाओं के खिलाफ किसी भी प्रकार का अत्याचार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पीड़िता एवं उनके परिवारजनों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यूसीसी कानून महिलाओं को न्याय दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। इस दौरान सुबोध राकेश, मंडल अध्यक्ष अश्वनी कंबोज, राहुल मुल्तानी, मोहसिन मंसूरी, मुर्सलीन, विजय पाल, खुर्रम मलिक, परवेज आलम, गुलफाम शेख, सलमान, राव अम्बरीन सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।



# कब्रिस्तान प्रबंधन को फर्जी मुकदमें में फंसाने का आरोप, तीन नामजद सहित कई पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कोतवाली रानीपुर क्षेत्र स्थित सुभाषनगर कब्रिस्तान प्रबंधन को कथित तौर पर झूठे मामले में फंसाने, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और सोशल मीडिया के जरिए दबाव बनाने का मामला सामने आया है। कब्रिस्तान प्रबंध समिति के सचिव की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपितों समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक डीपीएस स्कूल के पीछे स्थित वक्फ कब्रिस्तान की देखरेख करने वाली प्रबंध समिति के सचिव वाजिद अली ने एसएसपी को शिकायत दी थी। उन्होंने बताया कि यह सार्वजनिक कब्रिस्तान है, जहां सभी बिरादरियों के शव निशुल्क दफनाए जाते हैं और मुस्लिम समाज की आस्था इस स्थल से जुड़ी हुई है। आरोप लगाया कि बाबर खान, फैजान उर्फ सोनू, साजिद और अन्य लोगों ने सुनियोजित तरीके से कब्रिस्तान के मृत्यु पंजीकरण रजिस्टर और दस्तावेजों पर फर्जी हस्ताक्षर कराए। आरोप है कि साजिद और उसकी मृतक मां सगीरन के पहचान पत्रों की प्रतियां तथा फर्जी हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान लगाकर कब्रिस्तान की रसीद हासिल करने का प्रयास किया गया। आरोप है कि इन लोगों ने खुद को पत्रकार बताते हुए उन पर दबाव बना रहे थे। उनसे कहा गया कि या तो रसीद जारी करो या 50 हजार दो, अन्यथा सोशल मीडिया पर बदनाम कर दिया जाएगा। रुपये देने से इन्कार करने पर फेसबुक, व्हाट्सएप और यूट्यूब पर भ्रामक सामग्री प्रसारित की गई। कुछ समाचार पत्रों के नाम का दुरुपयोग कर फर्जी खबरें वायरल की गईं, जबकि संबंधित तिथि में ऐसी कोई खबर प्रकाशित नहीं हुई थी। कब्रिस्तान के फोटो और गेट की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर प्रसारित की गईं, जिससे समुदाय विशेष में भ्रम और तनाव की स्थिति बनने की आशंका जताई गई है। आरोप लगाया कि यह गिरोह लोगों के खिलाफ शिकायतें कर उन्हें ब्लैकमेल करने का काम करता है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। बाबर खान और फैजान उर्फ सोनू के खिलाफ पूर्व में भी ज्वालापुर कोतवाली में मुकदमे दर्ज हैं। कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# शिव भक्ति और ओम नमः शिवायं मंत्र ही कलयुग में मोक्ष का मार्ग : सुतिक्ष्ण मुनि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जस्साराम रोड़ स्थित श्री जगद्गुरू उदासीन आश्रम के 55वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही श्री शिव महापुराण कथा के सातवें दिन श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि ने कहा कि भगवान शिव ही इस संसार के सृजनकर्ता, पालक और संहारक हैं। शिव को पंचदेवों में प्रधान और परमेश्वर के रूप में स्थान प्राप्त है। उन्होंने कहा कि तमाम दोषों से युक्त कलयुग में भगवान शिव की सच्ची भक्ति और ओम नमः शिवाय का मंत्र का जाप ही मोक्ष का मार्ग है। शिव महापुराण कथा का श्रवण और मनन करते हुए कथा से मिले ज्ञान को आचरण में धारण करने से कलयुग के दुष्प्रभावों से बचाव संभव है। भगवान शिव की नगरी हरिद्वार के गंगा तट पर संतों के सानिध्य में कथा श्रवण से प्राप्त होने वाला पुण्य फल कई गुना बढ़ जाता है। कथाव्यास पंडित लक्ष्मी नारायण शास्त्री ने शिव पार्वती विवाह की पूर्णता, कार्तिकेय जन्म, तारकासुर वध, शिव महिमा, पंचाक्षर मंत्र, शिव पूजन और पार्थिव शिवलिंग आदि प्रसंग सुनाते कहा कि सेवा ही जीवन मे सुख, शांति और सफलता का मार्ग है। माता, पिता और गुरू की सेवा तथा भगवान शिव की आराधना सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश ने अपने माता पिता शिव पार्वती की परिक्रमा कर प्रथम पूज्य का अधिकार प्राप्त किया। मुख्य यजमान कान्ता दुग्गल, नितिन दुग्गल, तरूण तुग्गल, चीतेश दुग्गल ने सभी संतों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी दिनेश दास, स्वामी ज्योर्तिमयानंद, साध्वी नाराण गिरी, भावना सखेड़ी, महेन्द्र सेठी, सहित कई संत महंत मौजूद रहे।

# बुक्कनपुर में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, क्रॉस मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम बुक्कनपुर में मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट, घर में घुसकर हमला और युवक को बंधक बनाकर पीटने तक पहुंच गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर क्रॉस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बुक्कनपुर निवासी हरप्रीत सिंह पुत्र साहब सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि 16 मई की शाम करीब 6 बजे गांव के मनजीत पुत्र चमकार, निरभउ व गुरुसहाब पुत्रगण हरजिन्द्र तथा चमकार पुत्र भजन सिंह उसके घर के बाहर गाली-गलौज कर रहे थे। आरोप है कि विरोध करने पर उक्त लोग घर में घुस आए और लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिसमें हरप्रीत घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष से गुरमीत कौर पत्नी चमकार सिंह निवासी बुक्कनपुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 मई की शाम करीब 7:20 बजे वह अपने नाबालिग पुत्र मनजोत सिंह के साथ टहलकर घर लौट रही थी। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले हरवीत सिंह पुत्र साहब सिंह, साहब सिंह पुत्र भजन सिंह तथा सुखविंद्र कौर पत्नी साहब सिंह ने रास्ते में घेरकर मनजोत पर लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। युवक को घसीटकर घर के अंदर बंद कर दिया, मारपीट करते हुए पीड़ित को निर्वस्त्र कर वीडियो बनाने और वायरल करने की धमकी भी दी गई। घटना की सूचना 112 पर दी गई, जिसके बाद पहुंची पुलिस ने युवक को आरोपियों के घर से मुक्त कराया और उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पथरी थाना प्रभारी रविंद्र कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर मिली है, मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर क्रॉस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस निगरानी बनाए हुए हैं।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मैने अपना नाम शिक्षावती बालियान (Shikshawati Baliyan) (पुराना नाम) से बदलकर शिक्षा बालियान (Shiksha Baliyan)(नया नाम) कर लिया हैं, भविष्य में मझे शिक्षा बालियान (Shiksha Baliyan) (नया नाम) W/o श्री वीर सिंह (Veer Singh) के नाम से जाना पहचाना जाए, पता 19, भगवन्तपुरम, कनखल, हरिद्वार


# पुरानी रंजिश में युवकों पर जानलेवा हमला, लोहे की रॉड-डंडों से पीटा

### नकाबपोश समेत छह बदमाशों ने रास्ते में घेरकर किया हमला, मुकदमा वापस लेने का बना रहे थे दबाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर दो युवकों पर जानलेवा हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि दो स्कूटी पर सवार छह बदमाशों ने दिनदहाड़े रास्ता रोककर युवकों पर लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपी पहले दर्ज मुकदमे को वापस लेने का लगातार दबाव बना रहे थे। कनखल पुलिस ने नामजद समेत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बलवा, मारपीट, धमकी और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ज्वालापुर के मोहल्ला कोटनिफ्स निवासी नेक मोहम्मद पुत्र असलम खान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार को वह अपने मामा के बेटे अनस उर्फ अयान और एक दोस्त के साथ ग्राम जमालपुर कलां स्थित स्विमिंग पूल गया था। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे जब तीनों वापस लौट रहे थे, तभी राजकीय विद्यालय के पास पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि दो स्कूटी पर पहुंचे छह युवकों में तीन नकाबपोश थे। इनमें सुब्हान उर्फ असद पुत्र शाकिर खान निवासी पांवधोई ज्वालापुर, महरद्दीन उर्फ भोलू निवासी धीरवाली और अमन पुत्र शकील निवासी अहबाब नगर को पहचान लिया गया, जबकि तीन अन्य आरोपी नकाबपोश थे। आरोपियों ने पहले गाली-गलौच की और फिर लोहे की रॉड व लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। पीड़ित नेक मोहम्मद के मुताबिक हमले में उसके हाथ में गंभीर चोट आई, जबकि अनस उर्फ अयान के हाथ, पैर और गर्दन के पास चोटें लगीं। जान बचाने के लिए दोनों को मौके से भागना पड़ा। आरोप है कि हमलावर पीछा करते हुए पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते रहे। शोर-शराबा सुनकर आसपास लोगों की भीड़ जमा होने लगी, जिसके बाद आरोपी फरार हो गए। पीड़ित पक्ष का कहना है कि इससे पहले भी जिम में मारपीट और धमकी देने का मुकदमा ज्वालापुर कोतवाली में दर्ज कराया गया था। उसी मामले में समझौते और मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा था। विरोध करने पर आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया। घायलों का उपचार सरकारी अस्पताल में कराया गया। पीड़ितों ने घटना की सीसीटीवी फुटेज और चोटों के फोटो भी पुलिस को सौंप दिए हैं। बताया जा रहा है कि आरोपियों के खिलाफ पहले से भी जानलेवा हमला, फायरिंग और मारपीट के कई मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, एसएसआई कनखल अनुज सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है और अज्ञात बदमाशों की शिनाख्त के प्रयास भी किए जा रहे है।





# संत समाज ने पूर्व सीएम बीसी खंडूरी के निधन पर व्यक्त किया शोक

### सभी स्मृतियों में सदैव जीवंत रहेंगे भुवनचंद्र खंडूरी : रविंद्रपुरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** संत समाज ने पूर्व मुख्यमंत्री भुवनचंद्र खंडूरी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भुवनचंद्र खंडूरी सहज और सरल व्यक्तित्व के धनी थे। अटल सरकार में केंद्रीय मंत्री तथा उसके बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने विकास योजनाओं को जिस प्रकार धरातल पर लागू किया, वह प्रशंसनीय और प्रेरणादायी है। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि सख्त प्रशासक के रूप में पहचान बनाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री भुवनचंद्र खंडूरी सभी की स्मृतियों में सदैव जीवंत रहेंगे। मां गंगा उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दे। अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरी ने कहा कि भुवनचंद्र खंडूरी का उत्तराखंड की राजनीति में एक विशेष स्थान रहा है। संत समाज को भी हमेशा सहयोग मिला। आचार्य म.मं. स्वामी कैलाशानंद गिरी, आचार्य म.मं. स्वामी बालकानंद गिरी, श्रीमहंत रामरतन गिरी, म.मं. स्वामी हरिचेतनानंद, श्रीमहंत दुर्गादास, महंत बलवंत सिंह, स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी, श्रीमहंत ज्ञानदेव सिंह, महंत जसविंदर सिंह, श्रीमहंत नारायण गिरी, श्रीमहंत प्रेम गिरी, स्वामी ऋषि रामकृष्ण, स्वामी ऋषिश्वरानंद, स्वामी अनंतानंद गिरी, स्वामी रामानुज सरस्वती, स्वामी नागेंद्र, स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती, म.मं. स्वामी राजेंद्रानंद सहित तमाम संतों ने पूर्व मुख्यमंत्री बीसी खंडूरी के निधन पर दुख जताया।

**सूचना**


मेरे व्यवहारी राजकुमार पुत्र श्री ओमप्रकाश की सम्पत्ति का पुराना बैनामा जो की श्रीमती नर्गिस पत्नी आबिद के हक में किया था। जो बही नं0-1, जिल्द नं0-2836, पृष्ठ नं0-161 से 178, क्रमांक नं0-8906, दिनांक 10/07/2013 पर पंजीकृत है जो कहीं खो गया है। यदि किसी को यह दस्तावेज मिलता है या किसी को कोई आपत्ति हो, तो कृप्या सम्पर्क करें। - वीरेंद्र सिंह, एडवोकेट, चैंबर नं. 27, तहसील रुड़की मो0 नं0 9412073170

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# गौराघाटी में देवदार कटान को लेकर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

■ वन विभाग के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन



शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** तहसील क्षेत्र की गौराघाटी स्थित रिखनाड रेंज में देवदार के कथित अवैध कटान को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी शिकायत लेकर वन विभाग के कार्यालय पहुंचे, जहां अधिकारियों के रवैये से नाराज ग्रामीणों ने विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के अधिकारियों ने पहले उनसे मुलाकात कर समस्याएं सुनने का आश्वासन दिया था, लेकिन बाद में एसडीओ बिना बात. चीत किए ही वहां से चले गए। इससे ग्रामीणों में नाराजगी और बढ़ गई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि उन्हें अपनी बात रखने तक का पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गौराघाटी के जंगलों में लगातार देवदार के पेड़ों का कटान हो रहा है, लेकिन वन विभाग इस मामले में गंभीरता नहीं दिखा रहा। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो क्षेत्र के जंगलों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों पर पड़ेगा।

प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। साथ ही प्रभागीय वन अधिकारी से मामले का तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक कदम उठाने की अपील भी की गई। ज्ञापन पर क्षेत्र पंचायत सदस्य पुनाह पोखरी सरदार सिंह चौहान, विजयपाल सिंह सदर स्याणा, वीरेंद्र सिंह, संजय नेगी, यशपाल रावत सहित अन्य ग्रामीणों के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

वहीं, इस संबंध में प्रभागीय वन अधिकारी चकराता विभव सिंह ने दूरभाष पर बताया कि किसी कारणवश एसडीओ ग्रामीणों से मुलाकात नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया है कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान उनसे मिलकर सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी तथा उनकी समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा।

# दो मासूमों की जान बचाने वाले युवकों को जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने किया सम्मानित



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** शक्ति नहर में दो मासूम बच्चों की जान बचाकर मानवता की मिसाल पेश करने वाले युवकों का लगातार सम्मान किया जा रहा है। इसी कड़ी में जमीयत उलेमा-ए-हिंद तहसील विक. ासनगर ने नवाबगढ़ पहुंचकर दोनों युवकों की हौसला अफजाई की।

गौरतलब है कि शनिवार को शक्ति नहर में एक महिला अपने दो बच्चों के साथ कूद गई थी। इस दौरान नवाबगढ़ निवासी मोहम्मद मुकर्रम और जीवनगढ़ निवासी मोहम्मद शोएब ने अपनी जान की परवाह किए बिना बहादुरी दिखाते हुए दोनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया और उनकी जान बचाई।

इस साहसिक कार्य के लिए पहले ही उनको सम्मानित किया जा चूका है। वहीं, सोमवार को जमीयत उलेमा-ए-हिंद पदाधिकारियों ने भी दोनों युवकों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान नायब सदर कारी शहजाद, सदर कारी फरीद, सेक्रेटरी मौलाना अब्दुल खालिक, मौलाना जीशान, हाफिज फारुख और मौलाना रिहान गनी समेत अन्य जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

# स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नगरवासियों को किया जा रहा जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 को लेकर नगरपालिका टिहरी की ओर से नगरवासियों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही नगर की स्वच्छता स सुंदरता को लेकर सुझाव भी मांगा है जिसके तहत क्यूआर कोड स्केन करने को कहा गया। स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नगरपालिका की ओर से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए बाजारों में जगह-जहग होर्ल्डिंग भी लगाए गए है जिसमें जनता से अपील की गई कि नई टिहरी नगर को स्वच्छता में बेहतर स्थान दिलाए जाने के लिए पालिका का सहयोग करें साथ ही स्वच्छता को लेकर नगरवासी अपनी सुझाव भी पालिका को दे सकते हैं। नगरपालिका अध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने कहा कि नई टिहरी को सुंदर, स्वच्छ व पर्यटन स्थल बनाने जाने के लिए नगर को स्वच्छ रखने सभी नगरवासियों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि सभी व्यक्ति अपने आपस-पास का परिवेश स्वच्छ रखने के साथ ही नगर को सुंदर बनाए रखने के लिए पालिका का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से कई प्रकार की बीमारियों से बचाया जा सकता है। यदि शहर स्वच्छ व सुंदर रहेगा तो इससे बाहर से आने वाले लोगों में भी अच्छा संदेश जाएगा। लोगों को प्रयास करना चाहिए कि स्चछता में शहर को अच्छा स्थान मिले। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि पालिका की ओर से नगर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। पालिका की ओर से कहा गया है कि मास्टर प्लान नई टिहरी शहर को सुंदर व साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए लोग पालिका की ओर से दिए गए क्यूआर कोर्ड पर स्कैन कर अपने सुझाव दे सकते है ताकि उन पर अमल किया जा सके और शहर सुंदर हो सके।

# नौनिहालों को एनीमिया मुक्त बनाने की मुहिम तेज

■ चकराता ब्लॉक में बच्चों को बांटी गई आयरन सिरप



शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** क्षेत्र के नौनिहालों को एनीमिया मुक्त और स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटी कनासर में आशा कार्यकर्ताओं एवं फैसिलिटेटर्स की मासिक समीक्षा बैठक के सफल आयोजन के बाद मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र त्यूणी में भी आशा कार्यकर्ताओं एवं एएनएम की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान 6 माह से 59 माह तक के बच्चों के लिए आयरन सिरप का वितरण किया गया।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को कुपोषण और एनीमिया (खून की कमी) से बचाना है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दसऊ में भी आयरन सिरप का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में पहुंचे ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक अश्विनी कुमार एवं ब्लॉक समन्वयक महावीर सिंह राणा ने आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अश्विनी कुमार ने निर्देशित किया कि सभी आशा कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में वितरित की गई आयरन सिरप की सटीक रिपोर्ट संबंधित एएनएम को सौंपेंगी, जिसे मासिक रिपोर्ट में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा।

इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चकराता के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन तोमर ने बताया कि बच्चों में एनीमिया उनकी शारीरिक और मानसिक वृद्धि में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि 6 माह से 59 माह तक की आयु बच्चों के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और इस दौरान आयरन की कमी बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देती है।

डॉ. तोमर ने बताया कि आयरन सिरप बच्चों के शरीर में हीमोग्लोबिन स्तर सुधारने, उन्हें ऊर्जावान बनाने और मानसिक विकास को बेहतर करने में सहायक है। उन्होंने क्षेत्र के अभिभावकों से अपील की कि वे स्वास्थ्य विभाग और आशा कार्यकर्ताओं का सहयोग करें तथा अपने बच्चों को यह नि:शुल्क दवा अवश्य दिलाएं, ताकि क्षेत्र को पूर्णत: एनीमिया मुक्त बनाया जा सके। बैठक में रेखा देवी, ममता, कविता, मीना, रेखा छेत्री सहित क्षेत्र की सभी आशा कार्यकर्ता, फैसिलिटेटर और एएनएम मौजूद रहीं।

## एक नजर .......

### कोर्ट बांगर में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई



**रुद्रप्रयाग।** जनपद में अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग का अभियान लगातार जारी है। मंगलवार को कोर्ट बांगर क्षेत्र में आबकारी विभाग की टीम ने सघन छापेमारी अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने 105 पव्वे एवं 46 हाफ अवैध शराब बरामद कर संबंधित अभियोग पंजीकृत किया। मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी रमेश बगवाल ने बताया कि जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों के अनुपालन में जनपदभर में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब की बिक्री, भंडारण और तस्करी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग की ओर से नियमित रूप से छापेमारी एवं चेकिंग अभियान संचालित किए जा रहे हैं और आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। विभाग की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### नई टिहरी में रामलीला आज से, लोगों में उत्साह

**नई टिहरी।** नई टिहरी के शहर बौराडी में बुधवार से रामलीला शुरू होगी। इसको लेकर नगरवाससियों में उत्साह बना है। रामलीला समिति की ओर से इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया गया ताकि अधिक से अधिक लोग रामलीला देखने पहुंच सके। रामलीला को लेकर रामलीला मंच बौराडी में वाटर प्रूफ भव्य पंडाल तैयार किया गया है। सांय 8 बजे से रामलीला शुरू होगी। रामलीला में हाईटेक तकनीकी का प्रयोग कि जाएगा जिससे रामलीला का आकर्षण बढ सके। समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नौडियाल व सचिव अमित पंत ने बताया कि 20 मई से रामलीला शुरू होगी। रात्रि आठ बजे से इसका शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दर्शकों को रामलीला स्थल तक आने जाने के लिए बस की सुविधा की गई है। इसके अलावा पंडाल को भी वाटर प्रूफ बनाया जा रहा है जिससे बरसात होने पर लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो सके। उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है तथा नई टिहरी सहित आस-पास के लोगों से अपील की जा रही है कि वह अधिक से अधिक संख्या में रामलीला देखने के लिए पहुंचे। उन्होंने नगरवासियों से भी अपील की है कि इस कार्य में समिति का सहयोग प्रदान करें।

### कवर्ड व फर्नीचर बाजार की मरम्मत व सौंदर्यीकरण का कार्य हुआ पूरा

**नई टिहरी।** नई टिहरी मे के बौराडी में स्थित फर्नीचर बाजार व कवर्ड मार्केट की मरम्मत व सौंदयीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है जिसके बाद अब व्यापारी यहां पर अपना व्यवसाय कर सकेंगे। फर्नीचर बाजार खोल दिया गया है। बता दें कि नई टिहरी को बौराडी फर्नीचर व कवर्ड मार्केट का पिछले लंबे समय से मरम्मत का कार्य चल रहा था जिस कारण यहां स्थिति दुकानों को बंद किया गया था। कुछ व्यापारियों ने वैकल्पिक रूप से अन्य जगहां पर दुकाने खोली थी जबकि कुछ को सहायता राशि दी गई थी ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान न हो। अब मरम्मत व सौंदर्यीकारण का कार्य पूरा हो गया है जिसके बाद व्यापारियों ने यहां पर अपनी दुकानों का संचालन शुरू कर दिया है। कार्य पूरा होने पर व्यापारियों को भी राहत मिली है। साथ ही बाजार का सौंदयीकरण होने से बाजार सुंदर भी दिखने लगा है। कवर्ड मार्केट की लंबे समय से मरम्मत व सुधारीकरण की मांग की जा रही थी जिसके बाद कार्य शुरू किया गया था जिसका कार्य अब पूर्ण हो गया है।

# आपरेशन प्रहार के तहत उपद्रवियों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी

■ श्रमिकों की आड़ में उपद्रव करने वाले तीन और उपद्रवी गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**सेलाकुई।** आपरेशन प्रहार के तहत उपद्रवीयों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रखते हुए थाना सेलाकुई पुलिस ने श्रमिकों की आड़ में उपद्रव करने वाले तीन और उपद्रवीयों को गिरफ्तार किया है।

डिक्सन फैक्ट्री में श्रमिकों द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा था। जिसमें श्रमिकों की आड़ में कुछ उपद्रवी लोगों द्वारा फैक्ट्री परिसर व पुलिस पर पत्थर बाजी की गई थी। जिस क्रम में थाना सेलाकुई पर मुकदमें दर्ज है। व उपद्रवीयों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा निर्देशित किया गया था जिस क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण 2 के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सहसपुर के पर्यवेक्षण में थाना सेलाकुई की टीम निकाली गई थी। इसी क्रम में 19 मई को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोगो द्वारा एक राय व संगठित होकर कम्पनियों व मोहल्लो में जाकर, कम्पनियों में कार्य करने वाले श्रमिकों को भडकाकर व काम पर जाने वालों के साथ जोर जबरदस्ती कर कम्पनी आने जाने वाले श्रमिकों के साथ मारपीट करने को उतारु हो रहे थे। जिनमें से कुछ पूर्व में पत्थरबाजी की घटना में शामिल उपद्रवी भी थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। चूंकि विगत दिनो में श्रमिक आंदोलन में पत्थर बाजी की घटना हो चुकी हैं जिस सम्बन्ध में थाना सेलाकुई पर मुक. दमें दर्ज किए गए हैं। इन सभी व्यक्तियों को ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में मौ0 फरमान पुत्र इकराम निवासी ग्राम मुर्तजापुर थाना बेहट जिला सहारनपुर (उ0प्र0) हाल जमनपुर सेलाकुई देहरादून, रोहित पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी कल्याणपुर चकरतीर्थ थाना जहानाबाद जिला पीलीभीत उ0प्र0 हाल जमनपुर सेलाकुई देहरादून, मनोज यादव पुत्र श्यामा यादव निवासी नैनीडेनी थाना लारबाजार जिला देवरिया उ0प्र0 हाल बंजारागली सेलाकुई देहरादून शामिल है। पुलिस टीम में एसआई सुमेर सिंह, सिपाही सहसपाल, सुधीर, अमित शामिल थे।

# पर्यटकों के आने से जिले के पर्यटक स्थलों पर बढ़ने लगी रौनक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिले जिले के पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की आजावाजी बढने से इन स्थानों पर रौनक देखने को मिल रही है। पिछले कुछ दिनों काफी संख्या में पर्यटक इन स्थलों पर पहुंच रहे हैं।

पर्यटक यहां की शांत वादियों का लुत्फ उठा रहे हैं। मैदानी क्षेत्रों मं गर्मी बढने के साथ ही बाहर से पर्यटकों का रूख पहाडों की ओर होने लगा है। मैदानी क्षेत्रों की अपेक्षा जिले के कई पर्यटक स्थलों पर इन दिनों गर्मी भी कम है जिस कारण पर्यटक इन स्थलों की ओर आकर्षित हो रहे है। जिले के प्रसिद्व पर्यटक स्थल धनोल्टी, काणाताल, रानीचौरी, बंगाचली, कौडिया सहित टिहरी झील में भी काफी संख्या में पर्यटक पहुंचने लगे हैं। खासकर धनोल्टी, काणाताल व टिहरी झील में पिछले कुछ दिनों से काफी पर्यटक पहुंचे हैं जिस कारण इन जगहों पर रौनक देखने को मिल रही है। वहीं पर्यटकों की आवाजाही बढने से स्थानीय व्यापारियों के चेहरे भी खिले है। धनोल्टी के स्थानीय निवासी सुरेश बेलवाल, संदीप प्रकाश आदि का कहना है कि धनोल्टी पर्यटकों की पहली पसंद बनी है।

पिछले कुछ दिनों से काफी संख्या में पर्यटक यहां आकर धनोल्टी के ईको पार्क का लुत्फ उठा रहे है। पर्यटकों की आवाजाही से बाजार में भी काफी रौनक दिखाई दे रही है।

इसके अलावा पर्यटक प्रसिद्व कैम्पटी फाल का भी लुत्फ उठा रहे है। पिछले कुछ दिनों से मौसम में बदलाव के चलते मैदानी क्षेत्रों की अपेक्षा टिहरी के पर्यटक स्थलों पर गर्मी काफी कम है। खासकर वीकेड पर काफी संख्या में पर्यटक धनोल्टी, काणाताल पहुंच रहे हैं तो वही टिहरी झील मे बोटिंग का भी लुत्फ उठा रहे हैं। टिहरी झील पर्यटकों को काफी आकर्षित कर रही है। हर साल यहां पर देश के विभिन्न हिस्सों से पर्यटक झील देखने व बोटिंग करने आते है।

# रुद्रप्रयाग में अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर प्रशासन की नजर



■ औचक निरीक्षण में सब मिला दुरुस्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** जिला निरीक्षण एवं अनुश्रवण समिति पीसीपीएनडीटी द्वारा मंगलवार को जनपद मुख्यालय स्थित अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी अल्ट्रासाउंड केंद्र नियमानुसार संचालित पाए गए।

जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सीमा टेकचंदानी के नेतृत्व में गठित छह सदस्यीय टीम ने जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग, कोटेश्वर स्थित माधवाश्रम चिकित्सालय, जन कल्याण हॉस्पिटल तथा बोहरा नर्सिंग होम में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान टीम ने अल्ट्रासाउंड केंद्रों में कार्यरत चिकित्सकों की वैधता, मशीनों के मेक एवं मॉडल, ओपीडी रजिस्टर, एएनसी रजिस्टर, फार्म-एफ विवरण सहित विभिन्न अभिलेखों के रखरखाव की जांच की।

इसके अलावा केंद्रों में नोटिस बोर्ड डिस्प्ले, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना तथा एक्टिव ट्रैकर की कार्यशीलता का भी निरीक्षण किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सीमा टेकचंदानी ने बताया कि सभी अल्ट्रासाउंड केंद्र निर्धारित मानकों के अनुरूप संचा. लित पाए गए हैं। निरीक्षण दल ने केंद्र संचालकों एवं रेडियोलॉजिस्ट को नियमानुसार केंद्रों का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण दल में तहसीलदार रुद्रप्रयाग जगदीश सिंह नेगी, जिला निरीक्षण एवं अनुश्रवण समिति पीसीपीएनडीटी सदस्य डॉ. मनीष कुमार, डॉ. मोनिका राणा तथा जिला समन्वयक पीसीपीएनडीटी मुकेश बगवाड़ी शामिल रहे।

### घायल युवक को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**नई टिहरी।** बीते दिन थाना देवप्रयाग पुलिस को सूचना मिली कि साकनीधार स्थित कमल बेकरी के पास एक मोटरसाइकिल सवार युवक घायल अवस्था में पडा है। सूचना मिलने पर थाना देवप्रयाग पुलिस तत्काल मौके पर पहुची और घायल को प्राथमिक सहायता प्रदान की गई। जानकारी लेने पर घायल युवक की पहचान विकास निवासी देहरादून के रूप में हुई। युवक देहरादून से श्रीनगर की ओर मोटरसाइकिल से जा रहा था। पूछताछ में पता चला कि अचानक पहाडी के उपर बंदरों द्वारा पत्थर गिराए जाने एक पत्थर युवक के शिर पर लगा जिससे वह घायल हो गया। देवप्रयाग पुलिस ने तत्काल घायल को 108 एंबुलेंस सेवा के माध्यम से उपचार के लिए ऋषिकेश अस्पताल भिजवाया गया।

# बंद सफल बनाने को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपे ज्ञापन



■ केमिस्ट एसोसिएशन ने कोतवाली, तहसील व उप जिला चिकित्सालय प्रशासन से मांगा सहयोग

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** प्रस्तावित बंद को लेकर कैमिस्ट एसोसिएशन विक. ासनगर ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। बंद को सफल बनाने और प्रशासनिक सहयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसोसिएशन पदाधिकारियों ने विकासनगर कोतवाली, तहसील प्रशासन तथा उप जिला चिकित्सालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपे।

एसोसिएशन की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में दवा व्यापार एवं जनस्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों का उल्लेख करते हुए बंद के प्रति सहयोग की अपेक्षा जताई गई। पदाधिकारियों ने अधिकारियों को बताया कि दवा कारोबार से संबंधित समस्याओं, ऑनलाइन दवा बिक्री, कॉरपोरेट कंपनियों की नीतियों एवं व्यापारिक हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर यह बंद प्रस्तावित किया गया है। पदाधिकारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा बंद के दौरान आवश्यक सहयोग प्रदान करने की मांग की। उन्होंने कहा कि लंबे समय से व्यापार से जुड़े मुद्दों को लेकर संबंधित स्तर पर मांग उठाई जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। कैमिस्ट एसोसिएशन का कहना है कि दवा व्यवसाय सीधे जनस्वास्थ्य से जुड़ा विषय है और इससे संबंधित निर्णयों में छोटे व्यापारियों व पंजीकृत फार्मासिस्टों के हितों का संरक्षण आवश्यक है। इस दौरान संरक्षक उमाकांत अग्रवाल, अध्यक्ष कुंवर जीत भंडारी, जिला महामंत्री सुभाष सकलानी, सचिव दिनेश कुमार, जवाहर राणा, उपाध्यक्ष हरीश अरोड़ा, दिनेश चौहान, निश्चल धीमान, बलजीत शर्मा, राजकुमार शर्मा, प्रवीण जैन, जगबीर सैनी एवं मनीष कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रूद्रप्रयाग

Office of the Executive Engineer, Prov. Div PWD, Rudraprayag

Website-http://pwd.uk.gov.in, E-mail ID: eepwd_rpg@rediffmail.com

पत्र संख्या 825/8ए.

दिनांक : 08/05/2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, रुद्रप्रयाग द्वारा निम्न कार्य की सील्ड निविदा दिनांक 01.06.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.05.2026 से दिनांक 30.05.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में 10.00 बजे पूर्वान्ह से 5.00 बजे सायं तक इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 01.06.2026 की अपरान्ह 3.00 बजे तक निम्नलिखित कार्यालयों में डाले जा सकते हैं।

1. अधीक्षण अभियन्ता, सातवां वृत्त वृत्त, लोक निर्माण विभाग, गोपेश्वर।, 2. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रूद्रप्रयाग।, 3. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, ऊखीमठ (रुद्रप्रयाग)।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू. मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदारों की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | प्राकृतिक आपदा (एसडीआरएफ) वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत अंथोली सिलगांव सकलाना मोटर मार्ग के किमी. 20 में क्षतिग्रस्त स्कपर एवं दीवार का पुन: निर्माण कार्य। | 30500.00 | 1000.00 +18% GST | 3 माह | 45 दिन | मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत श्रेणी डी एवं उच्चतर |
| 2 | प्राकृतिक आपदा (एस.डी.आर.एफ.) वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत दुर्गाधार बावई से तिलवाड़ा मोटर मार्ग के किमी. 19 में क्षतिग्रस्त दीवार का पुन:निर्माण कार्य। | 15000.00 | 500.00 +18% GST | 3 माह | 45 दिन | मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत श्रेणी डी एवं उच्चतर |
| 3 | प्राकृतिक आपदा (एस.डी.आर.एफ.) वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत दुर्गाधार बावई से तिलवाड़ा मोटर मार्ग के किमी. 20 में क्षतिग्रस्त दीवार का पुन:निर्माण कार्य। | 15000.00 | 500.00 +18% GST | 3 माह | 45 दिन | मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत श्रेणी डी एवं उच्चतर |
| 4 | रूद्रप्रयाग पोखरी व चोपड़ा मोटर मार्ग पर स्थित क्रैश बैरियर में हाई प्रिजमैटिक डायमंड ग्रेड रिफलेक्टर का कार्य। | 42000.00 | 1500.00 +18% GST | 1 माह | 45 दिन | मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत श्रेणी डी एवं उच्चतर एवं कार्य हेतु अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा |

निविदा दिनांक 02.06.2026 को 3.00 बजे सांय उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेंगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है।

**अधिशासी अभियन्ता**
**प्रा.ख., लो.नि.वि. रूद्रप्रयाग**

# कार्यालय नगर निगम, रूड़की, जनपद हरिद्वार, उत्तराखण्ड

**पत्रांकः– 151/सूचना/नामपरि0/कर–अनु0/न0नि0रूड़की /2025–26** **दिनांकः– 19/05/2026**

## सार्वजनिक सूचना

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(1)ख के अन्तर्गत नगर निगम रूड़की के भवन कर अभिलेखो मे नाम परिवर्तन हेतु निम्न आवेदन प्राप्त हुए है। जिस किसी व्यक्ति को इन नामान्तरण/नामान्तरणो पर आपत्ति हो तो वह मय साक्ष्यों के प्रकाषन की तिथि से 30 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। और नामान्तरण पर अन्तिम निर्णय उपलब्ध अभिलेखो के अनुसार कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | भवन सं0 व मौहल्ले का नाम | आवेदक /क्रेता का नाम | भवन कर अभिलेखो में दर्ज नाम जो निरस्त होना है। | स्वामित्व/अधिकार प्राप्ति का अधिकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1114, माहिग्रान | श्री परवेज आलम पुत्र इफ्तिखार अहमद | श्री इस्तखार अहमद उर्फ इफ्तिखार अहमद पुत्र अनवार अहमद | शपथ–पत्र, दान–पत्र, |
| 2 | 416/2, मलकपुर | श्रीमति लक्ष्मी देवी पत्नि शिव कुमार त्यागी | श्रीमति सोनिया त्यागी पत्नि अरविन्द त्यागी | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 3 | 422, पूर्वीदीनदयाल | श्री प्रभात पुत्र राजबल सिंह त्यागी | श्री राजबल सिंह त्यागी पुत्र ताराचन्द त्यागी | शपथ–पत्र, दान–पत्र, |
| 4 | 929, आदर्शनगर | श्रीमति बबीता पुरी पत्नि अनुज पुरी | श्रीमति मीना पुरी पत्नि नरेन्द्र पुरी | शपथ–पत्र, दान–पत्र, |
| 5 | 929, आदर्शनगर | श्रीमति चॉदनी पुरी पत्नि विकास पुरी | श्रीमति मीना पुरी पत्नि नरेन्द्र पुरी | शपथ–पत्र, दान–पत्र, |
| 6 | 795/1, माहिग्रान | श्री रिजवान पुत्र अयूब | श्री अब्दुल रहमान पुत्र अली हसन | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 7 | 749/5बी, सत्ती | श्री शुभम अरोडा पुत्र स्व0 ललित अरोडा | श्री गय्यूर पुत्र अलीमुद्दीन | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 8 | 1469, गणेशपुर | श्री सतीश कुमार पुत्र भूल सिंह | चित्रा भटटाचार्य पत्नि तपन कुमार भटटाचार्य | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 9 | 1192, गणेशपुर | श्रीमति विनीता त्यागी पत्नि मुकेश त्यागी व वंदना त्यागी पत्नि अनिल | श्रीमति उर्मिला त्यागी पत्नि स्व0 नरेन्द्र कुमार त्यागी | षपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र, |
| 10 | 120, चावमण्डी | श्रीमति ज्योति गोस्वामी पत्नि अनिल गोस्वामी | श्री जसवन्त गिरी पुत्र स्व0 सूरत गिरी व कमला गिरी पत्नि जसवन्त गिरी | शपथ–पत्र, मृत्युप्रमाण–पत्र, |
| 11 | 86/1, चावमण्डी | लोकेश सैनी पुत्र स्व0 जयप्रकाश सिंह सैनी | श्री जय प्रकाश सिंह सैनी पुत्र राम सिंह सैनी | शपथ – पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 12 | 439, मलकपुर | श्री सचिन सिंह पुत्र विजय सिंह | श्री रवि प्रकाश सिंह पुत्र धन चरण सिंह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 13 | 232, आवास विकास | श्री सुदेश सैनी पुत्र वीरेन्द्र सिंह | श्री मंगू लाल शर्मा पत्नि शम्भू लाल शर्मा | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 14 | 344, मकतूलपुरी | श्रीमति लता शर्मा पत्नि राजबीर शर्मा | श्रीमति मंगेश पत्नि विनोद कुमार | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 15 | 6, पुरानी तहसील | श्री इनामुल हक पुत्र हाजी शराफत | श्री मनोहर लाल शर्मा पुत्र बलवन्त सिंह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 16 | 7(1–12), पुरानी ता0 | श्री इनामुल हक पुत्र हाजी शराफत व असमा पत्नि इनामुल हक व श्रीमति गोसया नाज पत्नि हाजी शराफत | श्री मनोहर लाल शर्मा पुत्र बलवन्त सिंह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 17 | 59(1), राज0 पूर्वी | श्रीमति मनीशा गुप्ता पत्नि स्व0 संजय गुप्ता व नैनी गुप्ता, अनमोल गुप्ता पुत्र स्व0 संजय गुप्ता व शिवानी गुप्ता पत्नि स्व0 विनय गुप्ता व पुरी गुप्ता व उज्जवल गुप्ता पुत्र स्व0 विनय गुप्ता | श्री संजय कुमार व अजय कुमार व विनय कुमार पुत्रगण रतन लाल | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 18 | 167ए, माहिग्रान | श्री अख्तरूलदीन पुत्र शखरूददीन | श्री खलील पुत्र अब्दुल हमीद | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 19 | 293, आदर्शनगर | श्रीमति सुचिता सैनी पत्नि राजेन्द्र कुमार सैनी | श्री बासी राम शर्मा पुत्र बनवारी लाल शर्मा | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 20 | 671, रामनगर | श्री गुलशन लूथरा, विनोद लूथरा पुत्रगण कृश्ण लाल लूथरा व श्रीमति रूपा लूथरा पत्नि स्व0 बलराम लूथरा | श्री बलदेव राज पुत्र दोलतराम | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 21 | 840, रामनगर | रूपाली पत्नि श्री कौशल कुमार भटनागर | श्री नरेन्द्र बहादुर सक्सैना पुत्र स्व0 रामचन्द्र | शपथ – पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 22 | 352/1, पुरानी ता0 | शालू पत्नि कपिल कुमार पुत्री चन्द्रपाल | श्री राजकुमार शर्मा पुत्र आत्माराम | शपथ – पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 23 | 1422,1423, रामनगर | श्री रिजवान आमिर पुत्र रियाज हसन | श्री रियाज हसन पुत्र काला | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 24 | 111, पुरानी तहसील | श्री फहीम अहमद पुत्र स्व0 सलीम अहमद | श्री सलीम अहमद पुत्र अमीर अहमद | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 25 | 151, अ0 ता0 पश्ि0 | श्री राजदुलारी शिवा पत्नि स्व0 खेमचन्द शिवा पुत्री स्व0 कन्हैया लाल षिवा व यशपाल शिवा व अनिल षिवा पुत्रगण स्व0 कन्हैया लाल षिवा | श्री कन्हैया लाल पुत्र तुलाराम | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 26 | 867, पूर्वावल्ली | श्री रवि कुमार पुत्र महीपाल | श्री हेमन्त गुप्ता पुत्र राजकुमार गुप्ता | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 27 | 1391, गणेशपुर | श्री राहुल चौधरी पुत्र बिजेन्द्र सिंह तोमर | श्रीमति माया देवी पत्नि बिजेन्द्र सिंह तोमर | शपथ–पत्र, दान–पत्र, |
| 28 | 855/(3), रामनगर | श्री दीपक बत्रा पुत्र जगदीष बत्रा | श्री जगदीश बत्रा पुत्र हाकिम राय बत्रा | शपथ–पत्र, दान–पत्र, |
| 29 | 449ए/2, पुरानी ता | श्रीमति परवीन पत्नि मौ0 नईम | श्री वहदूद अली पुत्र मकसूद अली | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 30 | 213, रामनगर | रमन गोगिया पुत्र स्व0 फकीर चन्द गोगिया | श्री फकीर चदं पुत्र स्व0 आत्म प्रकाश | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 31 | 271, बी0टी0 गंज | रमन गोगिया पुत्र स्व0 फकीर चन्द गोगिया | श्री फकीर चदं पुत्र स्व0 आत्म प्रकाश | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 32 | 515, पूर्वावल्ली | श्री अरूण कुमार पुत्र श्रवण दास | श्रीमति राजकुमारी पत्नि श्रवण कुमार | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 33 | 456, नेहरूनगर | श्री रतीष मोहन पुत्र माधोराम | श्री माधोराम पुत्र स्व0 केषवदास | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 34 | 376, गणेशपुर | श्री अनिल कुमार पुत्र स्व0 धूम सिंह | श्रीमति कृष्णा देवी पत्नि स्व0 धूम सिंह | शपथ–पत्र, दान–पत्र, |
| 35 | 949, सिविल लाईन | श्रीमति बतूल पत्नि कासिम अली | श्रीमति अफसाना पत्नि नसरत अली | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 36 | 518, अ0 ता0 परि0 | श्रीमति रितू वर्मा पत्नि स्व0 सोनू वर्मा | श्री सोनू वर्मा पुत्र किशन लाल वर्मा | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 37 | 324, चावमण्डी | श्री राकेष शर्मा पुत्र स्व0 रामधन शर्मा माता का नाम श्रीमति चन्द्रवती | श्रीमति सुमित्रा पत्नि रामधन शर्मा | षपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र, |
| 38 | 208/7, बी0टी गंज | श्रीमति रितू वर्मा पत्नि स्व0 सोनू वर्मा | श्री सोनू वर्मा पुत्र किशन लाल वर्मा | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 39 | 1038, चावमण्डी | रमेश चन्द्र गोनियाल पुत्र स्व0 गोवर्धन प्रसाद | श्रीमति चन्द्रवती पत्नि स्व0 गोवर्धन प्रसाद | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 40 | 312, सिविल लाईन | श्रीमति शिखा बंसल पत्नि राजेश बंसल | श्री प्रीतम लाल मल्होत्रा, ललित कुमार मल्होत्रा व उमेश कुमार मल्होत्रा पुत्रगण स्व0 जगदीश लाल मल्होत्रा | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 41 | 935, रामनगर | श्रीमति य शोदा रानी पत्नि स्व0 मुरारी लाल | श्री मुरारी लाल पुत्र बेलराम | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 42 | 936, रामनगर | श्रीमति दीपिका मेहन्दीरत्ता पत्नि भारत भूषण मेहन्दीरत्ता | श्री सतेन्द्र कुमार पुत्र जगदीश लाल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 43 | 551, अ0 ता0 पूर्वी | जाहिदा कुरैशी पत्नि मौ0 नवाब अहमद | मौ0 शमीम पुत्र स्व0 यामीन | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 44 | 311, अ0 ता0 परि0 | श्रीमति संतलेश पत्नि राम गोपाल | विमला शर्मा पत्नि पुरूषोत्तम कुमार षर्मा | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 45 | 346/3, नेहरूनगर | श्री रमिंदर जीत सिंह पुत्र जोगिन्दर सिंह | श्री सुनील कुमार सिंगल पुत्र स्व0 साधूराम | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 46 | 1324, चावमण्डी | दीपाली कपूर पत्नि जितेन्द्र कुमार कपूर | जितेन्द्र कुमार कपूर पुत्र मनोहर लाल कपूर | शपथ–पत्र, दान–पत्र, |
| 47 | 1484/7, सिवि ला0 | श्री पकज चावला पुत्र स्व0 प्रेम सागर | श्री प्रेमसागर पुत्र स्व0 सरदारी लाल | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 48 | 896, पुरानी तहसील | श्री नितिन सिंघल पुत्र स्व0 अशोक सिंघल | श्रीमति कान्ता सिंघल पत्नि अषोक कुमार | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 49 | 1226, चावमण्डी | श्रीमति मीनू गोयल पत्नि स्व0 रमजानी उर्फ मुमताज खान पुत्री स्व0 ओम प्रकाश | रमजानी उर्फ मुमताज खान पुत्र रियाज खान | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 50 | 1318, अ0 ता0 परि0 | श्री त्रिवेन्द कुमार पुत्र स्व0 संतोश कुमार व विपुल कुमार सैनी पुत्र स्व0 संतोश कुमार | श्री सन्तोश कुमार पुत्र बलजीत सिंह व विधावती पत्नि सन्तोश कुमार | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 51 | 413/1, पुरानी ता0 | श्रीमति गुलशन जहॉ पत्नि परवेज आलम | श्री अभय गोयल पुत्र अजय कुमार गोयल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 52 | 346/2, नेहरूनगर | श्री सुनील कुमार सिंघल पुत्र साधूराम | श्रीमति कुसुमलता पत्नि साधुराम | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 53 | 314, सोत | मौहम्मद प्रवेज एवं फुरकान पुत्रगण मौहम्मद इरफान | श्री त्रिलोक चन्द अग्रवाल व कमला रानी, संजय पुत्र स्व0 लाला नानक चन्द जी | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 54 | 243, पुरानी ता0 | के साथ साथ शैहला पुत्री सैय्यद अहमद | श्रीमति निषात सुलताना पत्नि सैय्यद अहमद | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र, |
| 55 | 1338,सिविल लाईन | श्री सुधीर अत्तरी पुत्र स्व0 कोमल प्रकाष अत्री व पंकज अत्तरी पुत्र स्व0 कोमल प्रकाश अत्री | श्री कोमल प्रकाश अत्री पुत्र घसीटा राम | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 56 | 687, अ0 ता0 परि0 | श्रीमति संगीता गुप्ता पत्नि स्व0 नलिन गुप्ता व सार्थक गुप्ता पुत्र स्व0 नलिन गुप्ता | श्री नलिन गुप्ता पुत्र मदन गोपाल | षपथ–पत्र,मृत्युप्रमाण–पत्र, |
| 57 | 587/3, गणेशपुर | श्रीमति शिवानी मित्तल पत्नि अर्पित मिततल | श्री सुधीर कुमार पुत्र जयपाल सिंह | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 58 | 385, मकतूलपुरी | श्रीमति पूजा जैन पत्नि अनिल जैन | श्रीमति मीना रानी पत्नि सोहन लाल चोपड़ा | षपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 59 | 295, कानूगोयान | श्री इरफान व आजम पुत्रगण नूर अहमद | श्रीमति अनीता अग्रवाल पत्नि मनोज अग्रवाल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 60 | 404/1, अ0 ता0 पूर्वी | श्री पापा लाल पुत्र भगीरथ लाल व सागर सोनकर पुत्र पापा लाल | श्री अनिल गुप्ता पुत्र रवि कुमार गुप्ता | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 61 | 1305, गणेशपुर | श्री सतवीर सिंह पुत्र स्व0 साहब सिंह | श्री साहब सिंह पुत्र घसीटा सिंह | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 62 | 76(1–50),नेहरूनगर | श्री इकबाल सिंह व मुनेश कुमार पुत्रगण स्व0 हरि सिंह व पंकज पुत्र नवाब सिंह पौत्र स्व0 हरि सिंह व श्री विकास कुमार व विपिन कुमार पुत्रगण रफल सिंह वसतवीर सिंह व जसबीर सिंह व धर्मबीर सिंह पुत्रगण स्व0 साहब सिंह | श्री साहब सिंह, हरि सिंह पुत्र घसीटा सिंह व राजेश्वरी देवी पत्नि कर्म सिंह | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 63 | 1283, अ0 ता0 परि0 | श्रीमति पूजा बसंल पत्नि राहुल बसंल | श्रीमति मीनाक्षी कंसल पत्नि राजीव कंसल | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 64 | 1064, सिविल लाईन | श्री नमन मित्तल पुत्र दीपक कुमार मिततल | श्री दीपक कुमार मित्तल पुत्र स्व0 विजय कुमार मिततल | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 65 | 1064/1,सिविल ला | श्री नमन मित्तल पुत्र दीपक कुमार मिततल | श्री दीपक कुमार मित्तल पुत्र स्व0 विजय कुमार मिततल | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 66 | 1242, चावमण्डी | श्री नरेश प्रसाद उर्फ नरेश नोटियाल पुत्र मायाराम नोटियाल | श्री मायाराम नोटियाल पुत्र स्व0 गौरीदत्त नोटियाल | शपथ – पत्र,मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 67 | 28,28(1), नेहरूनगर | श्री शमषुल आरफीन पुत्र शराफत अली | श्रीमति समर जहॉ पत्नि मौ0 आकिल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 68 | 326, कानूगोयान | श्रीमति रजनी ग्रोवर पत्नि सचिन ग्रोवर | श्री नरेश आहुजा पुत्र ओम प्रकाश आहुजा | शपथ–पत्र,मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 69 | 1401, सिविल लाईन | श्री अंकित कपूर पुत्र रविन्द्र कुमार कपूर | श्रीमति सविता देवी पत्नि रजनीश कुमार | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 70 | 206, गणेशपुर | श्री अशोक कुमार पुत्र रणधीर सिंह | श्रीमति कमलेश पत्नि रणधीर सिंह | शपथ –पत्र, दान–पत्र |
| 71 | 52/1, मकतूलपुरी | श्रीमति अनु वर्मा पत्नि विकास कुमार | श्री सचिन कुमार पुत्र हरीश कुमार व श्रीमति रेनू रानी पत्नि सचिन कुमार सचदेवा | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 72 | 1078, गणेशपुर | श्री कलेश्वर चन्द पुत्र ईश्वर चन्द | श्री प्रदीप गुप्ता पुत्र विजेन्द्र कुमार गुप्ता | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 73 | 1110, चावमण्डी | श्रीमति सीमा आर्या पत्नि मनोज कुमार | श्री विजय कुमार पुत्र नरदेव कुमार | शपथ –पत्र,मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 74 | 613, पूर्वावल्ली | श्रीमति रेणुका पत्नि सुबोध | श्री दर्शन सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 75 | 327, रामनगर | श्री सुबोध कुमार पुत्र रमेश चन्द | श्री विजय पाल सिंह पुत्र दौलत सिंह | शपथ –पत्र,मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 76 | 404/3डी/1, मलकपुर | श्री बाबूराम पुत्र बूद्व सिंह | श्रीमति उपासना चढ्ढा पत्नि गगन चढ्ढा व शिल्पा चढ्डा पत्नि मनीष चढ्ढा | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 77 | 240, बी0टी0गंज | श्री वरदान वर्मा पुत्र दीपक कुमार वर्मा | श्रीमति सीमा अरोरा पत्नि रामकुमार अरोरा | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 78 | 701, रामनगर | श्री संजय अरोरा पुत्र स्व0 जगदीश लाल व ध्रुव गिरधर पुत्र अनिल कुमार | श्री बलदेव राज गेरा पुत्र स्व0 किशन चन्द | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 79 | 701/1, रामनगर | श्री संजय अरोरा पुत्र स्व0 जगदीश लाल व ध्रुव गिरधर पुत्र अनिल कुमार | श्री किशन चन्द गेरा पुत्र उधीदास | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 80 | 266, कानूगोयान | श्री विनोद कुमार पुत्र खैराती लाल | श्री ब्रिजेश व मनीष पुत्रगण ओमप्रकाश | शपथ –पत्र, दान–पत्र |
| 81 | 593, चावमण्डी | श्रीमति मंजुला गुप्ता पत्नि स्व0 दीपक कुमार गुप्ता | श्री दीपक कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 बिशेश्वर दयाल | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 82 | 589, चावमण्डी | श्रीमति मंजुला गुप्ता पत्नि स्व0 दीपक कुमार गुप्ता | श्री दीपक कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 बिशेश्वर दयाल | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 83 | 43/1,(13) अ0 ता0 परि0 | श्री अर्श पुत्र महमूद कुरैशी व वसी पुत्र महमूद कुरैशी | श्री निशान्त अग्रवाल पुत्र स्व0 ब्रहमानन्द | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 84 | 1426(1–6),चावमण्डी | श्री देवेन्द्र कुमार पुत्र राज महेन्द्र व राषि प्रभा पत्नि राज महेन्द्र व सुनील कुमार पुत्र तिलकराम व सत्यवती पत्नि स्व0 तिलकराम व सरोज पत्नि स्व0 अनिल कुमार व गौरव कुमार अनिल कुमार | स्व0 श्री तिलकराम व राज महेन्द्र पुत्रगण रूपराम | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 85 | 510, मलकपुर | श्रीमति नीना गर्ग पत्नि स्व0 शरद गर्ग व एश्वर्या गर्ग पुत्री स्व0 शरद गर्ग | श्री शरद गर्ग पुत्र स्व0 अनिल कुमार गर्ग | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 86 | 166, पूर्वीदीनदयाल | श्री कमलेश कुमार अग्रवाल पुत्र शम्भू दयाल अग्रवाल | श्री अनीस अहमद, शफीक अहमद, नफीस अहमद, अतीक अहमद, सलीम अहमद, नदीम अहमद पुत्रगण स्व0 रफीक अहमद | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 87 | 1132, रामनगर | श्रीमति उषा रानी पत्नि स्व0 खैराती लाल व प्रदीप सचदेवा व पवन सचदेवा पुत्रगण स्व0 खैराती लाल | श्री खैराती लाल पुत्र सन्तराम | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 88 | 669, चावमण्डी | श्री अनिल कुमार व अनुज कुमार अरोरा पुत्रगण दर्शन कुमार | श्रीमति वीनू पत्नि केवल कृष्ण | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 89 | 314, सोत | जुल्फीकार पुत्र हनीफ | श्री त्रिलोक चन्द अग्रवाल व संजय पुत्र स्व0 लाला नानक चन्द व श्रीमति कमला पत्नि त्रिलोक चन्द अग्रवाल | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 90 | 614, पूर्वावल्ली | श्री रविपाल पुत्र रूहला सिंह | श्री रमेश चन्द रूहला सिंह | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |

**कर–लिपिक**
**नगर निगम रूड़की**

**कर–अधीक्षक**
**नगर निगम रूड़की**

# प्राकृतिक परिवेश में विचारों को आयाम देंगे लेखक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** भारत सरकार के न्याय विभाग में सचिव, विभिन्न केन्द्र शासित प्रदेशों में चुनाव आयुक्त और इनलैंड वाटरवेज अथारिटी ऑफ इंडिया की अध्यक्ष रही सेवानिवृत आईएएस अधिकारी भूपिन्दर प्रसाद तथा नेपाल, अफगानिस्तान और जेन. वा में राजदूत का दायित्व संभाल चुके सेवानिवृत आईएफएस अधिकारी जयंत प्रसाद ने कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल की रामगढ़ स्थित महादेवी वर्मा सृजनपीठ का भ्रमण किया तथा सृजनपीठ के रख रखाव की सराहना की। भारतीय प्रशासनिक सेवा की सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारी भूपिन्दर प्रसाद ने महादेवी वर्मा सृजन पीठ को लेखकों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने पीठ परिसर में नवनिर्मित अमृतलाल नागर मैमोरियल राइटर्स होम को लेखकों के लिए सराहनीय पहल बताया। उन्होंने कहा कि लेखक यहां ठहरकर उस प्राकृतिक परिवेश से साक्षात्कार कर सकेंगे जिसकी तलाश में विदुषी कवयित्री सुदूर इलाहाबाद से इस स्थान पर आई थी। उन्होंनें सृजन पीठ के संग्रहालय में संग्रहित महादेवी वर्मा द्वारा बनाई गई दुर्लभ पेंटिंग्स को वैज्ञानिक विधि से संरक्षित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। भारतीय विदेश सेवा के सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारी जयंत प्रसाद ने सृजन पीठ की इस बात के लिए सराहना की कि महादेवी जी के घर मीरा कुटीर को उसके वास्तविक स्वरूप में बरकरार रखा गया है। महादेवी वर्मा सृजन पीठ के समन्वयक मोहन सिंह रावत ने सेवा. निवृत प्रशासनिक अधिकारियों को मीरा कुटीर के इतिहास तथा महादेवी सृजन पीठ की स्थापना, पीठ की गतिविधियों और भावी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।



# इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर कप्तान माइक स्मिथ का निधन

**लंदन, वार्ता।** वारविकशायर और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइक स्मिथ, जिन्हें पूरे खेल में एमजेके के नाम से जाना जाता था, का 92 साल की उम्र में निधन हो गया। दाएं हाथ के बैटर स्मिथ ने इंग्लैंड के लिए 50 टेस्ट खेले, जिनमें से ठीक आधे मैचों में उन्होंने टीम की कप्तानी की,

और 1956 से 1975 तक 19 साल तक वारविकशायर को रिप्रेजेंट किया। उन्होंने 1958 में एजबेस्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के लिए डेब्यू किया और 14 साल के टेस्ट करियर में 2,278 रन बनाए, जिसमें तीन सेंचुरी और 11 फिफ्टी शामिल हैं, और क्रिकेट में सेवाओं के लिए 1976 में उन्हें ओबीई से सम्मानित किया गया। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, सोमवार को एजबेस्टन में वार. विकशायर और ग्लेमोर्गन के बीच काउंटी चैंपियनशिप मैच में खेल शुरू होने से पहले खिलाड़ी और अधिकारी श्रद्धांजलि देने के लिए लाइन में खड़े थे। लीसेस्टरशायर में जन्मे और स्टैमफोर्ड स्कूल से पढ़े स्मिथ, वारविकशायर में शामिल होने से पहले अपनी होम काउंटी और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी को रिप्रेजेंट करते थे। उन्होंने 1957 से 1967 तक बेयर्स की कप्तानी की और अपने काउंटी करियर के दौरान 637 मैचों में 39,832 फर्स्ट-क्लास रन बनाए, जो अब तक का 18वां सबसे बड़ा टोटल है। स्मिथ के नाम अभी भी एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने का वार. विकशायर रिकॉर्ड है, उन्होंने 1959 में 2,417 रन बनाए थे और 1960 में उन्हें विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था।

# LSG ने RR को 221 रन का टारगेट दिया

## मिचेल मार्श शतक से चूके 96 रन की खेली शानदार पारी, जोश इंग्लिश के भी आतिशी 60 रन

■ आखिरी ओवरों में राजस्थान ने लखनऊ को बड़े स्कोर से रोका



**जयपुर, वार्ता।** आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स ने राजस्थान रायल्स को 221 रन का टारगेट दिया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर बालिंग चुनी। लखनऊ ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 220 रन बनाए। लखनऊ के लिए मिचेल मार्श शतक से सिर्फ 4 रन दूर रह गए और 57 गेंदों में 96 रन बनाकर रन आउट हुए। उनकी पारी में 11 चौके और 5 छक्के शामिल रहे।

जोश इंग्लिस ने 29 गेंदों में 60 रन ठोके। उन्होंने 7 चौके और 3 छक्के लगाए। इंग्लिस और मार्श के बीच पहले विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी हुई। निकोलस पूरन ने 11 गेंदों में 16 रन बनाए, जबकि कप्तान ऋषभ पंत ने 23 गेंदों में 35 रन की तेज पारी खेली। आखिरी ओवरों में लगातार रन आउट के कारण लखनऊ की टीम 230 के पार नहीं पहुंच सकी। राजस्थान की ओर से यश राज पुंजा सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 35 रन देकर 2 विकेट लिए। जोफ्रा आर्चर को एक विकेट मिला। वहीं, लखनऊ के दो बल्लेबाज रन आउट हुए। आखिरी ओवर में राजस्थान रायल्स ने शानदार वापसी करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स को लगातार झटके दिए। ओवर की पहली गेंद पर ऋषभ पंत रन आउट हो गए। पंत स्ट्राइक अपने पास रखना चाहते थे, लेकिन मिचेल मार्श ने उन्हें वापस भेज दिया। ध्रुव जुरेल के थ्रो पर जोफ्रा आर्चर ने सीधे स्टंप पर निशाना साधा और पंत 23 गेंदों में 35 रन बनाकर लौटे। इसके बाद मार्श ने 19.2 और 19.4 पर दो बार रिव्यू लिए, लेकिन दोनों में असफल रहे। 19.4 पर फुल टॉस गेंद पर उनका बाहरी किनारा लगा और गेंद थर्ड मैन की दिशा में चौके के लिए चली गई। वह शतक के करीब पहुंच गए थे। 19.5 पर मार्श ने लान्ग आफ की तरफ शाट खेलकर दूसरा रन लेने की कोशिश की, लेकिन यशस्वी जायसवाल ने शानदार डायरेक्ट हिट कर उन्हें रन आउट कर दिया। मार्श 57 गेंदों में 96 रन बनाकर लौटे और शतक से सिर्फ 4 रन दूर रह गए। आउट होने के बाद जायसवाल ने शाहिद अफरीदी स्टाइल में जश्न मनाया। आखिरी गेंद पर जोफ्रा आर्चर ने आयुष बदोनी को तेज यार्कर पर बोल्ड कर दिया। बदोनी स्कूप खेलने की कोशिश में चूक गए और आफ स्टंप उड़ गया। इस तरह आर्चर ने अंतिम ओवर में शानदार वापसी करते हुए लखनऊ को 220 रन पर रोक दिया। 19वें ओवर की पहली ही गेंद पर लखनऊ को तीसरा झटका लगा। जोफ्रा आर्चर की शार्ट गेंद पर मिचेल मार्श शाट लगाने से चूक गए और गेंद विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के पास चली गई। इस बीच ऋषभ पंत स्ट्राइक अपने पास रखने के लिए रन लेने दौड़ पड़े, लेकिन मार्श ने उन्हें वापस भेज दिया।

### खेल विशेष

## क्विंटन डी कॉक, राज अंगद बावा आईपीएल से बाहर

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस अपने बचे हुए दो मैचों में क्विंटन डी कॉक और राज अंगद बावा के बिना खेलेगी, क्योंकि वे पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुके हैं। दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज डी कॉक को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एमआई के मैच से पहले अपनी बाईं कलाई में टेंडन की चोट लग गई थी। चंडीगढ़ के ऑलराउंडर राज अंगद बावा को पंजाब किंग्स के खिलाफ एमआई के पिछले मैच के दौरान अपने दाहिने अंगूठे में लिगामेंट टियर हो गया था। दोनों खिलाड़ी चोट से ठीक होने के लिए अपने-अपने घरों में हैं। मुंबई इंडियंस के एक बयान में कहा गया है कि वे आईपीएल गाइडलाइंस के हिंसाब से रिप्लेसमेंट की घोाणा करेंगे। डी कॉक ने आखिरी बार 23 अप्रैल को एमआई के लिए खेला था, जिसमें उन्होंने तीन इनिंग्स में 132 रन बनाए थे।

## ईस्ट बंगाल ने दूसरी बार आईडब्ल्यूएल ट्रॉफी जीती

**कोलकाता, वार्ता।** इंडियन विमेंस लीग 2025-26 सीजन की नई चैंपियन ईस्ट बंगाल एफसी ने ईस्ट बंगाल ग्राउंड पर श्रीभूमि फुटबॉल क्लब के खिलाफ 2-0 से जीत के साथ मैच खत्म किया, जबकि गोकुलम केरल एफसी को नीता फुटबॉल एकेडमी ने उसी जगह पर 1-1 से ड्रॉ पर रोका। नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में, किकस्टार्ट एफसी, कर्नाटक और सेथु एफसी ने 1-1 से ड्रॉ खेला, जबकि गढ़वाल यूनाइटेड एफसी ने सोमवार को सेसा फुटबॉल एकेडमी के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की। जबकि ईस्ट बंगाल ने एक मैच बाकी रहते ही टाइटल पक्का कर लिया था, गढ़वाल यूनाइटेड एफसी, सेसा के खिलाफ अपनी जीत के साथ रेल. गेशन से बचने में कामयाब रहा। इस बीच, श्रीभूमि अगले सीजन में सेसा एफए के साथ आईडब्ल्यूएल 2 में चली जाएगी।

## नेमार ब्राजील की विश्व कप टीम में शामिल

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** नेमार को अगले महीने होने वाले फीफा वर्ल्ड कप के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया गया, जिससे नेशनल टीम से ढाई साल से ज्यादा की उनकी गैरमौजूदगी खत्म हो गई। सैंटोस स्टार मैनेजर कार्लो एंसेलोटी द्वारा पढ़े गए आखिरी नामों में से एक था, जिससे हाल के हफ्तों में ब्राजील के मीडिया में छाई सिलेक्शन की बहस खत्म हो गई। एंसेलोटी ने सोमवार को रियो डी जेनेरो में एक न्यूज कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमने नेमार को इसलिए नहीं चुना क्योंकि हमें लगता है कि वह एक अच्छा बैकअप होगा, बल्कि इसलिए चुना क्योंकि वह अपनी खूबियों से टीम में जान डाल सकता है। चाहे वह एक मिनट खेले या 90 मिनट मुझे लगता है कि हमें पिच पर कुल मिलाकर मिनटों की क्वालिटी पर ध्यान देना होगा।

# KKR की नजर मुंबई इंडियंस के खिलाफ प्लेऑफ में बने रहने पर



**कोलकाता, वार्ता।** कोलक. ाता नाइट राइडर्स बुधवार को ईडन गार्डन्स में आईपीएल 2026 सीजन के 65वें मैच में मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी, तो उसे हर हाल में जीतना होगा।

मुंबई पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से ाहर हो चुकी है, लेकिन केकेआर के पास अभी भी क्वालिफाई करने का एक छोटा सा मौका है और वह सीजन के आखिर में अपनी वापसी जारी रखने के लिए बेताब होगी। कैंपेन की खराब शुरुआत के बाद कोल. काता ने शानदार वापसी की है। सीजन की शुरुआत लगातार छह हार के साथ करने के बाद, केकेआर ने अपने पिछले छह मैचों में से पांच जीतकर जबरदस्त वापसी की है। उनकी सबसे नई जीत गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मिली, जहां बैटिंग यूनिट ने सीजन का अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। कप्तान अजिक्य रहाणे टीम के अंदर, खासकर टॉप-ऑर्डर बैट्समैन के बीच बढ़ते कॉन्फिडेंस से उत्साहित होंगे। पिछले मैच में जबरदस्त ओपनर फिन एलन ने सिर्फ 35 गें. दों पर 93 रन बनाकर सबका ध्यान खींचा, जबकि अंगकृ रघुवंशी ने 82 रन की पारी खेलकर अपना लगातार अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। रघुवंशी इस सीजन में 422 रन बनाकर केकेआर के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हैं और इस अहम मुकाबले में टीम की उम्मीदों का केंद्र बने हुए हैं। केकेआर का मिडिल ऑर्डर भी सही समय पर अच्छा खेलने लगा है। कैमरून ग्रीन, रिकू सिंह और मनीा पांडे ने बैटिंग लाइनअप में स्थिरता और तेजी लाई है, जिससे बैटिंग लाइनअप में और गहराई आई है। टीम एक बार फिर अनुभवी ऑलराउंडर सुनील नारायण पर भरोसा करेगी, जिन्होंने पूरे सीजन में गेंद से अहम योगदान दिया है। नारायण केकेआर के सबसे अच्छे बॉलर रहे हैं।

# युवा एथलीटों ने सचिन तेंदुलकर के साथ किया मैदान साझा

**अहमदाबाद, वार्ता।** अहमदाबाद में एसआरटी10 एल्टेवॉल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्पोर्ट्स एकेडमी में प्रेरक और भावुक कर देने वाला अवसर देखने को मिला,

जब क्रिकेट के महान खिलाड़ी, सचिन तेंदुलकर ने एकेडमी में प्रशिक्षण ले रहे युवा एथलीटों के साथ समय बिताया। इस विशो कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बच्चों, माता-पिताओं और उभरते क्रिकेटरों के साथ बातचीत की। तें. दुलकर ने क्रिकेट से जुड़ी गति. विधियों और अनौपचारिक सत्रों के लिए बच्चों के साथ मैदान पर उतरकर, युवा एथलीटों को अनुशासन, धैर्य और खेल के घरिए सीखने की खुशी को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके इस संवाद ने एकेडमी में जमा हुए प्रशिक्षुओं और उनके परिवारों को प्रेरित किया। यहां आए कई लोगों ने इस अनुभव को जीवन में कभी-कभार मिलने वाला अवसर बताया। सचिन तेंदुलकर ने इस कार्यक्रम के बाद कहा कि बच्चों के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण नहीं है कि वे शुरुआत कहां से करते हैं, बल्कि यह अधिक घ्रूरी है कि उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलता है या नहीं। पिछले कुछ साल में, मैंने यह महसूस किया है कि भारत में खेल का भविय इस बात से तय होगा कि हम घ्मीनी स्तर के खेल के परितंत्र में कितनी गंभीरता से निवेश करते हैं और बच्चों को बगैर किसी डर या दबाव के खेल का आनंद लेने के लिए कितना प्रोत्साहित करते हैं। जब बच्चे मैदान पर कदम रखते हैं, तो वे सिर्फ खेल के नियम ही नहीं सीखते, बल्कि वे अनुशासन, टीम वर्क, जुझारूपन और खुद पर विश्वास करना सीखते हैं। अहमदाबाद में इन युवा एथलीटों के बीच दिखी ऊर्जा और जिज्ञासा आशा की किरण की तरह है, और मुझे उम्मीद है कि इस तरह के मंच और भी कई बच्चों को खेल के घरिए सपने देखने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। एसजी रोड पर वैणोदेवी सर्कल के पास शंकु फार्म में स्थित, एसआरटी10 एल्टेवॉल स्पोर्ट्स एकेडमी को इस साल की शुरुआत में लॉन्च किया गया था। यह एकेडमी लागातार वृद्धि दर्ज करते एसआरटी10 परितंत्र का अंग है, जिसका उद्देश्य है, पेशेवर कोचिंग, फिटनेस से जुघ बुनियादी ढांचा और एथलीटों के लिए समग्र प्रशिक्षण कार्यक्रमों के घरिए जमीनी स्तर पर खेल का विकास सुनिश्चित करना।

# बुमराह को आराम, राहुल बने उपकप्तान, प्रिंस वनडे टीम में



**मुंबई, वार्ता।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अफगानिस्तान के खिलाफ घर पर एकमात्र टेस्ट और तीन वनडे मुक. ाबलों के लिए चयनित भारतीय दल से आराम दिया गया है, जबकि टेस्ट दल में केएल राहुल ने उपकप्तान के रूप में ऋाभ पंत की जगह ली है। तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को पहली बार वनडे टीम में जगह मिली है।

पिछले साल नवम्बर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली 2-0 की हार के बाद भारत पहली बार टेस्ट खेलेगा। बुमराह के अलावा उस दल से नदारद रहने वाले खिलाड़ियों में बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा और तेज गें. दबाज आकाश दीप शामिल हैं। टेस्ट दल में बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर मानव सुथार और तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को पहली बार बुलावा आया है जबकि बाएं हाथ के स्पिनर हा दुबे को भी जगह मिली है। आईपीएल 2026 में अपनी तेज गेंदबाजी से प्रभावित करने वाले प्रिंस यादव को पहली बार भारतीय वनडे दल में जगह मिली है। प्रिंस के साथ ही बराड़ और दुबे को भी पहली बार वनडे टीम में जगह मिली है। इशान किशन और हार्दिक पंड्या ने वनडे टीम में वापसी की है जबकि जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय दल से आयुा बदोनी, पंत, जडेजा, हाित राणा और मोहम्मद सिराज बाहर हैं।

# ऑरेंज कैप रेस में शीर्ष पर पहुंचे क्लासेन

■ अभिषेक और ईशान भी आगे बढ़े



**चेन्नई, वार्ता।** आईपीएल 2026 के प्लेऑफ की रेस अब बेहद रोमांचक हो चुकी है और अब जम्मिेदारी उन खिलाड़ियों पर है जिन्होंने पूरे सीजन लगातार शानदार प्रदर्शन किया है। यानी ऑरेंज और पर्पल कैप की दौड़ में आगे चल रहे खिलाड़ी। सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुकाबले में कुछ खिलाड़ियों ने बिल्कुल वैसा ही प्रदर्शन किया।

ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड एसआरएच के स्टार बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन के पास मैचों के बीच छह दिन का अंतर था और उनकी गैरमौजूदगी में ऑरेंज कैप कई खिलाड़ियों के बीच घूमती रही। लेकिन सोमवार को वापसी करते हुए उन्होंने 26 गेंदों पर 47 रन बनाए और फिर से 555 रन के साथ तालिका में शीा पर पहुंच गए। वह साई सुदर्शन से सिर्फ एक रन और शुभमन गिल से तीन रन आगे हैं। गुजरात टाइटंस (जीटी) के दोनों ओपनर अभी भी ऑरेंज कैप की दौड़ में मजबूती से बने हुए हैं। टॉप पांच में उनके पीछे विराट कोहली (आरसीबी) 542 रन के साथ चौथे और केएल राहुल द्धडीसीऋ 533 रन के साथ पांचवें स्थान पर हैं। वहीं क्लासेन के टीम-साथी अभिोक शर्मा, जिन्होंने सीएसके के खिलाफ 26 रन बनाए, 507 रन के साथ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर, इशान किशन ने सीएसके के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन करते हुए 47 गेंदों पर 70 रन बनाए और इस सीजन में अपने कुल रन 490 तक पहुंचा दिए। इसके साथ ही वह सातवें स्थान पर पहुंच गए। वहीं संजू सैमसन ने एसआरएच के खिलाफ 27 रन की पारी खेलकर पंजाब किंग्स के कूपर कॉनली और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मिचेल मार्श को पीछे छोड़ा और 477 रन के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए। पर्पल कैप लीडरबोर्ड अंशुल कम्बोज एसआरएच के खिलाफ महंगे साबित हुए और अपने चार ओवरों में 46 रन दिए, लेकिन उन्होंने एक विकेट भी हासिल किया। इसी के साथ वह इस सीजन में 20 विकेट तक पहुंचने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए। अब उनके नाम 20 विकेट हैं और उनसे आगे केवल आरसीबी के भुवनेश्वर कुमार (24 विकेट) और जीटी के कगिसो रबाडा (21 विकेट) हैं।

# इस कठिन पिच पर मुझे अंतिम ओवर तक खेलना था: इशान किशन



**चेन्नई, वार्ता।** जब इशान किशन ने पूरे 20 ओवर विकेटकीपिंग करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 180 के स्कोर पर रुकते हुए देखा और इसमें अधिकतम योगदान सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गें. दबाजों द्वारा 17 ओवर में डाले गए 39 धीमी गति की गेंदों का था तो उन्हें पता था कि चेज करना आसान नहीं होने वाला है।

तीसरे ओवर में तीन नम्बर पर बल्लेबाजी करने आए किशन ने ए सुनिश्चित किया कि वह अंत तक क्रीज पर रहेंगे। 47 गेंदों में 70 रन बनाकर जब वह आउट हुए तब एसआरएच को नौ गेंदों में केवल छह रन चाहिए थे। पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में किशन ने कहा कि जब मैं विकेटकीपिंग कर रहा था तो मुझे एहसास हुआ कि पिच आसान नहीं है। मुझे लग रहा था कि इस टोटल को भी हासिल करना आसान नहीं होने वाला है क्योंकि पिच इतनी आसान नहीं थी और खास तौर से स्पिनर्स और धीमी गति वाली गेंदें काफी अच्छी निकल रही थी। हालांकि, उसी समय मुझे ए भी लगता है कि तीन नम्बर का बल्लेबाज होने के कारण मेरा काम मैच का अंत करने की कोशिश करना है। क्योंकि नए बल्लेबाजों के लिए सिगल लेना और उसी समय बड़े शॉट्स लगाना आसान नहीं होता तो मुझे अंतिम ओवर तक खेलते रहना था। किशन का इस सीजन स्ट्राइक रेट 179-48 है, लेकिन इस मैच में उन्होंने 148-93 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उन्होंने पारी की शुरुआत में स्पेंसर जॉनसन के एक ओवर में तीन चौके लगाते हुए की और फिर 37 गेंदों में अपना पचासा पूरा किया। 18वें ओवर की शुरुआत में चौथा विकेट गंवाने के बाद एसआरएच को 14 गेंदों में 23 रन चाहिए थे और चेज थोड़ी मुश्किल हो रही थी तब किशन ने मुकेश चौधरी को एक छक्का और एक चौका लगाते हुए 12 गेंदों में 13 रनों का आंकड़ा ला दिया।

# अर्जुन-हरिहरन ने फ्रांस के पोपोव बंधुओं को हराया

**कुआलालंपुर, वार्ता।** भारत के एमआर अर्जुन और हरिहरन अम्साकारुनेन ने मंगलवार को यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में मलेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले राउंड में फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव और टोमा जूनियर पोपोव को हराया।

पुरुषों की डबल्स बैडमिंटन रैंकिंग में 31वें नम्बर पर मौजूद अर्जुन-हरिहरन ने दुनिया के 20वें नम्बर के पोपोव भाइयों को 36 मिनट में 21-19, 21-15 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। पहले गेम में पोपोव्स ज्यादातर समय आगे थे। हालांकि, 19-16 से पीछे चल रही भारतीय जोड़ी ने लगातार पांच पॉइंट लेकर मैच में बढ़त बना ली। इसके बाद अर्जुन और हरिहरन ने दूसरे गेम में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत पूरी की। पोपोव्स के खिलाफ भारतीय बैडमिंटन जोड़ी के लिए यह एक शानदार जीत थी, जो इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। क्रिस्टो सिगल्स रैंकिंग में दुनिया के चौथे नम्बर के खिलाड़ी हैं, जबकि टोमा जूनियर 16वें नम्बर पर हैं। इस साल की शुरुआत में थॉमस कप में फ्रांस की सिल्वर मेडल जीत में इन दोनों का अहम रोल था। अश्विनी भट्ट के और शिखा गौतम कनाडा की जैकी डेंट और क्रिस्टल लाई से 15-21, 21-17, 17-21 से हारकर महिला डबल्स मुकाबले से बाहर हो गईं। मार्च के बाद पहली बार बीडब्ल्यू वर्ल्ड टूर में आकर्ाी कश्यप की वापसी थोड़ी देर के लिए ही रही, क्योंकि भारतीय शटलर कोरिया गणराज्य की पार्क गा-यून से अपना महिला सिगल्स क्वालिफाइंग मैच 15-21, 22-20, 21-7 से हार गईं। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने पहला गेम आराम से जीता और दूसरे गेम में भी 17-11 से आगे थीं, लेकिन उनकी साउथ कोरियाई विरोधी ने पासा पलट दिया। सात्विक रेड्डी कनापुरम और राधिका शर्मा ने 37वें मिनट में दातू अनीफ इसाक दातू असराह और क्लेरिसा सैन को 21-15, 21-17 से हराकर मिक्स्ड डबल्स के मेन ड्रॉ में जगह बनाई। इस बीच, अश्मिता चालिहा, जो हमवतन उन्नति हुड्डा और रक्षिता रामराज के आखिरी समय में हटने के बाद टूर्नामेंट में देर से आईं, महिला सिगल्स के मेन ड्रॉ में आगे बढ़ने में कामयाब रहीं।

# लंढौरा क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी

## मानकों के विपरीत चल रहे पांच अस्पताल सीज, अस्पताल संचालकों में मचा रहा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** उत्तराखंड का स्वास्थ्य विभाग अब फर्जी और बिना अनुमति के चल रहे अस्पतालों के खिलाफ पूरी तरह से सख्त रुख अपना चुका है। जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सख्त आदेशों पर आज लंढौरा क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ मिलकर एक बड़ी छापेमारी की। इस औचक निरीक्षण से अवैध रूप से अस्पताल चलाने वाले संचालकों में दिन भर हड़कंप मचा रहा। हरिद्वार से पहुंचे अपर मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमेश कुंवर के नेतृत्व में स्वास्थ्य और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने लंढौरा स्थित निम्नलिखित अस्पतालों पर अचानक छापा मारा जिनमें भारत हेल्थ केयर, सुपर हेल्थ केयर, निर्मला मैटरनिटी होम, ग्लोबल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल और इंडियन नर्सिंग होम पर सील की कार्यवाई की गई। निरीक्षण के दौरान इन सभी अस्पतालों में भारी अनियमितताएं पाई गईं। यहाँ ना तो योग्य डॉक्टर मौजूद थे और ना ही प्रशिक्षित




पैरामेडिकल स्टाफ। बिना डिग्री और प्रशिक्षण के ही मरीजों का इलाज किया जा रहा था, यहाँ तक कि गंभीर रूप से डिलीवरी भी कराई जा रही थी। इसके अलावा, अस्पतालों में मेडिकल वेस्ट (बायो-मेडिकल कचरा) के निस्तारण और अग्निशमन मानकों का खुलेआम उल्लंघन पाया गया हैं। छापेमारी के दौरान सबसे चौंकाने वाला मामला ग्लोबल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में सामने आया। यहाँ बिना किसी योग्य डॉक्टर या विशेषज्ञ के ही धड़ल्ले से मरीजों के अल्ट्रासाउंड किए जा रहे थे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इसे लोगों की जिंदगी

> ❖हेल्थ केयर सेंटर पर बिना डॉक्टर के हो रहे थे अल्ट्रासाउंड
>
> ❖कुछ माफिया अवैध कमाई के लिए लोगों की सेहत से कर रहे हैं खिलवाड़, अस्पताल में न डाक्टर, न रजिस्ट्रेशन और बोर्ड लगा है 24 घंट इमरजेंसी सेवा

के साथ बड़ा खिलवाड़ मानते हुए तत्काल अल्ट्रासाउंड रूम को सील कर दिया। अब इस अस्पताल पर च्च्छकज् ।बज (गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम) के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग विभाग की टीम ने शक्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्टश (नैदानिक स्थापना अधिनियम) के तहत इन सभी अस्पतालों पर 50 हजार से लेकर 1 लाख रुपये तक का आर्थिक दंड लगाया है। साथ ही, इन सभी के चिकित्सालय पंजीकरण और आवेदनों को निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस बड़ी कार्रवाई के बाद अधिकारी डॉ. रमेश कुंवर ने सख्त




लहजे में कहा की क्षेत्र में अब किसी भी तरह का स्वास्थ्य फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोगों की सेहत और जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने वाले जेल जाएंगे। अवैध अस्पतालों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग का यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।ष्इस छापेमारी के दौरान डॉ. हेमंत खरकवाल, अवनीश कुमार और पुलिस प्रशासन की ओर से महेश चंद, दिनेश शर्मा सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांस बरामद आरोपी गन्ने के खेत में कार छोड़कर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** उत्तराखंड गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत झबरेड़ा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध प्रतिबंधित मांस बरामद किया है। तस्कर पुलिस को चकमा देने के लिए अपनी ऑल्टो कार को गन्ने के खेत में खड़ी कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल वाहन को जब्त कर अज्ञात आरोपितो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि 18 मई की रात उप-निरीक्षक योगेश कुमार पुलिस टीम सहित क्षेत्र में शांति व्यवस्था और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के लिए गश्त पर थे। इसी दौरान जटोल रोड पर तैनात चेतक पुलिस कर्मियों को एक संदिग्ध ऑल्टो कार आती दिखाई दी। पुलिस ने जब कार को रुकने का इशारा किया, तो चालक ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी और भागने लगा। चेतक कर्मियों की सूचना पर एक्टिव हुई थाना मोबाइल और पुलिस टीम ने सरकारी वाहनों से कार का पीछा शुरू किया। तस्करों ने पुलिस पकड़ से बचने के लिए कार को जटोल रोड से शिव चौक, अमर जवान चौक, बिजली घर, सावतवाली, खून्डेवाली, माजरी, फाजिलपुर होते हुए अकबरपुर की तरफ दौड़ा दिया। खुन्डेवाली-अकबरपुर तिराहे के पास पीछा कर रही पुलिस से घिरता देख चालक ने कार पर से नियंत्रण खो दिया और गाड़ी अनियंत्रित होकर एक गन्ने के खेत में जा घुसी। मौका पाकर कार चालक गाड़ी को चालू हालत में ही छोड़कर अंधेरे और गन्ने की फसल की आड़ लेकर रफूचक्कर हो गया। पुलिस टीम ने पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली, तो उसकी पिछली सीट और डिग्गी से प्लास्टिक के 5 कट्टे बरामद हुए। सभी कट्टों को खोलने पर उसमें ढाई कुंतल प्रतिबंधित मांस मिला। तत्काल कार्रवाई करते हुए उप-निरीक्षक योगेश कुमार ने पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि सैनी से संपर्क किया, जिनके निर्देश पर डॉ. रविन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे। डॉक्टर ने बरामद मांस के प्रतिबंधित मांस होने की पुष्टि की। पशु चिकित्सक की मौजूदगी में बरामद मांस में से कुछ प्रयोगशाला परीक्षण के लिए करीब 100 ग्राम का सैंपल लेकर उसे एक डिब्बे में सील किया गया। इसके बाद डॉक्टर के दिशा-निर्देशों के अनुसार, शेष ढाई कुंटल मांस को खेत के किनारे गड्ढा खुदवाकर और उचित अम्लीय छिड़काव कर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

## लक्सर तहसील दिवस में एसडीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

# 37 शिकायतें दर्ज, 9 का मौके पर किया निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर तहसील मुख्यालय में आज तहसील दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी (एसडीएम) अनिल कुमार शुक्ला ने की। इस दौरान एसडीएम ने क्षेत्र से आए लोगों की विभिन्न जनसमस्याओं को सुना और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।माध्यमों से जानकारी देते हुए उप जिलाधिकारी अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि आज के तहसील दिवस में कुल '37 शिकायतें'दर्ज की गईं। इनमें से 9 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण'' कर दिया गया, जबकि शेष बची शिकायतों को संबंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया है। एसडीएम ने कड़े निर्देश दिए हैं कि इन सभी लंबित शिकायतों का निस्तारण अगले 15 दिनों के भीतर मौके पर जाकर सुनिश्चित किया जाएतहसील दिवस में आए कुछ प्रमुख मामलेगैस एजेंसी की लापरवाही एक शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने अपना गैस सिलेंडर बुक कराया था, लेकिन एजेंसी ने उसका सिलेंडर किसी दूसरे व्यक्ति को दे दिया। अब उसे रोजाना परेशान कर दोबारा बुकिंग कराने को कहा जा रहा है तहसील रोड का निर्माण:लक्सर तहसील मार्ग की बदहाली को लेकर नगर पालिका परिषद से जवाब मांगा गया था। इस पर नगर पालिका के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द



इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगाकिसान की समस्या का समाधान:'' एक पीड़ित किसान ने शिकायत दर्ज कराई कि पिछले एक वर्ष से भी अधिक समय से उसके खेत में एक पेड़ गिरा हुआ है। वह उसे हटाने की अनुमति के लिए लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने वन विभाग के कर्मचारियों को तुरंत पेड़ हटाने की अनुमति देने और कार्रवाई करने के आदेश जारी किए। अनुपस्थित कर्मचारियों पर भड़के एसडीएमआज के तहसील दिवस में आधे से भी कम विभागों के कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित रहे, जिस पर उप जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की उन्होंने अनुपस्थित रहने वाले और लापरवाही बरतने वाले सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि तय समय सीमा के भीतर शिकायतों का निवारण नहीं हुआ, तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार सख्त वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# मासूम बच्चे के अपहरण का फरार आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** थाना झबरेड़ा के ग्राम भक्तों वाली से एक शादी समारोह से अपहृत हुए 3 वर्षीय मासूम बालक के आरोपितो में से एक को पूर्व ही पुलिस द्वारा जेल भेज दिया था। पुलिस द्वारा इसी मामले में एक दूसरे ईनामी आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। झबरेडा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने ग्राम भक्तोंवाली निवासी अमरेश कुमार के यहां 14 अप्रैल को शादी समारोह था । शादी समारोह से 3 वर्षीय मासूम बालक आयु का अपहरण कर लिया गया था। पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित गरजा उर्फ गजे निवासी सकरपुर, मुजफ्फरनगर, यूपी को 15 मई को बच्चे सहित शकरपुर गांव पुरकाजी मार्ग एलबीएस भट्टै के पास से बच्चे सहित दबोच लिया था ।वारदात के बाद मौके से फरार हुए आरोपी के दो साथियों में से एक ओर आरोपी रविंद्र ग्राम शकरपुर उत्तर प्रदेश को पुलिस ने पुहाना से गिरफ्तार कर चालान करते हुए जेल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस तीसरे फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

# सीएसपीएस में बैंकिंग विषय पर विशेष व्याख्यान, विशेषज्ञ ने दी व्यवहारिक जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की स्थित चंद्र शेखर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 एवं 12 कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए बैंकिंग विषय पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्क्ठ ठंदा से आए बैंकिंग विशेषज्ञ सुशील धमीजा उपस्थित रहे।

व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों को बैंकिंग के मूलभूत सिद्धांतों की विस्तृत जानकारी दी गई। श्री धमीजा ने चेक भरने की सही प्रक्रिया, डेबिट एवं क्रेडिट की अवधारणा, राशि को शब्दों एवं अंकों में सही ढंग से लिखने की विधि तथा आधुनिक बैंकिंग के विभिन्न माध्यमों जैसे ऑनलाइन ट्रांजैक्शन, एटीएम और डिजिटल बैंकिंग के बारे में व्यावहारिक उदाहरणों सहित समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि आज के समय में बैंकिंग ज्ञान केवल कॉमर्स छात्रों के लिए ही नहीं, बल्कि हर नागरिक के लिए आवश्यक है। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बैंक खातों, डिजिटल भुगतान और सुरक्षा संबंधी कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिनका समाधान विस्तार से किया गया। यह ज्ञानवर्धक सत्र प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक आयोजित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ उनके व्यावहारिक जीवन में भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के एम.डी. अभिषेक चंद्र एवं प्रधानाचार्या पूनम चंद्र ने मुख्य वक्ता सुशील धमीजा का आभार व्यक्त किया। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## 10 लीटर अवैध शराब व भट्टी पकड़ी

**भगवानपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा दुराचारियों/गुण्डा अपराधियों /मादक पदार्थ के धंधे में संलिप्त के विरूद्ध कार्यवाही के दिशा निर्देश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवानपुर के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम को सूचना मिली कि दादूबास क्रैशर से लगभग 500 मीटर पीछे छोटी लाम की तरफ नदी के किनारे टपरी पर दो व्यक्ति कच्ची भट्टी लगाकर कच्ची शराब निकाल रहे है। उक्त सूचना प्राप्त हुयी इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचे तो पुलिस टीम को अपनी और आता देख दोनो आरोपित मौके से फरार हो गये तथा मौके से 10 लीटर कच्ची शराब भट्टी उपकरण दो बड़े ड्रम, दो तसले, दो टीन प्लेट मय रबड़ पाईप, दो गैस चुल्हा मय पाइप रेग्युलेटर व एक गैस सिलेण्डर भारत गैस माल बरामदगी की गई।

# बैंक में पैसे निकालने गए किसान के 50 हजार चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक किसान के इकबालपुर स्थित पीएनबी बैंक से उस समय किसी के द्वारा 50000 जेब से चोरी कर निकाल लिए गए जब वह बैंक से डेढ़ लाख रूपए निकाल कर चला था। बैंक से बाहर आते ही किसान को पैसे चोरी होने का पता चला। ग्राम बालेकी निवासी कयूम अहमद जो किसान है। मंगलवार को इकबालपुर स्थित पीएनबी बैंक से अपने केसीसी कार्ड से पैसे निकालने आया था। उक्त किसान द्वारा अपने केसीसी कार्ड से डेढ़ लाख रुपए निकाले तथा अपने कुर्ते की जेब में रख लिए ।बैंक से बाहर आते ही किसान ने कुर्ते की जेब को दोबारा देखा तो एक जेब में डाले गए ӧ50000 की नोटों की गडड़ी नहीं मिली। ӧ50000 की नोटों गडड़ी जेब में नहीं मिलने से किसान वापस बैंक में गया तथा वहां बैंक कर्मियों व दूसरे लोगों से पैसे चोरी होने की बात बताई तथा पूछताछ की गई। पैसे ना मिलने पर उक्त किसान ने इकबालपुर स्थित पुलिस चौकी में जाकर पैसे चोरी होने की सूचना दी। इकबालपुर पुलिस चौकी इंचार्ज योगेश कुमार का कहना है कि किसान की पैसे चोरी की शिकायत मिलते ही पुलिस बैंक मैं गई तथा बैंक कर्मियों में वहां अन्य लोगों से पूछताछ की गई तथा बैंक के अंदर व बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे खँगाले गए शीघ्र ही चोर का पता लगा लिया जाएगा।

# गोकशी में फरार चल रहे दो आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** 'ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत हरिद्वार पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी के तहत कोतवाली भगवानपुर पुलिस द्वारा गौकशी में फरार चल रहे 02 वांछित आरोपितों को धर दबोचा गया है। पुलिस का कहना है कि गौकशी करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही से गौ तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा दुराचारियों/ वारन्टी/वांछित आरोपितों के विरूद्ध कार्यवाही के दिशा निर्देश दिये गये थे। जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवानपुर के कुशल नेतृत्व दिनाँक 19/5/2026 को कोतवाली भगवानपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुऐ वांछित आरोपित को पकडा गया। पुलिस ने बताया कि पकडे गये आरोपियों के नाम मुसैब पुत्र मुनीर निवासी खेलपुर कोतवाली भगवानपुर व नवाजिश पुत्र मुनीर निवासी खेलपुर कोतवाली भगवानपुर जनपद हरिद्वार है।

# चोरी की तीन बाइकों सहित वाहन चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** एसएसपी नवनीत सिंह के नेतृत्व में ऑपरेशन प्रहार के तहत मंगलौर पुलिस की बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने 03 चोरी की मोटरसाइकिलों सहित शातिर वाहन चोर को दबोच लिया है। जानकारी के अनुसार लगातार जारी अभियान में मंगलौर पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे "ऑपरेशन प्रहार" के तहत कोतवाली मंगलौर पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर को पकड़ा है, जिसके कब्जे से चोरी की गई 03 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। बरामद वाहनों में 02 मोटरसाइकिलें कोतवाली नगर हरिद्वार तथा 01 मोटरसाइकिल कोतवाली मंगलौर क्षेत्र से चोरी हुई थी। वादी विजय कुमार पुत्र प्रीतम सिंह निवासी सहारनपुर (उ0प्र0) द्वारा अशोकापुरम क्षेत्र से उनकी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर चोरी होने के संबंध में कोतवाली मंगलौर में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के आदेशानुसार प्रभारी निरीक्षक मंगलौर द्वारा अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र के डिजिटल साक्ष्यों की गहन जांच की गई तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर लगातार सूचनाएं जुटाई गईं। लगातार प्रयासों के फलस्वरूप मंगलौर पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत शातिर वाहन चोर गौतम सहरावत को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। पकड़े गये आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें चोरी एवं अन्य आपराधिक प्रकरण शामिल हैं। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी हैं।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम ADITI SOOD से बदलकर ADITI MEHTA रख लिया है भविष्य में मुझे ADITI MEHTA के नाम से ही जाना पहचाना, पढ़ा, लिखा जाये। ADITI MEHTA W/0 GARVIT KUMAR नि. म. नं. 651/14 बी. गंगा एनक्लेव, सैनिक कॉलोनी रुड़की, हरिद्वार।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री विशाखा सैनी का आचरण ठीक न होने के कारण उसने परिवार की मर्जी के खिलाफ अपनी मनमर्जी से सन्नी पुत्र मांगेराम नि. दथेड़ा घड़ी हसनपुर शामली उ.प्र. से कोर्ट मैरिज कर ली है इसलिए विशाखा को मैंने अपनी तमाम चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध -विच्छेद कर लिया है आज के बाद विशाखा के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेने की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
नाथीराम पुत्र फूल सिंह नि. ग्राम बहावपुर छंगामजरी भगवानपुर, हरिद्वार

# ग्लास फैक्ट्री में लगी आग फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना क्षेत्र में एक गिलास फैक्टरी में आग लगने की सूचना पर तत्काल भगवानपुर फायर ब्रिगेड की टीम मुख्य पर पहुंची और कड़ी में सकट के बाद अकबर का गुफा लिया जिससे फैक्ट्री में बड़ा नुकसान होने से बच गया। जानकारी के अनुसार एमडीटी के माध्यम से फायर स्टेशन भगवानपुर पर सूचना प्राप्त हुई कि मेसर्स डायमंड टफ ग्लास फैक्ट्री लकेश्वरी में आग लगी है, सूचना तुरंत अमल में लाई गई। प्रभारी फायर स्टेशन भगवानपुर महोदय के निर्देशन में घटनास्थल पर पहुंचकर देखा कि आग फैक्ट्री के फोम इंसुलेटेड टीन शेड के बने छत में लगी थी जिसको फायर यूनिट ने पंपिंग कर पूर्ण रूप से बुझाया, शेष कोई जनहानि नहीं हुई।

## मजदूरों के अधिकारों व न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर

# पीपुल्स यूथ फ्रंट का तहसील में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** तहसील परिसर स्थित जॉइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय के बाहर पीपुल्स यूथ फ्रंट के बैनर तले दर्जनों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और अपर तहसीलदार को मजदूरों के अधिकारों और न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

संगठन के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि उत्तराखंड सरकार और जिला प्रशासन द्वारा श्रमिकों के अधिकारों की लगातार अनदेखी की जा रही है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौरव धीमान ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में मजदूर न्यूनतम वेतन से भी कम पर काम करने को मजबूर हैं जबकि महंगाई लगातार बढ़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि निजी कंपनियों और औद्योगिक संस्थानों में श्रमिकों का शोषण हो रहा है और श्रम कानूनों का सही तरीके से पालन नहीं किया जा रहा। साथ ही उन्होंने कहा कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित कुमार पर प्रशासन के द्वारा गुंडा एक्ट लगाते हुए जिला बदर किया गया है जिसे बर्दाश्त नही किया जाएगा। संगठन की माँग है कि उन्हें ससम्मान वापस



बुलाया जाए साथ ही साथ सभी श्रमिकों को निर्धारित न्यूनतम वेतन,सामाजिक सुरक्षा और सुरक्षित कार्य वातावरण भी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि यदि मजदूरों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो संगठन बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## एडवोकेट एसोसिएशन लक्सर के वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

# पवन सिंह अध्यक्ष व धर्मेंद्र सिंह बने सचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** एडवोकेट एसोसिएशन लक्सर के वार्षिक चुनाव मंगलवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान अधिवक्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए विभिन्न पदों के लिए मतदान किया।

चुनाव को निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी होने के बाद मतगणना कर अध्यक्ष, सचिव, सहसचिव पदों के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद अध्यक्ष पद पर एडवोकेट पवन सिंह, सचिव पद पर एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह, शहर सचिव एडवोकेट रविकांत ने जीत हांसिल की। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समर्थकों एवं साथी अधिवक्ताओं ने बधाई दी। इस दौरान बार परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा। बार एसोसिएशन के सदस्यों ने चुनाव प्रक्रिया को सफल बताते हुए कहा कि लोकतांत्रिक परंपरा के तहत शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न



होना सकारात्मक संदेश देता है। अधिवक्ताओं ने उम्मीद जताई कि नवनिर्वाचित पदाधिकारी अधिवक्ताओं के हितों के लिए बेहतर कार्य करेंगे और संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

# सम्पादकीय

## महंगाई का मकड़जाल

तेल विपणन कंपनियों ने पांच दिन में दूसरी बार दोनों ईंधनों के दाम बढ़ाए हैं। इससे पहले, 15 मई को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में तीन-तीन रुपये की वृद्धि की गई थी। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में आज से पेट्रोल की कीमत 87 पैसे बढ़कर 98. 64 रुपये प्रति लीटर हो गई है। डीजल भी 91 पैसे महंगा हुआ। अब एक लीटर डीजल 91.58 रुपये का मिलेगा। भारत में इस सप्ताह घोषित पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3.91 रुपए प्रति लीटर या 4.4 प्रतिशत की वृद्धि तेल उत्पादक देशों जैसे सऊदी अरब को छोड़कर किसी भी प्रमुख अर्थव्यवस्था द्वारा की गई सबसे कम वृद्धि है। यह जानकारी ग्लोबल पेट्रोल प्राइसेजडाटकाम के द्वारा संकलित आंकड़ों में दी गई। इंडियन ऑयल के एक अधिकारी के अनुसार ईंधन की कीमतों में 3.91 रुपए की बढ़ोतरी से केवल आंशिक रूप से कच्चे तेल में आए उछाल की भरपाई हुई है। यह कदम क्रूड ऑयल की बढ़ी कीमतों को सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों द्वारा 76 दिनों तक पूरी तरह से वहन करने के बाद उठाया गया है। यानि कि सरकार ने मान लिया है कि वह पेट्रोल और डीजल के रेट एक साथ नही, बल्कि धीरे-धीरे बढ़ाएगी। सरकार के इस फैसले से देश की जनता में नाराजगी है। जनता का ही कहना है कि यदि सरकार पेट्रोल और डीजल के रेट बढ़ा रही है, तो अन्य चीजों के रेट घटा दे, ताकि आम जनता अपनी जेब का बैलेंस बनाए रखे। विपक्ष भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने लगा है। देश में बढ़ते तेल संकट के बीच कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का कहना है कि देश में आर्थिक तूफान आने वाला है। देश के लोगों को बड़ा झटका लगने वाला है। इसका सबसे बड़ा असर यहां के युवाओं, किसानों और छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा। यह झटका इकोनॉमिक स्ट्रक्चर में बदलाव से लगने वाला है। महंगाई की इस अगली किश्त में सुबह का नाश्ता भी शामिल हो गया है, जिसका असर आम लोगों की जेबों पर पड़ना शुरू हो गया है। ब्रेड और उससे जुड़े प्रोडक्ट के दाम में भारी वृद्धि की गई है। मुंबई में हर तरह की ब्रेड की कीमत में 5 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। ये दाम 16 मई से ही बढ़ा दिए गए हैं। मुंबई के बारे में कहा जाता है कि यहां पर लोग अपने दिन की शुरुआत ब्रेड, पाव और सैंडविच आदि से करते हैं। लेकिन अब मुंबई के लोगों को सुबह के नाश्ते के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। छोटे ब्राउन ब्रेड की कीमत 28 रुपये से बढ़ाकर 30 रुपये हो गई है, 20 रुपये वाला सफेद ब्रेड अब तक 22 रुपये में मिलेगा, तो ब्राउन ब्रेड की कीमत 45 से बढ़कर 50 रुपये कर दी गई है। बाकी दुनिया कच्चे तेल की लागत में हुई वृद्धि को एडजस्ट करने के लिए दोनों फ्यूल की खुदरा कीमतों में 10 से 90 प्रतिशत तक की वृद्धि कर रही है। म्यांमार, मलेशिया, पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में पेट्रोल की कीमत युद्ध-पूर्व मूल्य से आधे से अधिक बढ़ गई है, डीजल की कीमत वैश्विक व्यापार और माल ढुलाई से प्रत्यक्ष संबंध से और भी तेजी से बढ़ी है।

## श्रीमुख से...

### पीएम मोदी जी का कम्प्रोमाइज्ड मॉडल



सरकार ने 15 मई के बाद आज सुबह अचानक फिर पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए, अब स्पष्ट हो गया है कि देश संकट में है और श्री मोदी को इसका जवाब देना चाहिए, दाम बढ़े चार ही दिन हुए कि मोदी सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम फिर बढ़ा दिए, पूरी भूमिका बनाकर, बचत का उपदेश देकर अपनी नाकामियों का बोझ जनता पर डालने का कार्य प्रगति पर है, आम जनता की लूट और उद्योग पति गौतम अडानी को अमेरिका से छूट', यही मोदी जी का कम्प्रोमाइज्ड मॉडल है।' प्रधानमंत्री ने अमेरिका से हाथ-पैर जोड़कर रूसी तेल खरीदने की अनुमति की अवधि एक महीने के लिए बढ़वाई है और इससे देश के स्वाभिमान को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार के अनुसार रूसी तेल खरीदने की अनुमति मिल गई है, तो पेट्रोल-डीजल की कीमतों का बोझ आम जनता पर क्यों डाला जा रहा है।

**मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**
**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

## उत्तराखंड की सियासत के एक युग का अंत



**उत्तराखण्ड ने केवल एक पूर्व मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि राजनीति में ईमानदारी, सैनिक अनुशासन और सार्वजनिक जीवन में मर्यादा का एक सशक्त प्रतीक खो दिया है।**

उत्तराखण्ड की राजनीति का एक ऐसा अध्याय आज इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया, जिसने दशकों तक सत्ता, सियासत, प्रशासन और जनविश्वास के केंद्र में रहकर अपने व्यक्तित्व की अमिट छाप छोड़ी।

मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चंद्र खण्डूरी अब इस दुनिया में नहीं रहे। उन्होंने 19 मई 2026 को अंतिम सांस ली। 19 मई 2026 को अंतिम सांस ली। उनके निधन के साथ ही उत्तराखण्ड ने केवल एक पूर्व मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि राजनीति में ईमानदारी, सैनिक अनुशासन और सार्वजनिक जीवन में मर्यादा का एक सशक्त प्रतीक खो दिया है। राज्य सरकार ने उनके सम्मान में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है तथा कल हरिद्वार में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

देहरादून की वादियों में 1 अक्टूबर 1934 को जन्मा यह बालक आगे चलकर भारतीय सेना का मेजर जनरल बना, संसद का गंभीर वक्ता बना, केंद्र सरकार का प्रभावशाली मंत्री बना और फिर उत्तराखण्ड की राजनीति का वह चेहरा बना, जिसके नाम पर एक दौर में पूरा चुनाव लड़ा गया, 'खण्डूड़ी हैं जरूरी।' वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव में यह केवल एक चुनावी नारा नहीं था, बल्कि उस विश्वास का प्रतीक था कि राजनीति में अब भी कुछ चेहरे ऐसे हैं जिनकी साख सत्ता से बड़ी होती है। स्वर्गीय जय बल्लभ खण्डूरी और दुर्गा देवी खण्डूरी के संस्कारों में पले भुवन चंद्र खण्डूरी ने प्रारम्भिक शिक्षा के बाद इलाहाबाद विश्व. विद्यालय से विज्ञान की पढ़ाई की। युवावस्था में ही उन्होंने राष्ट्रसेवा को जीवन का ध्येय बना लिया और 1954 में भारतीय सेना की कार्प्स आफ इंजीनियर्स में कमीशन प्राप्त किया। इसके बाद उनका जीवन रणभूमियों, सैन्य प्रशिक्षण संस्थानों और रणनीतिक जिम्मेदारियों के बीच आकार लेता गया।

1962 के भारत-चीन युद्ध, 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों में उनकी सक्रिय भूमिका रही। 1971 के युद्ध में सांबा सेक्टर में इंजीनियर रेजिमेंट के कमांडर के रूप में उन्होंने जिस नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया, उसने उन्हें सेना में विशिष्ट पहचान दिलाई।

वे केवल सैनिक नहीं थे, बल्कि सैन्य रणनीति और प्रशासनिक दक्षता के अद्भुत संगम थे। सेना मुख्यालय में डायरेक्टर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़, इंजीनियर ब्रिगेड कमांडर, चीफ इंजीनियर और अतिरिक्त महानिदेशक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए उन्होंने अपने कार्य से यह सिद्ध किया कि अनुशासन और नेतृत्व साथ-साथ चल सकते हैं। उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए भारत सरकार ने उन्हें अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने सार्वजनिक जीवन में प्रवेश किया। 1991 में पहली बार गढ़वाल लोकसभा सीट से सांसद बने और फिर कई बार जनता ने उन्हें संसद भेजा। संसद में उनकी छवि शोर मचाने वाले नेता की नहीं, बल्कि तैयारी और गंभीरता के साथ बोलने वाले जनप्रतिनिधि की थी। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल भारत के बुनियादी ढांचे के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय माना जाता है। गोल्डन क्वाड्रिलेटरल और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना को गति देने में उनकी निर्णायक भूमिका रही। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोल. काता को जोड़ने वाली सड़कों का वह स्वप्न, जिसने भारत की आर्थिक र"तार बदली, उसमें खण्डूरी की प्रशासनिक क्षमता स्पष्ट दिखाई देती है। मुख्यमंत्री बनाया। उस समय राज्य भ्रष्टाचार, ट्रांसफर-पोस्टिंग के खेल और नौकरशाही की बेलगाम कार्यशैली को लेकर आलोचनाओं में था। खण्डूरी ने सत्ता संभालते ही प्रशासनिक सख्ती का संदेश दिया। उनका स्पष्ट मानना था कि शासन का अर्थ नियंत्रण और जवाबदेही है। फाइलों में देरी, अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार पर उनकी नाराजगी अधिकारियों के बीच चर्चित थी। कहा जाता है कि किसी अधिकारी के अधूरे कार्य के साथ बैठक में पहुंचने का अर्थ था कठोर सवालों का सामना करना। उनकी कार्यशैली ने आम जनता के बीच विश्वास पैदा किया, लेकिन सत्ता और संगठन के भीतर असहजता भी बढ़ाई। राजनीति जिस लचील. ेपन की मांग करती है, खण्डूरी कई बार उससे दूर दिखाई देते थे। वे सत्ता को सैन्य अनुशासन की ख्रष्टि से देखते थे, जबकि राजनीति समझौतों, समीकरणों और संतुलनों का संसार है। उनके राजनीतिक जीवन का सबसे विवादास्पद अध्याय उनके करीबी सचिव सारंगी को लेकर उठा विवाद बना। विपक्ष ने आरोप लगाए कि मुख्यमंत्री कार्यालय में निर्णय प्रक्रिया अत्यधिक केंद्रीकृत हो गई है और कुछ चुनिंदा लोगों का प्रभाव बढ़ रहा है। वहीं, कई नेताओं को शिकायत थी कि मुख्यमंत्री तक उनकी पहुंच सीमित होती जा रही है। धीरे-धीरे राजनीतिक दबाव बढ़ा और अंतत: 2009 में उन्हें मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ा। यह विडंबना थी कि जिस नेता की ईमानदारी पर शायद ही कभी प्रश्न उठा, वही राजनीतिक प्रबंधन के आरोपों में घिर गया। 2011 तक आते-आते भाजपा सरकार भ्रष्टाचार और नेतृत्व संकट के आरोपों में घिर चुकी थी। पार्टी को फिर वही चेहरा याद आया, जिसकी पहचान साफ-सुथरी राजनीति थी। भुवन चंद्र खण्डूरी दोबारा मुख्यमंत्री बनाए गए। यहीं से जन्म हुआ उस ऐतिहासिक नारे का, जिसे हम 'खण्डूड़ी हैं जरूरी।' के साथ जानते आ रहे हैं। यह नारा केवल प्रचार नहीं था, बल्कि भाजपा की उस राजनीतिक आवश्यकता का प्रतीक था, जिसमें उसे जनता के सामने भरोसेमंद चेहरा चाहिए था, मगर यह नारा भाजपा के काम नही आया, भुवन चंद्र खण्डूरी खुद 2012 का विधानसभा चुनाव हार गये और पार्टी को स त्ता गवानी पड़ी। सशक्त लोकायुक्त कानून बना कर। देश उस समय अन्ना हजारे आंदोलन और भ्रष्टाचार विरोधी लहर से गुजर रहा था। ऐसे माहौल में उत्तराखण्ड में मजबूत लोकायुक्त कानून लागू करने की पहल ने राष्ट्रीय स्तर पर खण्डूरी की छवि को और ऊंचा किया। उनके समर्थक कहते थे कि यदि उन्हें लंबा समय मिलता, तो उत्तराखण्ड की प्रशासनिक संस्कृति बदल सकती थी, लेकिन राजनीति केवल छवि से नहीं चलती 2012 के विस चुनाव में भाजपा ने लगभग पूरा चुनाव खण्डूरी की छवि पर लड़ा। राजनीतिक समीकरण अलग दिशा में चले गए। भाजपा चुनाव हार गई। सबसे बड़ा झटका यह रहा कि स्वयं खण्डूरी भी अपनी सीट नहीं बचा सके।

**मौहम्मद शाह नज़र**

## यहूदियों ने कब्जाई मुस्लिमों की 1000 किमी जमीन

हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले के बाद इजरायल ने अपनी सैन्य नीति पूरी तरह बदल दी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार अब पहले से ज्यादा आक्रामक तरीके से काम कर रही है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले करीब तीन साल में इजरायल ने गाजा, लेबनान और सीरिया में करीब 1,000 वर्ग किमी जमीन पर कब्जा कर लिया है। यह इलाका इजरायल की 1949 की सीमाओं का लगभग 5 प्रतिशत माना जा रहा है। इसी वजह से अब मिडिल ईस्ट में ग्रेटर इजरायल को लेकर चर्चा बढ़ गई है।




रिपोर्ट के मुताबिक, कब्जाई गई जमीन का सबसे बड़ा हिस्सा दक्षिणी लेबनान में है। इजरायली सेना वहां कई किमी अंदर तक पहुंच चुकी है। इजरायल इस इलाके को सिक्योरिटी जोन कह रहा है। उसका कहना है कि इससे हिज्बुल्लाह को सीमा के पास से हमला करने से रोका जा सकेगा। नेतन्याहू ने पिछले महीने कहा कि दुश्मन इजरायल को आग के घेरे में घेरना चाहता था, लेकिन अब इजरायल ने अपने चारों ओर सुरक्षा का घेरा बना लिया है। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा है कि सेना लितानी नदी तक के इलाके पर नियंत्रण बनाए रखना चाहती है। गाजा में इजरायली सेना अब आधे से ज्यादा हिस्से पर कब्जा कर चुकी है। वहां इजरायल ने एक अतिरिक्त बफर जोन भी बनाया है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों के मुताबिक, इस वजह से करीब 20 लाख लोग अब गाजा के सिर्फ 40: हिस्से में रहने को मजबूर हैं। सीमा के पास के कई इलाकों को पूरी तरह तबाह कर दिया गया है। गांव और शहर खंडहर बन चुके हैं। नेतन्याहू ने साफ कहा है कि इजरायली सेना गाजा से वापस नहीं जाएगी। सीरिया में बशर अल-असद सरकार के कमजोर होने के बाद इजरायल ने वहां भी अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा दी। रिपोर्ट के मुता. बिक, इजरायली सेना ने माउंट हर्मोन से लेकर दक्षिणी सीरिया तक करीब 233 वर्ग किमी इलाके में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। इजरायली फोर्सेज ने सीरिया में 50 किमी अंदर तक के इलाके पर छापेमारी की है। इजरायल और सीरिया के बीच सुरक्षा समझौते की बातचीत भी हुई, लेकिन बातचीत आगे नहीं बढ़ सकी। रिपोर्ट के मुताबिक, सीरिया में इजरायल के सैन्य ठिकाने मौजूद हैं। हालांकि दोनों में से किसी भी देश ने लोकेशन का खुलासा नहीं किया है।

इजरायल के कट्टरपंथी नेता और अतिराष्ट्रवादी संगठन लंबे समय से सीमाएं बढ़ाने की मांग करते रहे हैं। वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच ने लेबनान की लितानी नदी तक को इजरायल की नई सीमा बनाने की बात कही है। कुछ सांसदों ने दक्षिणी लेबनान के बड़े हिस्से पर कब्जा करने और वहां की आबादी हटाने की मांग भी की है। इधर इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार कहते आए हैं कि इजरायल लेबनान में क्षेत्रीय विस्तार की कोई महत्वाकांक्षा नहीं रखता।

## ईरान से कम नहीं क्यूबा, अमेरिका फंस सकता है लंबे युद्ध में

अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि क्यूबा ने रूस और ईरान से 300 से ज्यादा मिलिट्री ड्रोन खरीदे हैं। अमेरिका को डर है कि इन ड्रोन्स का इस्तेमाल उसके सैन्य ठिकानों के खिलाफ किया जा सकता है। इसके बाद अमेरिका ने क्यूबा की इटेंलिसेंज एजेंसी और उसके बड़े नेताओं पर प्रतिबंध लगा दिए। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डिएज कनाल ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने हमला किया, तो बड़ा खून-खराबा हो सकता है।

अमेरिका के बेहद करीब मौजूद यह छोटा देश आज भी खुद को बड़े खतरे के लिए तैयार रखता है। क्यूबा भले ही आज सैन्य ताकत के मामले में पहले जैसा मजबूत न हो, लेकिन अमेरिका के लिए इससे युद्ध लड़ना आसान नहीं है। क्यूबा की सेना पुराने हथियारों, जुगाड़ तकनीक और बड़ी संख्या में रिजर्व बल के सहारे ऐसी रणनीति पर काम करती है, जिससे कोई भी हमला लंबे और महंगे युद्ध में बदल सकता है। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि अगर कभी अमेरिका और क्यूबा के बीच सीधा संघर्ष हुआ, तो क्यूबा ईरान की तरह अमेरिका को लंबे युद्ध के दलदल में फंसा सकता है। क्यूबा की सबसे बड़ी ताकत उसकी सभी लोगों का युद्ध पालिसी है। इसका मतलब है कि अगर देश पर हमला होता है तो सिर्फ सेना ही नहीं, बल्कि आम नागरिक, मिलिशिया और पैरामिलिट्री बल भी लड़ाई में शामिल होंगे। क्यूबा के पास करीब 50 हजार एक्टिव सैनिक, 39 हजार रिजर्व सैनिक और लगभग 90 हजार पैरामिलिट्री सदस्य हैं। जरूरत पड़ने पर 10 लाख से ज्यादा लोगों को जुटाने की योजना है। यह मॉडल ईरान की प्राक्सी और लंबी लड़ाई वाली रणनीति जैसा माना जाता है। अमेरिका की धमकियों के बाद देशभर में लोगों को गुरिल्ला वार की ट्रेनिग दी जा रही है। नागरिकों को आपात स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया है। क्यूबा की सबसे बड़ी ताकत उसकी लोकेशन है। यह अमेरिका के फ्लोरिडा तट से बेहद करीब है। अगर संघर्ष बढ़ता है, तो अमेरिका को अपने तटीय इलाकों, नौसैनिक ठिकानों और समुद्री रास्तों की सुरक्षा पर भारी संसाधन लगाने पड़ सकते हैं। अगर क्यूबा के छोटे ड्रोन हमले अमेरिका के लिए चुनौती बन सकते हैं। क्यूबा के पास आधुनिक हथियार कम हैं, लेकिन उसने पुराने हथियारों को जोड़कर हाइब्रिड सिस्टम तैयार किए हैं। पुराने ट्रकों पर एंटी-एयरक्राफ्ट गन लगाई गई हैं। अलग-अलग वाहनों के पार्ट्स जोड़कर नए लड़ाकू वाहन बनाए गए हैं। क्यूबा की सेना लंबे समय से गुरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग लेती रही है। यानी सीधी टक्कर के बजाय छोटे-छोटे हमले, छिपकर वार और दुश्मन को थकाने की रणनीति। क्यूबा लंबे समय से लैटिन अमेरिका में अपने खुफिया नेटवर्क के लिए जाना जाता रहा है। वेनेजुएला जैसे देशों में उसका प्रभाव रहा है। हाल ही में वेनेजुएला में निकोलस मादुरो सरकार पर कार्रवाई के बाद क्यूबा को बड़ा झटका लगा। क्यूबा ने माना कि उसके 32 खुफिया एजेंट वहां मारे गए। क्यूबा की सेना यानी रिवाल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेज द्धथ्त्ऋ देश की सबसे ताकतवर संस्था है। इससे जुड़ा जीएईएसए ग्रुप होटल, एयरपोर्ट, बैंक और बड़े कारोबार भी संभालता है। यानी सेना सिर्फ हथियारों तक सीमित नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और प्रशासन पर भी मजबूत पकड़ रखती है। क्यूबा की एयरफोर्स लगभग खत्म हो चुकी है। मिग-29 और मिग-23 जैसे पुराने लड़ाकू विमान ज्यादातर बंद पड़े हैं। पूरे देश में मुश्किल से 20 विमान ही ऑपरेशनल बताए जाते हैं। नेवी में सिर्फ 33 जहाज हैं, आधुनिक युद्धपोत या मजबूत पनडुब्बियां नहीं हैं। एयर डिफेंस सिस्टम भी 1950 के दशक की सोवियत मिसाइलों पर आधारित है। सबसे बड़ी समस्या बिजली और आर्थिक संकट है। 2025 में कई बड़े ब्लैकआउट हुए, जिससे मिलिट्री ट्रेनिंग और कम्युनिकेशन प्रभावित हुआ। ईंधन, स्पेयर पार्ट्स और आधुनिक तकनीक की भारी कमी भी सेना को कमजोर बनाती है।



### कतर की एंट्री से बदला समझौते को लेकर गेम

कतर की एंट्री से ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौते की प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई है। सोमवार द्ध18 मईत्रः को डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के नवीनतम प्रस्ताव को समझौते योग्य बताया। ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ परमाणु समझौता हो सकता है, इसलिए मैंने ईरान पर हमला नहीं करने का फैसला किया है। अमेरिकी मीडिया के मुता. बिक कतर के प्रधानमंत्री अल थानी ने राष्ट्रपति ट्रम्प को समझौते का भरोसा दिलाया है। कतर के प्रधानमंत्री अल थानी को समझौता कराने में माहिर माना जाता है। पहले भी अमेरिका और अफगानिस्तान जैसे देशों के बीच कतर ने शांति समझौता कराया था। 1। कतर ने सबसे पहले सऊदी अरब, यूएई जैसे अपने सहयोगी देशों को कन्फिडेंस में लिया। कतर ने इन देशों को यह समझाया कि अगर जंग की शुरुआत फिर से होती है तो उनके तेल और गैस ठिकाने बर्बाद हो जाएंगे।



प्रयागराज। भीषण गर्मी के बीच सिर पर पल्लू डालकर तेज धूप से खुद को बचाती महिलाएं।

## पूर्व राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी की जयंती पर श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व स्वर्गीय डॉ. नीलम संजीव रेड्डी की 114वीं जयंती पर मंगलवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश के छठे राष्ट्रपति श्री रेड्डी के चित्र पर राष्ट्रपति भवन में श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने डॉ. संजीव रेड्डी की जयंती पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में कई संसद सदस्यों, पूर्व सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी डॉ रेड्डी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

# भारत-नार्वे ने सहयोग बढ़ाने के लिए नौ समझौते किए

## दोनों देशों ने सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से तीन महत्वपूर्ण पहलों की भी घोषणा की



■ व्यापार और संस्थागत सहयोग के तहत भी कई महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया

**ओस्लो।** भारत और नॉर्वे ने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देते हुए अपने संबंधों को ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप के स्तर तक उन्नत करने के साथ-साथ समुद्री सहयोग, हरित प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से नौ समझौतों और तीन पहलों की घोषणा की है।

दोनों देशों ने 'ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप' के संबंध में एक संयुक्त वक्तव्य को अपनाया। नार्वे की दो दिन की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे के बीच सोमवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने समुद्री सहयोग, हरित प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से अनेक समझौतों और पहलों की घोषणा की। नार्वे ने भारत की हिन्द प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने की घोषणा की, जबकि भारत वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले 'नॉर शिपिंग' कार्यक्रम में भारतीय मंडप के साथ भाग लेगा। दोनों देशों के बीच सरकार-से-सरकार के स्तर पर तीन प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और नार्वे की अंतरिक्ष एजेंसी के बीच बाह्य अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग और अन्वेषण में सहयोग के लिए रूपरेखा समझौता, भारत और नॉर्वे के विदेश मंत्रालयों के बीच डिजिटल विकास साझेदारी पर समझौता ज्ञापन तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग के लिए नॉर्वे के स्वास्थ्य एवं देखभाल सेवा मंत्रालय और भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बीच समझौता शामिल है। व्यापार और संस्थागत सहयोग के तहत भी कई महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और नॉर्वेजियन जियोटेक्निकल संस्थान के बीच सुरंग निर्माण, ढलान स्थिरता और क्षमता निर्माण से संबंधित विशेष परामर्श सेवाओं के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा भारत के वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग और नॉर्वे की अनुसंधान परिषद के बीच प्रौद्योगिकी सहयोग पर समझौता हुआ। वैज्ञानिक अनुसंधान और हरित प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत की वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद और नॉर्वे की सिटेफ संस्था के बीच वर्ष 2026 से 2029 तक की गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए सहयोग समझौता किया गया। दोनों पक्षों ने समुद्री ऊर्जा, जिसमें अपतटीय पवन ऊर्जा भी शामिल है, पर संयुक्त कार्य कार्यक्रम के लिए एक परियोजना-विशिष्ट कार्यान्वयन समझौते पर भी हस्ताक्षर किए। इसके अलावा वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद तथा वैज्ञानिक एवं नवाच. ार अनुसंधान अकादमी ने नॉर्वे के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के साथ हरित परिवर्तन के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहयोग पर संयुक्त आशय घोषणा को अपनाया।

# अमेरिकी साजिश थी इमरान का तख्तापलट

## आउटलेट ड्रॉप न्यूज साइट का दावा: इमरान खान हटे, तो सब माफ हो जाएगा



■ इमरान खान ने 24 फरवरी 2022 को मास्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी

■ मुलाकात के बाद ठीक उसी दिन रूस ने यूक्रेन पर हमला शुरू किया था

**इस्लामाबाद/वाशिंगटन।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार गिरने को लेकर नया दावा सामने आया है। अमेरिकी मीडिया आउटलेट ड्राप साइट न्यूज की रिपोर्ट में कहा गया है कि इमरान की कुर्सी सिर्फ अविश्वास प्रस्ताव से नहीं गई थी। इसके पीछे अमेरिकी साजिश और पाक सेना की भूमिका थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान ने 24 फरवरी 2022 को मास्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। ठीक उसी दिन रूस ने यूक्रेन पर हमला शुरू किया था। अमेरिका इस यात्रा से नाराज था। वह चाहता था कि पाकिस्तान यूक्रेन युद्ध पर रूस की खुलकर आलोचना करे, लेकिन इमरान सरकार ने तटस्थ रुख अपनाया। इसके बाद 7 मार्च 2022 को वाशिंगटन में पाकिस्तान के तत्कालीन राजदूत असद मजीद खान और अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू के बीच बातचीत हुई। लू ने मजीद से कहा कि अगर इमरान अविश्वास प्रस्ताव में हट जाते हैं तो अमेरिका 'सब माफ' कर देगा। इसके 33 दिन बाद यानी 9 अप्रैल 2022 को इमरान सरकार गिर गई। साइफर में अमेरिका में पाकिस्तान के तत्कालीन राजदूत असद मजीद खान और अमेरिकी विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिक. ारी डोनाल्ड लू के बातचीत के अंश हैं। साइफर में अमेरिका में पाकिस्तान के तत्कालीन राजदूत असद मजीद खान और अमेरिकी विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिक. ारी डोनाल्ड लू के बातचीत के अंश हैं। वाशिंगटन के एक होटल में लू ने मजीद को लंच टेबल पर इमरान को हटाने का दबाव दिया था। लू ने यूक्रेन युद्ध पर पाक रुख पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पाक रूस की आलोचना नहीं कर रहा है और अमे. रिका-यूरोप को यह स्वीकार नहीं है। लू ने कहा, इमरान की रूस यात्रा से अमेरिका नाराज है। बात अविश्वास प्रस्ताव तक पहुंची। लू ने संकेत दिया कि इमरान सत्ता में रहे तो पाक अकेला पड़ जाएगा। मजीद ने पत्र में लिखा कि यह संदेश वाइट हाउस की मंजूरी के बिना संभव नहीं था।

## अमेरिका ने अफ्रीका में इबोला फैलने पर आपातकालीन सहायता शुरू की


■ अमेरिका स्वदेश और विदेशों में अमेरिकियों के स्वास्थ्य की कर रहा है रक्षा

**वॉशिंगटन।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अफ्रीका में इबोला को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करने के बाद अमेरिका ने त्वरित आपातकालीन सहायता शुरू की है तथा नए यात्रा प्रतिबंधों और आपातकालीन सहायता के जरिए इस वायरस को फैलने से रोकने के लिए सक्रिय कदम उठा रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से जारी बयान में अमेरिका ने कहा कि गत 15 मई को मामलों की पुष्टि होने के 24 घंटे के अंदर विभिन्न एजेंसियों के बीच आपसी तालमेल बिठाने वाली समिति और आपातक. ालीन घटना प्रबंधन प्रणाली को सक्रिय कर दिया गया है। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, रवांडा, साउथ सूडान और युगांडा में अमेरिकी दूतावास ने भी काम में तेजी लाने और इलाके में अमेरिकी नागरिकों से बातचीत करने के लिए निंगरानी समूह बनाए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि सहायता का फोकस इस बात पर कें. द्रित है कि बीमारी पर अमेरिकी तटों तक पहुं. चने से पहले ही काबू में कर लिया जाए। अमे. रिका स्वदेश और विदेशों में अमेरिकियों के स्वास्थ्य की रक्षा कर रहा है। विभाग यह पक्का करने के लिए रोजाना नेतृत्व-स्तर की बैठकें आयोजित करता है ताकि सहायता सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहे। यह आदेश उन विदेशी नागरिकों के लिए अमेरिका में प्रवेश पर रोक लगाता है, जिन्होंने पिछले 21 दिनों में कांगो लो. कतांत्रिक गणराज्य, युगांडा या साउथ सूडान की यात्रा की है।

## ईरान ने यूएई के परमाणु संयंत्र पर हमले के आरोपों को लेकर जर्मनी पर किया पलटवार

**तेहरान।** ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात के बराकाह परमाणु संयंत्र पर कथित हमले को लेकर जर्मनी के आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज पर अंतर्राष्ट्रीय कानून के मामले में दो. हरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने मंगलवार को कहा कि पश्चिमी देश अंतर्राष्ट्रीय कानून को अपने राजनीतिक हितों के अनुसार लागू करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजरायली शासन द्वारा ईरान की सुरक्षित परमाणु सुविधाओं पर खुले हमलों की निंदा करने के बजाय उन्हें उचित ठहराया जाता है। बघाई ने आरोपों की प्रकृति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि संयुक्त अरब अमीरात ने अब तक आधिकारिक रूप से ड्रोन हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। उन्होंने कहा कि जब एक संदिग्ध 'फॉल्स फ्लैग' अभियान होता है, जिसकी जिम्मेदारी तक यूएई ने आधिकारिक तौर पर ईरान पर नहीं डाली, तब वही देश अचानक अंतर्राष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय सुरक्षा की दुहाई देने लगते हैं।

## हिन्द-प्रशांत में नौवहन की स्वतंत्रता को भारत-वियतनाम प्रतिबद्धत



■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हनोई में उप प्रधानमंत्री जनरल फान वान जियांग के साथ की द्विपक्षीय बैठक

**नई दिल्ली।** भारत और वियतनाम ने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, सुरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता बनाए रखने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को वियतनाम की राजधानी हनोई में उप प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

दोनों मंत्रियों ने वर्चुअल माध्यम से वियतनाम के वायु सेना अधिकारी महाविद्यालय में भाषा प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। भारत एवं वियतनाम ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं क्वांटम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्री ने न्हा त्रांग स्थित दूरसंचार विश्वविद्यालय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रयोगशाला की स्थापना की घोषणा की। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच बढ़ती रक्षा साझेदारी की समीक्षा की और समुद्री सुरक्षा, रक्षा उद्योग, प्रशिक्षण एवं क्षेत्रीय स्थिरता में सहयोग को और गहरा करने के उपायों पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने पारस्परिक हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया तथा हिद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, सुरक्षा, संरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सैन्य प्रशिक्षण, रक्षा उद्योग सहयोग, समुद्री सुरक्षा, क्षमता निर्माण, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना, साइबर सुरक्षा तथा उच्च स्तरीय आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने नियमित संवाद, संयुक्त अभ्यासों और विनिमय कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों देशों की रक्षा सेनाओं के बीच सहयोग को बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की। रक्षा मंत्री ने वियतनाम के साथ भारत की उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# ईरानी संसद में पास हो सकता है ट्रम्प-नेतन्याहू की हत्या पर इनाम



■ द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक 500 करोड़ से ज्यादा का इनाम दे सकता है ईरान

■ ईरानी संसद का राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग इस बिल की तैयारी कर रहा है

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान की संसद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या करने वालों को 500 करोड़ से ज्यादा इनाम देने वाला बिल ला सकती है। द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी संसद का राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग इस बिल की तैयारी कर रहा है।

आयोग के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने कहा कि 'इस्लामिक रिपब्लिक की सैन्य और सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई' नाम से बिल तैयार किया जा रहा है। ईरानी सांसद महमूद नबावियन ने कहा कि संसद जल्द इस बिल पर वोटिंग कर सकती है, जो ट्रम्प और नेतन्याहू को जहन्नुम पहुंचाने वालों को इनाम देगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई सैन्य और राजनीतिक नेताओं की मौत के बाद यह कदम उठाया जा रहा है। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि खाड़ी देशों के अपील के बाद ईरान पर हमला रोक दिया गया है और उम्मीद जताई है कि यह घोषणा अंततः स्थाई हो जाएगी। ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अनुरोध के बाद उन्होंने मंगलवार के लिए निर्धारित ईरान पर सैन्य हमला रद्द कर दिया था। उन्होंने बताया कि यह अनुरोध चल रही 'गंभीर बातचीत' के कारण किया गया था, जिसके बारे में पश्चिम एशिया के नेताओं का मानना है कि इसका परिणाम एक ऐसे समझौते के रूप में निकल सकता है जो अमेरिका को स्वीकार्य हो।

## बडगाम में 93 लाख रुपये की जमीन धोखाधड़ी मामले में छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर अपराध शाखा की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने मंगलवार को दक्षिणी कश्मीर में प्रवासियों की संपत्ति और खड़े पेड़ों की बिक्री से जुड़े कथित 93 लाख रुपये के जमीन धोखाधड़ी मामले के संबंध में बड़गाम जिले में तलाश अभियान चलाया। अधिकारियों ने कहा कि यह तलाश अभियान गत साल अप्रैल में आर्थिक अपराध शाखा कश्मीर पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 336(3), 340 और 61(2) के तहत दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में चलाया गया। यह मामला फर्जी समझौतों के जरिये पुलवामा के द्रुसु में पांच कनाल प्रवासी भूमि और बिजबेहारा में 300 खड़े पेड़ों की कथित धोखाधड़ी से बिक्री से संबंधित है।

# अमेरिका की सैन डिएगो मस्जिद में गोलीबारी, 5 की मौत

## मृतकों में एक गार्ड और 2 संदिग्ध शामिल, धार्मिक नफरत से जुड़े हमले की आशंका



■ दोनों के शव मस्जिद के पास एक वाहन में मिले, शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि उन्होंने खुद को गोली मारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सैन डिएगो स्थित मस्जिद में गोलीबारी में 5 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक सिक्योरिटी गार्ड और दो संदिग्ध शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, दोनों संदिग्ध किशोर थे। एक की उम्र 17 साल और दूसरे की 19 साल थी।

दोनों के शव मस्जिद के पास एक वाहन में मिले। शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि उन्होंने खुद को गोली मारी। इस मामले की जांच हेट क्राइम के एंगल से की जा रही है। हालांकि, हमले के पीछे की वजह पर फिलहाल ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की गई है। यह हमला इस्लामिक सेंटर ऑफ सैन डिएगो में हुआ। यह सैन डिएगो काउंटी की सबसे बड़ी मस्जिद है। परिसर में एक स्कूल भी है, जहां बच्चों को अरबी भाषा, इस्लामिक स्टडीज और कुरान की शिक्षा दी जाती है। मस्जिद के इमाम ताहा हस्साने ने बताया कि सोमवार को कुछ गैर-मुस्लिम लोग इस्लाम को समझने के लिए मस्जिद के दौरे पर आए थे। यह सेंटर अलग-अलग समुदायों के बीच संवाद और मेलजोल बढ़ाने के लिए काम करता है। उन्होंने बताया कि स्कूल के सभी शिक्षक और छात्र सुरक्षित हैं। फिलहाल कोई खतरा नहीं है, लेकिन लोगों से मस्जिद से दूर रहने को कहा गया है। एहतियात के तौर पर सेंटर को पूरे दिन के लिए बंद कर दिया गया। मस्जिद की वेबसाइट के मुताबिक, यहां सिर्फ मुस्लिम समुदाय के लिए धार्मिक गतिविधियां नहीं होतीं, बल्कि सामाजिक कामों में भी दूसरे समुदायों के साथ मिलकर काम किया जाता है। यहां रोज पांच वक्त की नमाज होती है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने मुस्लिम समुदाय से कहा कि कैलिफोर्निया आपके साथ खड़ा है। जहां परिवार और बच्चे जुटते हैं, जहां लोग शांति से इबादत करते हैं, वहां ऐसा हमला बेहद भयावह है। कैलिफोर्निया में नफरत की कोई जगह नहीं है। उन्होंने बताया कि कैलिफोर्निया हाईवे पेट्रोल और गवर्नर आफिस ऑफ इमरजेंसी सर्विसेज की टीमें मौके पर स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर रही हैं।

# ताइवान की सड़कों पर भारत विरोधी पोस्टर लगे

## चुनाव लड़ रहा उम्मीदवार बोला: भारतीय मजदूरों को भगाओ




■ विपक्षी सांसद बोले: वे अपराधी होते हैं, भारतीय बोले: यह नस्लीय भेदभाव है

**ताइप।** ताइवान में स्थानीय चुनाव के दौरान एक निर्दलीय उम्मीदवार ने भारत विरोधी पोस्टर लगाया है। इसमें पगड़ी पहने एक सिख व्यक्ति की तस्वीर पर बड़ा 'नो' यानी प्रतिबंध का निशान बना हुआ था। पोस्टर का मैसेज था कि भारत से आने वाले प्रवासी मजदूरों का विरोध किया जाए, और उन्हें देश से बाहर भगाया जाए।

यह विवाद ऐसे समय में हुआ है जब ताइवान भारत के साथ हुए श्रम सहयोग समझौते के तहत भारतीय कामगारों को बुलाने की तैयारी कर रहा है। ताइवान की विपक्षी पार्टी कुओमिनतांग यानी केएमटी भी भारतीय मजदूरों को बुलाने का विरोध कर रही है। सांसद हुआंग चिएन-पिन ने भारत के राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला दिया था। उन्होंने संसद में कहा था कि भारत में 2022 में महिलाओं के खिलाफ 4.45 लाख से ज्यादा अपराध दर्ज हुए थे, जिनमें 31 हजार से ज्यादा रेप के मामले शामिल थे। ऐसे में भारतीय मजदूरों को लेकर ज्यादा सख्त जांच और निगरानी होनी चाहिए। वे यहां पर महिलाओं के साथ बलात्कार कर सकते हैं। वहीं, ताइवान में रहने वाले एक भारतीय ने सोशल मीडिया पर इसे नस्लीय भेदभाव बताया। उन्होंने कहा कि किसी नीति का विरोध करना अलग बात है, लेकिन किसी समुदाय की पहचान और सांस्कृतिक प्रतीकों को निशाना बनाना गलत है। एक अन्य व्यक्ति ने लिखा कि ताइवान में करीब 7 हजार भारतीय रहते हैं और उनमें से ज्यादातर हाई-टेक और सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में काम करते हैं। इसमें फाक्सकान और टीएसएमसी जैसी कंपनियां शामिल हैं। ताइवान की स्थानीय राजनीतिक पार्टी न्यू पावर पार्टी के नेता वांग यी-हेंग ने भी पोस्टर की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भारतीय झंडे और पगड़ी पर प्रतिबंध का निशान लगाना बेहद अज्ञानता भरा कदम है। उनके मुताबिक पगड़ी सिर्फ कपड़ा नहीं, बल्कि आस्था और सम्मान का प्रतीक है। 2024 में भारत और ताइवान के बीच प्रवासी मजदूरों को लेकर एक अहम समझौता हुआ था। इसे लेबर कोऑपरेशन श्रम सहयोग समझौता कहा गया। इसका मकसद ताइवान में बढ़ती कामगारों की कमी को पूरा करना और भारतीय कामगारों को वहां रोजगार के अवसर देना है। ताइवान कई सालों से श्रमिक संकट का सामना कर रहा है। वहां जन्म दर लगातार गिर रही है, आबादी बूढ़ी हो रही है और युवाओं की संख्या कम होती जा रही है। इसका असर खासकर फैक्ट्री, खेती, निर्माण और बुजुर्गों की देखभाल जैसे क्षेत्रों पर पड़ रहा है।

## कृतिका कामरा अपनी अगली फिल्म डम्बल की तैयारी में जुटीं



**मुंबई।** 'मटका किंग' की सफलता के बाद अभिनेत्री कृतिका कामरा ने आधिकारिक तौर पर अपनी अगली फीचर फिल्म साइन कर ली है। यह 'मटका किंग' के बाद उनकी पहली घोषित परियोजना है, जिसके दूसरे सीजन की घोषणा हाल ही में प्राइम वीडियो इंडिया द्वारा की गई है। कृतिका अब निर्देशक पुषाण मुखर्जी की आगामी ड्रामा फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने जा रही हैं, जिसका फिलहाल वर्किंग टाइटल डम्बल रखा गया है। फिल्म की शूटिंग जून से शुरू होने वाली है। कृतिका के करियर के अगले बड़े क्रिएटिव कदम के रूप में देखी जा रही यह फिल्म उन्हें एक बिल्कुल नए अंदाज में प्रस्तुत करेगी और परफॉर्मेंस-ड्रिवन प्रोजेक्ट्स चुनने की उनकी पहचान को और मजबूत करेगी।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108